e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 43

मंगलवार

13.02.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

अगर आपको कोई सफलता पाने से रोक सकता है, तो वह आप खुद हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से दो मार्च तक, 27 को पेश होगा बजट

**रांची** : झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा जो दो मार्च तक चलेगा। बजट सत्र आहूत करने के प्रस्ताव को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की ओर से मंजूरी मिल गई है। चम्पाई सोरेन की सरकार 27 फरवरी को 2024-25 का बजट पेश करेगी। पंचम विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों को सदन के पटल पर रखा जायेगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी का भी उपस्थापन होगा। 24-25 फरवरी को कोई बैठक नहीं होगी। 26 फरवरी को प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक पर चर्चा होगी। 27 फरवरी को प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय व्यय का उपस्थापन होगा। 28 फरवरी को प्रश्नकाल और बजट के आय- व्यय पर सामान्य चर्चा होगी।

### महाराष्ट्र : अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी, विधायक पद भी छोड़ा

**मुंबई** : महाराष्ट्र में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा। कांग्रेस के कद्दावर नेता अशोक चव्हाण ने पार्टी को छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने स्पीकर को अपना इस्तीफा भेजा। साथ ही कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी छोड़ने का एलान किया है। ऐसी अटकलें हैं कि वह महाराष्ट्र के सत्तासीन भाजपा-शिवसेना-राकांपा गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले को लिखे एक पत्र में चह्वाण ने कहा कि वह पार्टी छोड़ रहे हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को भी विधायक के रूप में अपना इस्तीफा सौंपा। गौरतलब है कि चह्वाण के कांग्रेस छोड़ने से कुछ दिन पहले महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बाबा सिद्दीकी और मिलिंद देवड़ा ने भी पार्टी छोड़ दी थी।

### पति ने पत्थर से कूच कर पत्नी की कर दी हत्या

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)** : सिमलोंग ओपी क्षेत्र के बड़ा चटकम गांव में रविवार को पति-पत्नी की आपसी विवाद ने पति ने पत्नी की पत्थर से कूच कर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलते ही सिमलोंग ओपी प्रभारी टिंकू रजक घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ भेज दिया। जानकारी के अनुसार ओपी क्षेत्र के बड़ा चटकम गांव निवासी जयचंद पहाड़िया एवं उनकी पत्नी बहती पहाड़िन रविवार को पकड़िया में फुटबॉल मेला देखने गया था। शाम को मेला देखकर वापस लौटने के क्रम में किसी बात को लेकर दोनों में आपस मे विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति जयचंद पहा?िया ने पत्थर से पत्नी के सिर पर वार कर दिया जिससे बहती पहाड़िन 49 की मौत हो गया। पत्नी की मौत के बाद पति घर से फरार हो गया। ग्रामीणों द्वारा सोमवार सुबह घटना की सूचना पुलिस को दिया। ओपी प्रभारी ने बताया ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पति-पत्नी की आपसी में हत्या हुआ है। हत्यारा पति घटना को अंजाम देकर फरार हो गया है।

### खुदरा महंगाई दर में आई कमी

**नई दिल्ली** : खुदरा महंगाई दर जनवरी 2024 में कम होकर 5.1त्न पर पहुंच गई है। यह पिछले तीन महीने में सबसे न्यूनतम स्तर है। दिसंबर महीने में खुदरा महंगाई दर 5.69त्न था। खुदरा महंगाई आधारित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक दिसंबर 2023 में 5.69त्न पर था। जनवरी 2023 में यह आंकड़ा 6.52त्न पर था। अगस्त 2023 में खुदरा महंगाई दर 6.83त्न के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2024 में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 8.3त्न पर रही उसे उससे पिछले महीने 9.53त्न पर थी। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा महंगाई दर चार प्रतिशत पर (दोनों ओर दो प्रतिशत की मार्जिन के साथ) रखने का लक्ष्य दिया है।

### कार में सवार 5 लोग जिंदा जले

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में माइल स्टोन-117 के पास सोमवार को यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक स्लीपर बस डिवाइडर से टकरा गई। पीछे से आ रही कार भी बस से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों ही वाहनों में आग लग गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक आग की चपेट में आकर कार में सवार पांच लोग जिंदा जल गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, यह हादसा महावन थाना क्षेत्र स्थित यमुना एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन-117 के पास का है। बिहार नम्बर की बस डिवाइडर से टकरा गई। इस दौरान पीछे चल रही एक कार बस में जा टकराई और पलक झपकते ही दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसा देख पर यात्री घबरा गये और अपनी जान बचाने के लिए बस से उतरकर सुरक्षित जगह पर भागने लगे। इस बीच घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोग राहत बचाव कार्य में जुट गये। लेकिन इस बीच आग ने दोनों ही वाहनों को अपनी में चपेट में ले लिया और कार में सवार पांच लोग जिंदा जल गये।

### रांची का तापमान

अधिकतम $26^{0}$

न्यूनतम $12^{0}$

---

**झारखंड कैबिनेट में 25 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

# लागू होगा मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : चंपई सोरेन कैबिनेट की दूसरी बैठक सोमवार को हुई, जिसमें कुल 25 प्रस्तावों पर मुहर लगी. कैबिनेट ने झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट के आयोजन से संबंधित नियमावली के गठन की स्वीकृति प्रदान कर दी. इसके तहत झारखंड राज्य के विश्वविद्यालय एंजीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति एवं एचडी में प्रवेश हेतु झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी जेट के आयोजन से संबंधित नियमावली के गठन की स्वीकृति प्रदान की गई. कैबिनेट में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने कहा कि मंत्री परिषद के द्वारा राज्य के शिक्षा निदेशालय राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय एवं राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में शिक्षक एवं अन्य पदों पर नियुक्ति हेतु भारतीय एवं सेवा शर्तों के लिए झारखंड तकनीकी शिक्षा सेवा नियमावली 2023 के गठन की स्वीकृति प्रदान की है. इसके अलावे मंत्री परिषद ने राज्य के छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के उद्देश्य से मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना लागू करने की स्वीकृति प्रदान की है. मंत्रिपरिषद ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पांचवें राज्य वित्त आयोग के गठन की स्वीकृति प्रदान की है. इस आयोग के अध्यक्ष एपी सिंह होंगे जबकि सदस्य के रुप में हरिश्वर दयाल सहित अन्य होंगे. मंत्रिपरिषद ने झारखंड राज्य विधि आयोग के कार्यकाल को 13 नवंबर 2025 तक के लिए बढ़ा दिया है. कल्याण विभाग के छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए राज सरकार ने छात्रावास पोषण योजना 2024 के गठन की स्वीकृति दी है. इसके तहत एनजीओ के माध्यम से छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है.

कृषि विभाग के एक प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान करते हुए कैबिनेट ने कृषि ऋृण पर ब्याज अनुदान की छूट की राशि तीन प्रतिशत से बढ़कर 4त्न कर दी है तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कुल 25 की योजना की स्वीकृति प्रदान की है.

---

**महिला महासम्मेलन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सीएम**

# राज्य के विकास में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान : चम्पाई

**मुख्यमंत्री ने 55 हजार महिला सखी मंडलों के बीच आजीविका हेतु 825 करोड़ रुपए की सहायता और क्रेडिट सपोर्ट का वितरण किया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में महिला निर्भर नहीं बल्कि हर मामले में आत्मनिर्भर और स्वतंत्र हैं। अब महिलाएं पुरुषों के बराबर सब कुछ करने में सक्षम हैं। झारखंड की हमारी परिश्रमी बहनें और बेटियां राज्य की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ देश के आर्थिक विकास में अहम योगदान दे रहे हैं। मैं इस मंच से यहां उपस्थित सभी महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों से अपील करना चाहता हूं कि आप अपनी प्रतिभा पहचाने और विश्वास के साथ आगे बढ़ें। हर कदम हर स्थिति में यह सरकार आपके साथ सदैव खड़ी रहेगी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार जिस तरह आप दीदियों के साथ खड़ी थी, उसी तरह हम भी आपके हर दुःख और सुख में साथ रहेंगे। आपके राज्य सरकार की ओर से किसी भी प्रकार से कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने मोरहाबादी मैदान में आयोजित सखी मंडल की महिलाओं का राज्यस्तरीय एक्सपोज़र एवं क्षमता संवर्धन शिविर-सह-महिला महासम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

**55 हजार महिला सखी मंडलों के बीच बंटे 825 करोड़ रुपए**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के द्वारा कार्यक्रम में 55 हजार महिला सखी मंडलों के बीच 825 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई।




| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| * पीएम आवास योजना से वंचित परिवारों को देंगे अबुआ आवास योजना का लाभ | * अब 125 यूनिट मुफ्त बिजली देगी राज्य सरकार | * पिछले 4 वर्षों में 21 लाख किसानों को मिला केसीसी | * अध्यनरत छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति राशि में 3 गुना तक की गई वृद्धि | * समाज को बेहतर दिशा देने में लगी है एसएचजी ग्रुप की बहन-बेटियां |

**33 हजार से ज्यादा महिलाओं को मिला फूलों झानों आशीर्वाद योजना का लाभ:** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि ऐसे तो पिछले 4 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले महिला पुरुषों के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई गई हैं। फूलों झानों आशीर्वाद योजना भी एक महत्वपूर्ण योजना बनकर उभरी है। इस योजना के माध्यम से हड़िया-दारु के व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार से जोड़ा जा रहा है। चिन्हित महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार के लिए 50 हजार रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋृण दिया जा रहा है। राज्य में अब तक 33000 से ज्यादा महिलाओं ने इस योजना का लाभ उठाया और सम्मानजनक जीवन की शुरुआत की है।

**समाज को बेहतर दिशा देने में लगी है हमारी एसएचजी ग्रुप की बहन-बेटियां:** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि घर-परिवार के साथ-साथ समाज और राज्य को सही दिशा देने में हमारे एसएचजी ग्रुप की बहन-बेटियां निरंतर बेहतर कार्य कर रही हैं। आज के इस महिला महासम्मेलन में राज्य के लगभग 30 हजार सखी मंडल की महिलाएं भाग ले रही हैं। इसी तरह अन्य चारों प्रमंडल में भी राज्य की लगभग 45 हजार सखी मंडल की बहन-बेटियां इस कार्यक्रम से जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा समाज महिलाओं के योगदान को महत्वपूर्ण स्थान देता है। महिलाओं के सम्मान और समाज में समानता के लिए यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें यह समझने की जरूरत है कि महिलाएं हमारे समाज की आधारशिला होती हैं और उनके योगदान के बिना हमारा समाज अधूरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 4 वर्षों में पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लगातार सखी मंडल के माध्यम से राज्य में विकास से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतरा जा रहा है।

**पीएम आवास योजना से वंचित परिवारों को देंगे अबुआ आवास योजना का लाभ**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के सोच को हम हर हाल में आगे बढ़ाएंगे। पीएम आवास योजना से वंचित हमारे गरीब जरूरतमंद परिवारों तक हम अबुआ आवास योजना का लाभ पहुंचाएंगे। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान के तहत अबुआ आवास योजना के लिए 30 लाख से ज्यादा आवेदन मिले हैं। हमारी सरकार 20 लाख पात्र परिवारों को अबुआ आवास देने का कार्य करेगी। जो लोग घास फूस और खपड़े, मिट्टी के कच्चे मकान में रहते हैं उनकी पीड़ा को हमारी सरकार अच्छी तरीके से समझता है। हम ऐसे परिवारों तक हर हाल में तीन कमरों वाला पक्का मकान उपलब्ध कराएंगे ताकि वे सम्मानजनक तरीके से जीवन-यापन कर सकें।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण एवं राज्यभर से पहुंचे महिला सखी मंडल की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

# पीएम ने एक लाख से अधिक नियुक्ति पत्रों का किया वितरण



**पूर्ण गति के साथ जारी है युवाओं को नौकरी देने का अभियान मोदी**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : पीएम नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 1 लाख से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। उन्होंने नई दिल्ली में एकीकृत परिसर कर्मयोगी भवन के पहले चरण की आधारशिला भी रखी। यह परिसर मिशन कर्मयोगी के विभिन्न स्तंभों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 1 लाख से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। प्रधानमंत्री ने नवनियुक्तों और उनके परिवारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार में युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने का अभियान पूर्ण गति के साथ जारी है। नौकरी अधिसूचना और नियुक्ति पत्र सौंपने के बीच लगने वाले लंबे समय के कारण बढ़ने वाली रिश्वतखोरी का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने निर्धारित समय के तहत भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बना दिया है। उन्होंने कहा कि इससे प्रत्येक युवा को अपनी क्षमताएं प्रदर्शित करने के समान अवसर प्राप्त हुए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हर युवा का मानना है कि वे कड़ी मेहनत और कौशल के साथ अपने रोजगार की स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को राष्ट्र के विकास में सहभागी बनाने का निरंतर रूप से प्रयास कर रही है।

---

# नीतीश सरकार ने हासिल किया विश्वास मत

**आरजेडी के तीन विधायकों ने की क्रॉस वोटिंग**



**एजेंसी**

**पटना** : बिहार में नीतीश कुमार सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया है. नीतीश सरकार के पक्ष में 129 वोट पड़े. आरजेडी के तीन विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की. वहीं कांग्रेस, लेफ्ट और आरजेडी के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया. बिहार में सत्ता खो चुके राष्ट्रीय जनता दल को सोमवार को उस समय झटका लगा जब उसके तीन सदस्य बिहार विधानसभा में सत्ता पक्ष के विधायकों के पास जाकर बैठ गए. राजद नेता तेजस्वी यादव ने विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले पार्टी विधायकों चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव के सत्तारूढ़ राजग के सदस्यों के बीच बैठने पर आपत्ति जताते हुए व्यवस्था का प्रश्न उठाया. हालांकि, आसन पर मौजूद उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने व्यवस्था के प्रश्न पर कोई फैसला नहीं दिया. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य विधानसभा के समक्ष पेश किया गया विश्वासमत प्रस्ताव जीत लिया और विपक्ष के बहिर्गमन के बीच उनके नेतृत्व वाली राजग सरकार के पक्ष में 129 वोट पड़े. सीएम नीतीश कुमार ने कहा, अब हम अपनी पुरानी जगह आ गए हैं.अब चिंता मत कीजिए, अबकी बार सब दिन के लिए आए हैं.हम किसी का नुकसान नहीं करेंगे.आप सबके हित के लिए काम करेंगे.आप जिस कम्यूनिटी की बात करते हैं उनके लिए भी काम करते हैं करते रहेंगे.

---

# जयंत चौधरी ने एनडीए में शामिल होने का किया एलान

**रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह के एनडीए में शामिल होने से पश्चिमी यूपी के चुनावी समीकरण भी अब बदल जाएंगे।**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने आखिरकार सोमवार को एनडीए में शामिल होने का एलान कर दिया। अब चौधरी जयंत के एनडीए में जाने से वेस्ट यूपी में चुनावी समीकरण भी पूरी तरह बदल जाएंगे। हालांकि, जयंत का एनडीए में शामिल होना कई दिनों से तय माना रहा था लेकिन, आधिकारिक पुष्टि का इंतजार था। रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह के एनडीए में शामिल होने से पश्चिमी यूपी के चुनावी समीकरण भी अब बदल जाएंगे। अब आगामी लोकसभा चुनाव में जाट वोट बैंक भी भाजपा की तरफ आता दिखाई देगा। अब इसके दो बड़े कारण हो गए हैं। पहले भाजपा सरकार ने किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा कर दी और अब रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह ने भी एनडीए में शामिल होने का एलान आधिकारिक तौर पर कर दिया है। केंद्र सरकार ने दो दिन पहले ही पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने का एलान किया था। साथ ही वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भी भारत रत्न देने का एलान किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर इसका एलान किया था। रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि दिल जीत लिया है।

---

# ईडी ने हेमंत सोरेन को फिर लिया रिमांड पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने पीएमएलए की विशेष अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड की मांग की. लेकिन स्पेशल कोर्ट ने तीन दिन के रिमांड की स्वीकृति दी. पिछले दस दिनों से ईडी की टीम हेमंत सोरेन से पूछताछ कर रही है. गिरफ्तारी के बाद पहली बार ईडी को पांच दिन का रिमांड मिला था. दूसरी बार भी पांच दिन का रिमांड मिला था. सोमवार को तीन दिन का रिमांड मिला है. नियम के हिसाब से ज्यादा से ज्यादा 14 दिन तक रिमांड पर पूछताछ हो सकती है. लैंड स्कैम मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के रिजनल दफ्तर में ही पूछताछ हो रही है. हेमंत सोरेन के रहने की पूरी व्यवस्था ईडी ऑफिस में ही की गई है. ईडी की टीम हेमंत सोरेन को लेकर पीएमएलए कोर्ट पहुंची तो वे सफेद कुर्ता और कंधे पर पारंपरिक गमछा रखे नजर आए. हेमंत सोरेन ने कोर्ट परिसर में मौजूद समर्थकों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया.



**हेमंत सोरेन की याचिका पर हाई कोर्ट में 27 फरवरी को होगी सुनवाई**

ईडी की कार्रवाई के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की संशोधित याचिका को हाईकोर्ट ने स्वीकृत कर लिया है. अब इस पर रिट पिटिशन के रुप में सुनवाई होगी. मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी. जस्टिस चंद्रशेखर की खंडपीठ में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा. ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस.वी.राजू और अधिवक्ता अमित दास ने दलील पेश की. सुनवाई के बाद कोर्ट ने हेमंत सोरेन की ओर से दायर संशोधित पिटिशन पर जवाब दाखिल करने के लिए ईडी को दो हफ्ते का समय दिया है. मामले में अगली सुनवाई 27 फरवरी को की जाएगी.

---

# अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान सपरिवार रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे



**एजेंसी**

**अयोध्या** : दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अपने परिवार और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार को श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में प्रभु रामलला के दर्शन करने के लिए महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पहुंचे। वहां पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह की अगुवाई में ढोल-नगाड़ों के बीच दोनों मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। यहां से सभी लोग श्री राम जन्मभूमि में दर्शन के लिए अयोध्या धाम निकले। उल्लेखनीय हैं कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को 22 जनवरी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया गया था, लेकिन उन्होंने कहा था कि वह बाद में अपने माता-पिता, पत्नी और बच्चों के साथ मंदिर जाना चाहते हैं।

# महिला महासम्मेलन को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने किया संबोधित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सखी मंडल की महिलाओं का प्रमंडलीय एक्सपोजर व क्षमता संवर्धन शिविर-सह-महिला महासम्मेलन का आयोजन आज शिवाजी मैदान में किया गया। इस आयोजन में पलामू प्रमंडल के तीनों जिले यथा पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिले के सखी मंडल से जुड़ी करीब दस हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं मंत्री आलमगीर आलम सहित राज्यस्तरीय अन्य वरीय पदाधिकारी रांची में आयोजित राज्यस्तरीय महिला महासम्मेलन से ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर महिलाओं को संबोधित किया। साथ ही प्रमंडल स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों ने सखी मंडल की महिलाओं की आर्थिक समृद्धि, उत्थान, उनके बदलाव एवं राज्य के विकास में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।



**सखी मंडल से महिलाओं में हो रहा बौद्धिक, आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन : लातेहार विधायक**

लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि देश की आधी आबादी आगे आ रहीं हैं। सखी में से जुड़कर महिलाएं सबल बन रही हैं। महिलाओं में बौद्धिक, आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन हुआ है। आत्मसम्मान में जागृति आई है। कल तक गृहिणी बनकर चौखट के अंदर तक रहने वाली महिलाओं में आज आत्मविश्वास बढ़ा है। उनका सामाजिक पहचान बनी है। महिलाएं स्वयं पर भरोसा करें। अपने आप को आगे लाकर समाज का उत्थान करें और अपने अंदर की क्षमता को और विकसित करें। उन्होंने कहा कि इच्छाशक्ति को बढ़ायें और अधिक-से-अधिक महिलाओं को सखी मंडल से जोड़कर मजबूती प्रदान करें। उन्होंने पूरे नारी समाज को सबल बनाने की दिशा मिलकर कार्य करने की अपील की।

**सखी मंडल से जुड़कर मजबूत हो रही हैं महिलाएं : मनिका विधायक**

मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि सखी मंडल से जुड़कर महिलाएं मजबूत हो रही हैं। सरकार महिलाओं के लिए नई-नई योजनाएं लाकर उन्हें मजबूत करने का कार्य किया है। सखी मंडल से आज हजारों महिलाएं जुड़कर आत्मसम्मान की जीवन जी रही हैं। सखी मंडल की दीदियां विभिन्न उत्पादों का निर्माण भी कर रही हैं। इन उत्पादों को सरकार के स्तर से बाजार भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

**सखी मंडल की दीदियों के संवर्धन, आर्थिक मजबूती के लिए बनेगा हॉल : विधायक**

पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि सखी मंडल से जुड़ने से महिलाओं में जागृति आई है। समूह से जुड़ने से महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ा है। उन्होंने सखी मंडल की दीदियों के संवर्धन, आर्थिक मजबूती के लिए पांकी विधानसभा क्षेत्र में क्लस्टर स्तर पर हॉल बनाने की घोषणा की, ताकि दीदियों को बैठक करने में सहुलियत हो। साथ ही पांकी विधानसभा क्षेत्र के समूह की करीब पांच हजार से अधिक दीदियों को बैठने हेतु दरी एवं बक्शा उपलब्ध कराने की बातें कही।

**लखपति गांव बनाने की दिशा में हो रहा कार्य : उपायुक्त शशि रंजन**

उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि प्रमंडलीय महासम्मेलन में तीनों जिले यथा पलामू, गढ़वा और लातेहार की 10 हजार से ज्यादा दीदियां भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रमंडल में चार लाख 50 हजार से ज्यादा महिलाएं जुड़ चुकी हैं। सखी मंडल से जुड़कर महिलाएं जागरूक हो चुकी हैं और अपने जीवन में परिवर्तन लाने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में 40441 सखी मंडलों का गठन हुआ है। 39087 सखी मंगल को चक्रीय निधि की राशि एवं 38855 सखी मंडल को सामुदायिक निवेश की राशि दी जा चुकी है। साथ में बैंक क्रेडिट सपोर्ट 36179 सखी मंडलों को दिया जा चुका है। उपायुक्त ने कहा कि फूलों-झानों आशीर्वाद अभियान के तहत सखी मंडल की दीदी सम्मानजनक आजीविका से जुड़ी हैं। कृषि और गैर कृषि आजीविका गतिविधि से 23473 से ज्यादा लखपति दीदी बनकर अपने घर रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अब लखपति दीदी गांव बनाने की दिशा में कार्य हो रहा है। उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाओं की उत्पादों का निर्माण एवं बिक्री की दिशा में हो रहे कार्यों सहित उनके अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम के प्रारंभ में राज्य कार्यक्रम प्रबंधक (नन फॉर्म) नीतीश कुमार सिन्हा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि जेएसएलपीएस के प्रयास से गांवों की तस्वीर बदल रही है। महिलाओं प्रगति की नई इबारत लिख रहीं हैं।

**महिलाओं ने साझा की बदलाव की कहानी**

प्रमंडल स्तरीय महिला महासम्मेलन में कार्यक्रम के दौरान लातेहार की माया देवी ने अपने जीवन में आए बदलाव की कहानी व्यक्त की। इसी तरह पलामू के अंशु कुमारी और गढ़वा के दीप शिखा देवी ने भी बदलाव की कहानी व्यक्त की।

**उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित**

कार्यक्रम में सखी मंडल की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ सखी मंडल के रूप में सीमा सखी मंडल चैनपुर पलामू एवं साकेत सखी मंडल भंडारिया को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ ग्राम संगठन के रूप में हरियाली ग्राम संगठन सतबरवा पलामू एवं पताशा ग्राम संगठन गढ़वा को सम्मानित किया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ संकुल संगठन के रूप में धावाड़ीह संकुल संगठन सतबरवा, पलामू एवं कल्याणपुर संकुल संगठन, गढ़वा को सम्मानित किया गया।

**परिसंपत्तियों का हुआ वितरण**

कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से लाभुकों को डमी चेक प्रदान किया गया। चक्रीय/सामुदायिक निधि से लातेहार के सुनीता देवी, पलामू के लालती देवी और गढ़वा की पूनम देवी को लाभान्वित किया गया। पलामू के रिंकी देवी लातेहार की मीना देवी और गढ़वा की शबाना खातून को बैंक लिंकेज से जोड़ा गया। वहीं फूलों झानो आशीर्वाद अभियान के तहत नीलांबर-पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) की किरण देवी एवं बबली कुमारी को लाभान्वित किया गया।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के छात्रावास उद्घाटन पर लगी रोक, लागू हुआ धारा 144

**अजीत कुमार मेहता के आवेदन पर सदर एसडीओ ने की करवाई**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू के छात्रावास उद्घाटन पर रोक लगाने के लिए मेदनीनगर सदर के अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया गया। मेदिनीनगर शहर थाना की जांच रिपोर्ट पर सदर एसडीओ ने विविध बाद संख्या 29 के तहत 144 लागू कर दिया है। इसमें अजीत कुमार मेहता, मुकेश कुमार मेहता और भोला मेहता को प्रतिवादी बनाया गया है। एसडीओ को दिए आवेदन में दर्शाया गया है कि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू के फर्जी अध्यक्ष बनाकर अजीत कुमार मेहता ने लाखों रुपया समाज के लोगों से उगाही किया है। इस कारण समाज में काफी आक्रोश है। इस आक्रोश को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर सदर को लिखित आवेदन देकर कार्यस्थल पर विवाद को देखते हुए उद्घाटन पर रोक लगाने और धारा 144 लागू करने की मांग सुनील कुमार कुशवाहा द्वारा किया गया। आवेदन पर विचार करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सदर ने तत्काल सदर थाना से कार्यस्थल का जांच रिपोर्ट की मांग की। सदर थाना प्रभारी ने उद्घाटन कार्य स्थल पर खून खराबा और अप्रिय घटना को देखते हुए शहर थाना ने धारा 144 लगाने की अनुशंसा किया। आवेदन में यह दर्शाया गया है कि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू के छात्रावास निर्माण के लिए हुसैनाबाद के वर्तमान विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने वर्ष 2019-20 में 10 लाख रुपया विधायक निधि से स्वीकृत किया और इसी कार्य के लिए वर्ष 2023-24 में डाल्टनगंज के ने वर्तमान विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने छात्रावास निर्माण और रंग रोगन के लिए 3 लाख रुपया स्वीकृत किया। साथ ही छात्रावास निर्माण के लिए लाखों रुपया समाज के लोगों से भी वसूला गया, जो जांच का विषय है। बता दें कि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू द्वारा निर्मित कुशवाहा छात्रावास का उद्घाटन 13 फरवरी को होना था। अब इस पर 144 लग जाने से उद्घाटन कार्यक्रम फेल हो गया है।

# छतरपुर राजेंद्र मैदान में विराट शिव गुरु का आध्यात्मिक आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** शिव भक्तों द्वारा आध्यात्मिक शिव चर्चा को लेकर जपला रोड अरुण आवासीय विद्यालय के बगल में राजेंद्र मैदान में उटवा नाला के समीप विराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया गया। इस इस बिराट शिव महोत्सव में हजारो की संख्या में शिव भक्त महिलाएं पुरुष बच्चे शामिल हुए हैं इस आध्यात्मिक आयोजन में शिव भक्त शिष्य हरिदानंद जी के संदेशों को बताने के लिए शिव शिष्य दीदी बरखा आनंद जी ने भाग लिया और हजारों की संख्या में आए शिव भक्त को संबोधित करते हुए हर हर महादेव के नारे से पूरा मैदान गूंज उठा उन्होंने कहा कि भगवान शिव को अपना गुरु बनाएं और आज प्रत्येक व्यक्ति के मन को आत्मा के तल पर विकसित करने की आवश्यकता है भगवान शिव आदिकाल से आदित्यगुरु एवं जगतगुरु के रूप में प्रतिष्ठित है कोई भी व्यक्ति शिव को सहज से अपना गुरु बना सकते हैं। वही अपना संगीत में प्रवचन से भी भक्तों को लोगों को खूब झुमाया इस आयोजन में काफी संख्या में छतरपुर के विभिन्न गांव से शिव भक्त शामिल हुए।

# कदाचारमुक्त मैट्रिक की परीक्षा हुई संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के राजकीय कृत मध्य विधालय नामुदाग, राजकीय कृत श्री श्याम बिहारी सिंह 10+ 2 हाई स्कूल नामुदाग परीक्षा केंद्र पर सोमवार के माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2024 की सामाजिक विज्ञान पेपर की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हुई। सामाजिक विज्ञान की विषय मे कुल 982 विधार्थी ने परीक्षा मे शामिल हुए जिसमें दोनों परीक्षा केंद्र पर आठ विद्यार्थी ने अनुपस्थित थे। दोनों परीक्षा केंद्रों पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमति शुभम बेला टोपन ने परीक्षा केंद्र कीऔचक निरीक्षण किया है और परीक्षा केंद्र पर तैनात दंडाधिकारी पंकज कुमार और पप्पु कुमार केंदाधीक्षक डा माहिम कुमार शर्मा और अजीत कुमार के शांतिपूर्ण वातावरण और कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के लिए निर्देश दिया और परीक्षा केंद्र के बाहर 100 मीटर की परिधि में परीक्षा अवधि तक 144 धारा लागु रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार के इलेट्रोनिक मोबाइल, कलकुलेटर जैसी अन्य उपकरण पाए जाने पर केंद्रधीक्षक व वीक्षकों पर जैक अधिनियम के तहत कानूनी करवाई किया जायेगा। परीक्षा केंद्र पर मौजूद केंद्राधीक्षक डा माहिम कुमार शर्मा, अजीत कुमार, दंडाधिकारी पंकज कुमार, पप्पु कुमार सहायक अवर निरीक्षक श्री टुनटुन कुमार राय समेत सभी वीक्षक मौजूद थे।



## मुखिया ने की 15 वें वित से पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**केतार,गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड अंतर्गत मुकुन्दपुर पंचायत के बेलाबार गांव में सोमवार को मुखिया मुंगा साह ने पीसीसी सड़क निर्माण विद्वत पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। उक्त पीसीसी सड़क पंद्रहवें वित्त मद्द की राशि 2.50 लाख रुपए की लागत से हकीमुद्दीन अंसारी के घर से अयुब अंसारी के घर तक बनेगा। इस अवसर पर मुखिया मुंगा साह ने कहा की पंचायत क्षेत्र के सभी कच्ची सड़क को धीरे-धीरे पक्कीकरण किया जायेगा। मुखिया ने कहा की हाल ही में विकर्मा लोहार के घर से जमालुद्दीन अंसारी के घर तक मनरेगा योजना से इस सड़क का निर्माण कराया जायेगा। इससे ग्रामीणों को आवागमन में सहुलियत मिलेगी। इस मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम, वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, कसमुद्दीन अंसारी,कुण्डल सिंह, साबित अंसारी, मुजाहिदीन अंसारी, निसार अंसारी, जुबैर अंसारी, फुजैल अंसारी, सकिल अंसारी, ओमनरायण गुप्ता, राकेश कुमार, असलम अंसारी, फरमान अंसारी, इरफान अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## श्रीमद्भागवत कथा का समापन, हवन व महा भंडारा के साथ हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मंगरदह ग्राम में चल रहे पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन, हवन व महा भंडारा के साथ संपन्न हुआ. भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्यामनारायना चार्य स्वामी जी के नेतृत्व में हो रहे कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया. अंतिम दिन स्वामी जी ने धर्म और कर्म पर प्रकाश डालते हुये कहा कि कर्म से बड़ा कोई धर्म नही है। अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना ही सबसे बड़ा धर्म है। कर्म करने वालो के साथ ईश्वर का साथ होता है। इसलिये वह असफल नही होता है. उन्होंने कहा कि निरन्तर अपने कर्म के प्रति सजग रहना चाहिये। स्वामी जी महाराज ने पूरे गाँव के लोगो का आभार व्यक्त करते हुये कहा की आप सभी लोगो ने इस कार्यक्रम को श्रद्धा व सहयोग के साथ सफल बनाकर एकता व भाईचारा का परिचय दिया .उन्होंने कहा कि एक साथ खड़े रहने से कई असम्भव सा कार्य भी सम्भव हो जाता है। यजमान के रूप में सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय, प्रभावती देवी, नागेंद्र नाथ पांडेय, उर्मिला देवी, रविंद्र सिंह, सरस्वती देवी, ब्रह्मा सिंह, मीना देवी थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्येन्द्र कुमार पांडेय, मंटु पांडेय, श्रीकेश सिंह, पिंटू पांडेय, पंकज सिंह, दारा सिंह, राजा सिंह, बबलू पांडेय, राजा पांडेय, मनोज सिंह, चंदन सिंह, रिशु सिंह, राजेश पांडेय, राजनाथ पांडेय, अलख पांडेय, लालमन मेहता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## डॉ. मनोहर लोहिया चेतना मंच के सदस्यों की बैठक पूर्वमंत्री की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** डॉ. मनोहर लोहिया चेतना मंच के सदस्यों की बैठक सोमवार को पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवास पर पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. राममनोहर लोहिया चेतना मंच का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से डॉ राममनोहर लोहिया चेतना मंच का संरक्षक पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी, विजय कुमार सिंह, विश्वनाथ भंडारी व मथुरा पासवान को बनाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से कृष्णा विश्वकर्मा को अध्यक्ष, कमलेश बिहारी को उपाध्यक्ष, सत्येन्द्र कुमार ठाकुर को सचिव, सीताराम जायसवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया जबकि निदेशक मंडल में विजय कुमार केशरी, अश्विनी कुमार, नंदकिशोर प्रसाद, अजय कुमार गुप्ता, बसंत प्रसाद जायसवाल, मो0 नईम खलीफा को तथा सलीम अंसारी, रामकेश्वर प्रसाद, राजेन्द्र सिंह, मुन्ना गुप्ता, हीरा प्रसाद, अनुज कुमार ठाकुर, रामकृपाल पासवान, सुनील प्रसाद, इस्लामुद्दीन खलीफा, रमेश प्रसाद व अरुण कुमार को कार्य कारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नवगठित मंच के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष के नाम से बैंक में संयुक्त खाता खोलने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में डॉ. राममनोहर लोहिया चेतना मंच के सदस्य उपस्थित थे।

## दो दिनों में हटाएं दुकान

# नहीं तो वसूला जाएगा भाड़ा दर्ज होगा मुकदमा : सीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** पाटन मोड़ पर स्थित प्रदीप चंद्रवंशी, मंटू ठाकुर सहित अन्य दुकानदारों को दो दिनों में अपना दुकान, ईट छप्पर हटाने का आदेश अंचल अधिकारी ने जारी किया है। अपने आदेश में बताया है की सभी दुकान झारखंड सरकार सड़क व एनएच के जमीन में बना है। ऐसे में अगर लाभुक द्वारा दो दिनों में दुकान अधिसंरचना नही हटाया तो प्रशासन हटाएगी। हटाने का भाड़ा दुकानदारों से वसूला जाएगा एवं न्यायसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज होगा। क्या कहते है दुकानदार इधर दुकानदारों का कहना है की वे लोग गरीब भूमिहीन हैं. मेहनत के कमाई से वे लोग 40-50 साल पहले से दुकान बनाकर जीवन यापन कर रहे थे। जब वे लोग दुकान बना रहे थे तो प्रशासन ने नही रोका। लेकिन आज बिना लागत राशि दिए ही प्रशासन द्वारा जबरन हटाने का प्रयास किया जा रहा है. दुकानदारों ने समाचार पत्रों के माध्यम जिला उपायुक्त से मांग किया है की लागत राशि का भुगतान कराया जाय।

## ललन सिंह को दी श्रद्धांजलि



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षत्रिय जागृति मंच के कार्यालय परिसर में प्रबुद्ध समाजसेवी सह भाजपा के लोकप्रिय नेता ललन सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि व्यक्त किया गया।मौके पर मंच के कार्यकारी अध्यक्ष सीताराम सिंह ने कहा कि ललन बाबू का संपूर्ण जीवन हमेशा गरीब गुरबों के सुख-दुख के साथी व सामाजिक बिकास के अग्रणी भूमिका में रहा।उनका जीवन काल हम सबों के लिए अविस्मरणीय है। शोक सभा मे मंच के रंजीत कुमार सिंह, श्री राम सिंह, रामजी सिंह, बालकेश सिंह, मुकेश कुमार सिंह, दूधेश्वर सिंह, मंगल प्रसाद सिंह, राम प्रवेश सिंह, गुडू सिंह, प्रदीप सिंह समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने किया दीवार लेखन

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र पंचायत करसो ग्राम पचलेवा के बूथ नंबर 9 पर गांव चले अभियान एवं दीवार लेखन का कार्यक्रम करते प्रवासी प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय संयोजक सतीश प्रसाद राम प्रवेश साव रामजी यादव लाला पासवान लाल बाबू पासवान काशीनाथ यादव राधेश्याम यादव संजू देवी कबूतरी देवी शिवकुमार यादव विकास संतोष एवं सम्मानित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक ही सोच है अंतिम व्यक्ति तक विकास का किरण पहुंचे एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शुद्ध वर्ती क्षेत्र में जाकर देश के प्रधानमंत्री जी के किए हो कार्यो को बताना है तथा 2024 में 405 जो लक्ष्य उसे कार्यकर्ताओं के सहयोग से देश की जनता के सहयोग से पूरा करना है। इसी के तहत गांव चले अभियान कार्यक्रम किया जा रहा है मोदी जी का जो सपना है 2047 तक विकसित भारत बनाने का वह सपना हम सबको मिलकर हर हाल में पूरा करना है।

## सरस्वती पूजा मनाने को लेकर शांति समिति बैठक का हुआ आयोजन

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमें बैठक में आए हुए शांति समिति के सदस्यों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में सरस्वती पूजा मनाने के बारे में जानकारी दी गई। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने सभी से अपील करते हुए कहा कि शांति व सौहार्द के साथ सरस्वती पूजा मनाने का प्रयास करेंगे और बाजा का आवाज को धीमी रखने का कोसीस करेंगे जिसे किसी को आपत्ति न हो साथ ही कहा की सरस्वती पूजा विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का पर्व है। जिसे सभी लोग बच्चे बच्चियों के प्रति ध्यान देने की आवश्यकता है। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि पूजा के उपरान्त विसर्जन के समय भड़काऊ और अश्लील गाना का प्रयोग नही करेंगे या किसी भी माध्यम से आपत्तिजनक पोस्ट नही करेंगे अगर ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर कोई भी व्यक्ति हो किसी भी जाति समुदाय का हो उसे नियम संगत कानूनी करवाई किया जायेगा।

# ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी पहुंची इंद्रावती के घर तत्काल अपने निजी खर्चे से उपलब्ध कराई खाद्य सामग्री

**खबर का असर**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रभातमंत्र के 10 फरवरी 24 के अंक में प्रकाशित खबर *सरकारी सुविधा से कोसों दूर है इंद्रावती देवी, न रहने को घर है, न खाने को अन्न की खबर को प्रकाशित होने के बाद तत्काल संज्ञान लेकर विशुनपुरा प्रखंड के प्रखंड प्रमुख दीपा कुमारी पीड़िता इंद्रावती देवी के घर जयजा लेने पहुंची। उन्होंने देखा की इंद्रावती देवी का माली हालत बहुत ही दयनीय है। इंद्रावती देवी के मानसिक रूप से विकृत पति से मिली। वही छोटे- छोटे मासूम बच्चो के साथ अपना मिट्टी का घर गिर जाने के कारण दूसरे के घर में रहने वाली इंद्रावती देवी के उदास चेहरे जैसे मानो युवा अवस्था में ही बुढ़ापा आ गई हो। उसे देख प्रमुख भावुक हो गई। उन्होंने निजी स्तर से तत्काल खाद्य सामग्री उसे उपलब्ध कराया। वही सभी के आधारकार्ड लेकर प्रखंड कार्यालय स्थित अपने चैंबर में बुलाई और ग्रीन कार्ड बनवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बच्चो को रोज स्कूल भेजने का सलाह दिया। वही अबुआ आवास के लिए पहले चरण में नाम न होने पर चिंता जताई और बोली की ऐसी कई शिकायत प्रखंड के हर पंचायत से आ रही है। जो परिवार बेघर हैं, जिन्हे पहले चरण में आवास मिलना चाहिए था। उनका पहले चरण में नाम ही नही है। ये दुखद है इस तरह की समस्याएं आवास हेतु प्राथमिकता सूची तैयार करने में पंचायत जनप्रतिनिधियो का उपेक्षा किए जाने के कारण हो रहा है।



# देश के जननायक बनकर उभर रहे हैं राहुल गांधी : प्रभात दुबे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा आगामी 14 फरवरी को पूर्व निर्धारित समय से विश्रामपुर पहुंचेगा.लेकिन यात्रा के रूट को बदल दिया गया है। अब राहुल गांधी बी मोड़ से पड़वा मोड़ होते हुए नावा बाजार जायेंगे। पहले उन्हे विश्रामपुर इटको होते हुए नावा बाजार जाना था.जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे। युवा कांग्रेसी नेता प्रभात दुबे उर्फ बड्डू दुबे के नेतृत्व में रविवार को नए रूट का जायज़ा लिया। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए प्रभात दुबे ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा से राहुल गांधी देश के जननायक बनकर उभर रहे हैं। यात्रा के दौरान उन्हें जनता का अपार समर्थन भी प्राप्त हो रहा है। जिससे भाजपा घबराई हुई है.क्योंकि राहुल गांधी भाजपा को बेरोजगारी और महंगाई पर घेर रहे हैं.श्री दुबे ने दावा किया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हजारों समर्थकों के साथ वे खुद भी शामिल होंगे.विश्रामपुर मे यह यात्रा ऐतिहासिक रहेगा.जिसका फायदा आने वाले लोस और विस चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, मीर खुर्शीद आलम, आरिज आलम, इमदाद अली, सरफराज अनवर, मो.खालिद अंसारी सहित कई कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।



## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से मिले देवेन्द्र नाथ महतो

**रांची ।** सोमवार को जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन के नेतृत्वकर्ता झारखण्ड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन प्रमुख देवेन्द्र नाथ महतो समेत पांच सदस्य टीम झारखंड के महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर सबूत और मांग पत्र सौंपते हुए पेपर लीक का असली मास्टर माइंड को पकड़कर कड़ी कानूनी कारवाई कर झारखंड को भ्रष्टाचार मुक्त करने का किया आग्रह। मौके पर मिडिया को जानकारी देते हुए देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि महामहिम राज्यपाल से मुलाकत कर जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामला का बिंदूवार विस्तारपूर्वक बता दिया गया है, बहुत सारा नया सनसनीखेज सबूत का सीडी, महत्वपूर्ण दस्तावेज, और मांग पत्र सौंप दिया गया है। राज्यपाल से मुलाकात करने में देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में पांच सदस्य टीम योगेश चन्द्र भारती, चंदन कुमार रजक, प्रेम नायक, लक्की रामू राज शामिल थे।

### आजसू ने जेएसएससी परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

**रांची :** जेएसएससी परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने सोमवार के राज्य के सभी विश्वविद्यालयों, मुख्यालयों और कॉलेज में हस्ताक्षर अभियान चलाया। राज्य स्तरीय इस हस्ताक्षर अभियान में हजारों छात्रों और अभ्यर्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। हस्ताक्षर अभियान को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि राज्य के छात्र -छात्राएं अपने इन सैंकड़ों हस्ताक्षरों के माध्यम से राज्य सरकार की विफलता और इस मामले में उनकी सहभागिता पर अंगुली उठा रहे हैं।

# रांची रेलवे स्टेशन से भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना

**प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने ध्वज दिखाकर किया रवाना**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची लोकसभा क्षेत्र के 1350 रामभक्तों को लेकर आस्था ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना हुई। ये सभी अयोध्या में रामलला के दर्शन करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने सोमवार को भगवा ध्वज दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आप सभी रामभक्त भाग्यशाली है कि चंद घंटों में आप अयोध्या में भव्य एवं दिव्य मंदिर में रामलला का दर्शन करेंगे। राम मंदिर सिर्फ प्रभु राम का मंदिर नहीं, भारत का मंदिर है, राष्ट्र का मंदिर है। उन्होंने कहा कि 1992 में जब मैं गया था

तब वहां प्रभु श्रीराम टेंट में हुआ करते थे। आज वहां भव्य एवं दिव्य मंदिर बनकर तैयार है और भारत की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को दुनिया के पटल में प्रकाशमय कर रहा है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने आप सभी को अपने पास बुलाया है। हमारे पूर्वजों के लंबे संघर्ष के बाद आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर मिला है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रभु श्रीराम 14 वर्षो के यात्रा में अनुशासन के साथ रहे उसी अनुशासन के साथ रामभक्तों को भी अनुशासन का पूर्ण पालन करने को कहा। सभी राम भक्त वहां से पूजा का प्रसाद और स्मृतियों को संजो कर वापस आएंगे और अपने-अपने गांव-मोहल्लों में लोगो के बीच बैठकर प्रसाद वितरण करेंगे। साथ ही उस भव्य मंदिर का चित्रण करेंगे कि पहले रामलला टेंट में थे और अब विशाल मंदिर में विराजमान है।

# एसएसपी चंदन सिन्हा ने अपने कार्यालय की दीवार को पूर्व एसएसपी की तस्वीरों से सजाया

**परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र**



**रांची।** रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने जब रांची जिला का पदभार संभाले हैं तब से अपराध में कंट्रोल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इतना ही नहीं अपराध और विधि व्यवस्था के अलावा भी उन्होंने अपने आवास से लेकर कार्यालय तक की सूरत बदल कर रख दी है। यदि आप दीपावली के पहले वरीय पुलिस अधीक्षक और उनके आवासीय कार्यालय अगर जाते होंगे और अब इधर आज कल जाएंगे तो बहुत कुछ बदला बदला सा नजर आयेगा। साफ सफाई के साथ ही रंग रोगन करके आवास ,परिसर और कार्यलय की सुंदरता को बढ़ा दी गई है। इतना ही नहीं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने अपने पूर्व वरीय पुलिस अधीक्षकों के नाम वाली सूची जो दीवार पर लगी है उस नाम की सूची तो है ही, लेकिन उसके साथ-साथ अब पूर्व वरीय पुलिस अधीक्षकों की तस्वीरों को भी लगा कर सजा दी गई है। ये तमाम पूर्व वरीय पुलिस अधीक्षक जो हैं वरीय पुलिस अधीक्षक पद से लेकर डीआईजी , आइजी, डीजीपी के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं या अभी भी दूसरे ज़िलों या राज्य में पदस्थापित हैं। उन तमाम पुलिस अधिकारियों की तस्वीर देख सकते हैं। आइपीएस अधिकारी जीपी धर, एमके सिन्हा , रामेश्वर उरांव,वी नारायणन, बीएस जयंत, जी पांडेय ,नीरज सिन्हा, एमवी राव, अमिताभ चौधरी,संपत मीणा,प्रवीण सिंह,अनुराग गुप्ता, अनील पालटा,आरके मलिक ,एम एस भाटिया,साकेत सिंह,भीम सेन टूटी, प्रभात कुमार, कुलदीप द्विवेदी, अनीश गुप्ता , सुरेंद्र झा, किशोर कौशल, चंदन सिन्हा शामिल हैं। इन तमाम वरीय पुलिस पदाधिकारियों की तस्वीरें को उनके कार्य अवधि की तिथि के साथ लगाई गई है। जो आकर्षण का केंद्र भी है । जो भी आगंतुक वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा से मिलने कार्यालय पहुंचते हैं इन तत्कालीन वरीय पुलिस अधीक्षकों की तस्वीरें देखकर उन्हें उनके समय की बातें याद ताजा हो जाती है।

## झारखंड के विकास उरांव को मिला अंडर 17 बेस्ट साइकिलिंग प्लेयर का पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं राज्य शिक्षा परियोजना की मेजबानी में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2023-24 अंतर्गत अंडर-14/17/19 बालक बालिका वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। अंडर-19 बालिका वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में कर्नाटक की छाया नागनाथ को स्वर्ण पदक, झारखंड की संतोषी उरांव को रजत पदक और तमिलनाडु की जे निरायिमथी को कांस्य पदक मिला। अंडर-19 बालक वर्ग साइकिलिंग में कर्नाटक के धनञ्जय एस तिपन्नावर को स्वर्ण पदक, राजस्थान के लक्ष्मण डूडी को रजत और गुजरात के सेलर अरिक को कांस्य पदक मिला। अंडर-17 बालिका वर्ग साइकिलिंग में असावरी राजमनी को स्वर्ण पदक, तमिलनाडु की एस तबिथा को रजत पदक और तेलंगाना की बरेला वर्षा रेड्डी को कांस्य पदक मिला। अंडर-17 बालक वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में राजस्थान के महादेव सरन को स्वर्ण पदक, राजस्थान के ही महावीर सरन को रजत पदक और महाराष्ट्र के हर्ष दोम्ब्ले को कांस्य पदक मिला। अंडर-14 बालक वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में मणिपुर के युमनम देवजीत सिंह को स्वर्ण पदक, राजस्थान के आलोक बिश्नोई को रजत पदक और सीबीएससी डब्ल्यू एस के जुआन जॉय को कांस्य पदक मिला है।

# मुख्यमंत्री को शिव बारात में सम्मिलित होने हेतु किया आमंत्रित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मोरहाबादी स्थित मुख्यमंत्री आवास में शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा आगामी 8 मार्च 2024 को महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले श्री शिव बारात में सम्मिलित होने हेतु मुख्यमंत्री को सादर आमंत्रित किया गया। मौके पर मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने महासमिति के सदस्यों से महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले श्री शिव बारात के आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी ली।मौके पर प्रतिनिधिमंडल में महासमिति के अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष दीपक नंदा, सचिव राज तनेजा, बारात प्रभारी मेहुल प्रसाद, प्रवक्ता बादल सिंह, वरीय उपाध्यक्ष उर्मिला चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी सुश्री अंशु तिवारी, सह सचिव दिलीप वर्मा, सदस्य श्रीमती स्वपना चटर्जी, झांकी कलाकार श्री राम सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पूर्व कुलपति रमेश व कामिनी कुमार के कार्यकाल की जांच को लेकर राज्यपाल से की शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** रांची विवि के पूर्व कुलपति डॉ रमेश पांडेय एवं पूर्व कुलपति डॉ कामिनी कुमार के कार्यकाल की जांच को लेकर सोमवार को राज्यपाल से शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता डॉ मुजफ्फर हुसैन ने लिखित आवेदन देते हुए इन दोनों कुलपतियों के कार्यकाल में हुई अतिथि शिक्षक नियुक्ति को रद्द कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। डॉ हुसैन ने कहा है कि इन द्वय कुलपतियों ने अपने कार्यकाल में अतिथि शिक्षक नियुक्ति घोटाले को अंजाम दिया है। बिना नियुक्ति नियमावली, बिना विज्ञापन और बिना सरकार के दिशा निर्देश के दोनों कुलपतियों ने निजी लाभ के लिए सैकड़ों अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए अतिथि शिक्षकों की अवैध नियुक्ति की है, जिससे बिना योग्यताधारी भी अतिथि शिक्षक बन गए और शिक्षा का स्तर गिरता चला जा रहा है। विधिवत नियुक्ति नहीं होने से सैकड़ों योग्य अभ्यर्थी नियुक्ति से वंचित रह गए। डॉ हुसैन ने राज्यपाल से मांग करते हुए अपील की है कि द्वय कुलपतियों के कार्यकाल में हुए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति रद्द की जाए और दोषियों पर विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की जाये।

## राजभवन उद्यान की खूबसूरती का दो लाख से ज्यादा लोगों ने किया दीदार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची:** राजभवन उद्यान का सातवें दिन सोमवार को 39981 लोगों ने भ्रमण किया। पहले दिन 3469, दूसरे दिन 9344, तीसरे दिन 15524, चौथे दिन41924, पांचवें दिन 55536, छठे दिन 104722 और सातवें दिन 39981 कुल दो लाख 70 हजार 500 लोगों ने सात दिनों में राजभवन का दीदार किया। इस दौरान लोग फूलों और झरने के साथ सेल्फी लेते नजर आये। राजभवन में 400 किस्म के लगभग 17 हजार गुलाब के अलावा अन्य फूल लगे है।

साथ ही उद्यान परिसर में बच्चों ने चिल्ड्रेन पार्क में बने झुले का आंनद लिया। इसके अलावा म्यूजिकल फाउंटेन का भी लुत्फ उठाया। इससे पूर्व सड़क पर राजभवन के अंदर प्रवेश करने के लिए लंबी लाइन लगी रही।

सभी को जांच करने के बाद अंदर जाने दिया गया। उल्लेखनीय है कि राजभवन आम नागरिकों के भ्रमण के लिए छह फरवरी से 12 फरवरी तक खोला गया है। उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक है। उद्यान में प्रवेश राज भवन के गेट न. 2 से जांच के बाद एक बजे अपराह्न तक दिया जायेगा।

## रांची की योग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना को उत्तराखंड में योगिनी पुरस्कार से हुई सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** परमार्थ निकेतन ऋषिकेश, उत्तराखंड और एडु गर्ल लाइफ के संयुक्त तत्वाधान में तीसरी अंतरराष्ट्रीय योगिनी अवार्ड समारोह एवं सेमिनार में रांची की योग विशेषज्ञा डॉक्टर अर्चना कुमारी को योगिनी अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हे कैवल्यधाम, लोनावला के सीईओ और भारतीय योग संघ के सचिव डॉ. सुबोध तिवारी के हाथो उक्त समारोह मे दिया गया। डॉ अर्चना कुमारी झारखण्ड की एकमात्र ऐसी उम्मीदवार थी, जिन्हे इस अवार्ड से नवाजा गया। योगिनी अवार्ड योग के क्षेत्र में महिलाओं को मिलने वाला प्रतिष्ठित सम्मान है, जिसे देश और विदेश में योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को दिया जाता है। इस अवसर पर परमार्थ निकेतन के संस्थापक स्वामी चिदानंद सरस्वती, पूज्य साध्वी भगवती , एडु गर्ल लाइफ के संस्थापक के अलावा उत्तराखंड के कई मंत्री एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। ज्ञात हो कि डॉ अर्चना कुमारी रांची के अरगोड़ा निवासी ललन प्रसाद की सुपुत्री है। डॉ अर्चना कुमारी को योगिनी अवार्ड मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी के अलावा चंचल भट्टाचार्य, जगदीश सिंह जग्गू, डॉक्टर राजेश गुप्ता और शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी और अच्छे भविष्य की कामना की।

# सनातन विद्या निकेतन में स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सनातन विद्या निकेतन,कांके जमुआरी में स्कूल प्रबंधन एवं बुद्धिस्ट मिशन के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सक ने छात्र-छात्राएं, अभिभावकों और विद्यालय के सदस्यों के अनेकों बीमारियों के बारे में जानकारी दी तथा उनके उपचार भी बताएं। बता दें कि जांच शिविर में डेंटल सर्जन डॉ संजय कुमार दुबे, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ प्रीति बाला सहाय, जनरल फिजिशियन डॉ वसुधा तिवारी, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शैलेंद्र मोहन शुक्ला के सहयोग से परीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिए गए। चिकित्सकों ने कहा कि बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। खास कर जब मौसम में बदलाव होता है तो उसे वक्त विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। मौके पर स्कूल की उप-प्राचार्य प्रज्ञा शुक्ला ने कहा कि विद्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रिम्स के गायनी विभाग की रीटायर्ड एचओडी डॉ प्रीति बाला सहाय समेत विभिन्न विभागों के चिकित्सक शामिल हुए। मौके पर स्वपना पांडे, प्रज्ञा अवस्थी और स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए।

## हाई कोर्ट के अधिवक्ता को अपराधियों ने मारी गोली, भर्ती

**रांची :** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के चूना भट्ठा स्थित संस्कृत विद्यालय वाली गली में झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता रवि शंकर मिश्रा को अपराधियों ने रविवार देर रात गोली मार दी। घटना में अधिवक्ता रवि शंकर मिश्रा को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिवक्ता रवि शंकर मिश्रा अपने क्लाइंट से मिलने के लिए गये थे। क्लाइंट से मिलने के बाद रविवार देर रात वह सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित अपने घर के लिए निकले थे। इसी दौरान कुछ अपराधियों ने उन पर गोली चला दी अधिवक्ता रविशंकर मिश्रा को कमर के नीचे गोली लगी और वो जमीन पर गिर पड़े।

# देवी सरस्वती की मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे शिल्पकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची:** सरस्वती पूजा 14 फरवरी को है। शहर में मूर्तिकार देवी सरस्वती के विभिन्न रूपों को अंतिम रूप देने में जोर-शोर से जुटे हुए हैं। कोलकाता से आए कारीगर और मूर्तिकारों ने कहा कि मूर्ति बनाने के लिए वे पिछले दो महीने से शहर में हैं और दिन-रात एक कर मूर्तियों को तैयार करने में लगे हैं।प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मूर्तियों की मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद थी लेकिन इस बार परिस्थिति विपरीत है। मांग में वृद्धि की बजाय कमी आयी है। कचहरी रोड स्थित बिहार क्लब में मां सरस्वती की कुल 150 मनमोहक और दिव्य मूर्तियां बनकर तैयार हैं। चार मूर्तिकारों ने 60 दिनों से दिन-रात एक कर सभी मूर्तियां तैयार की है। कोलकाता के मूर्तिकार ने कहा कि तीन फीट से लेकर नौ फीट तक मां सरस्वती की कई आकर्षक मूर्तियां तैयार की गई है। अब तक 80 मूर्तियां बिक चुकी हैं। उम्मीद है बाकी मूर्तियां भी आने वाले दिनों में बिक जाएंगी। भारत माता चौक के समीप मूर्ति बना रहे कोलकाता के आनंद बाजार से आए कलाकार मनोज पाल ने कहा कि बनाई गई कुल 70 मूर्तियों में केवल 35 मूर्तियां ही बिकी हैं। मूर्तियों के मूल्यों की बात करें तो बाजार में ढाई हजार से लेकर 16 हजार तक की मूर्तियां उपलब्ध हैं।

## झारखंड में कांग्रेस सभी लोस क्षेत्रों में चुनाव लड़ने के लिए कमर कसकर तैयार: मीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची :** नवगठित झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की प्रथम बैठक कांग्रेस मुख्यालय रांची में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड की लोकसभा की सभी 14 सीटों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्रत्येक सीट के विभिन्न पहलुओं का सूक्ष्मता पूर्वक विश्लेषण किया गया। इसमें क्षेत्र की भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, जातिगत आंकड़ों की स्थिति को सामने रखकर ठोस निष्कर्ष पर पहुंचने का प्रयास किया गया। इस क्रम में प्रत्येक लोकसभा सीट के तीन-तीन संभावित उम्मीदवारों के नाम को चयनित कर अंतिम निर्णय के लिए आलाकमान के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इस दौरान कांग्रेस झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस सभी लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने के लिए कमर कसकर तैयार हो चुकी है। कार्यकर्ता पूरे उत्साह में है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता से झारखंड में कार्यकर्ताओं के बीच एक नया जोश पैदा हुआ है, जो लोकसभा चुनाव तक केंद्र की जनविरोधी सरकार के खिलाफ जुनून के रूप में बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का यही जोश केंद्र सरकार को सत्ता से बेदखल करेगी। उन्होंने कहा कि हम केंद्र सरकार की हर गतिविधि पर गहरी नजर रख रहे हैं और जनता भी खुली आंखों से मोदी सरकार की ओर से देश में किये जा रहे समाज विरोधी कृत्यों को साफ-साफ देख रही है। देश में बदलाव का दौर आने वाला है और इसके लिए हमें पूरी ताकत से चुनाव में लगना होगा। हमारी मेहनत और जनता का साथ देश को बदलाव के नए दौर में ले जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनाव समिति के सभी सदस्यों ने प्रत्येक सीट पर अपनी राय जाहिर की है। चुनाव समिति के सभी सदस्यों की राय से लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने और गठबंधन तथा उम्मीदवारों के चयन के लिए आला कमान को अधिकृत कर दिया गया है आलाकमान का निर्णय ही अंतिम निर्णय होगा।

# अग्रसेन भवन मे कवि सम्मेलन आयोजन समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** महाराजा अग्रसेन भवन मे कवि सम्मेलन आयोजन समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष अशोक नारसरिया ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की, समिति के सचिव अनिल कुमार अग्रवाल ने समिति के विगत एक वर्षो की संपूर्ण गतिविधियों एवं कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में निर्णय लिया गया कि होली के अवसर पर 23 मार्च को कवि सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा मारवाड़ी भवन हरमू रोड रांची में हास्य व्यंग कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष देश के कई नामी गिरामी सुप्रसिद्ध हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा दिल्ली, अनिल अग्रवंशी, साक्षी तिवारी लखनऊ, राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी, ज्ञानी बैरागी, सहित अन्य कई हास्य कवि भाग लेंगे। जो कि अपने हास्य व्यंग कविताओं से लोगों को खूब हंसते हुए होलियाना अंदाज में भरपूर मनोरंजन करेंगे। बैठक में हास्य व्यंग कवि सम्मेलन को सफल बनाने हेतु सुरेश चंद्र अग्रवाल को कार्यक्रम संयोजक बनाये गये, तथा सहयोगी के रूप में 10 सदस्यों मनोज चौधरी, संजय सर्राफ, मनीष लोधा,सौरभ बजाज, विकास अग्रवाल,सनी टिंबडेवाल, अंकित बजाज, अमित चौधरी, रौनक झुनझुनवाला एवं निर्भय शंकर हरित को विशेष रूप मे शामिल किया गया।

# आईओसीएल परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त,खूंटी के निदेशानुसार आईओसीएल, खूंटी परिसर में भारी मोटर वाहन चालकों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में काफी संख्या में वाहन चालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आईओसीएल खूंटी के महाप्रबंधक पल्लव कुमार ने कहा कि निर्धारित गति सीमा में वाहन का परिचालन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय किसी भी स्थिति में यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाना चाहिए। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर ही अपनी और अन्य की जान बचाई जा सकती है। मौके पर मोटरयान निरीक्षक शाह नवाज द्वारा रोड साइनेज, लाइसेंस, वाहन के महत्वपूर्ण मानकों के विषय में जानकारी देते हुए बताया गया कि वाहन का परिचालन से पूर्व वाहन के सभी तकनिकी एवं सुरक्षात्मक तथ्यों को जाँच कर लेना आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि वाहन चालक द्वारा की गई गलती किसी के लिए जानलेवा भी साबित हो सकता है। उन्होंने चालकों से अपील की कि वाहन चलाते समय वाहन से सम्बंधित अद्यतन कागजातों को साथ में रख लेना चाहिए। साथ ही कभी भी शराब का सेवन कर वाहन ना चलाएं। उन्होंने कहा कि ऐसा कर आप खुद को और अन्य लोगों को सुरक्षित रख सकते हैं । उन्होंने बताया कि ज्वलनशील पदार्थ युक्त टैंकर के परिचालन के दौरान थर्ड पार्टी लीगल लाइबिलिटी ट्रांसिट इंश्योरेंस एवं हेजार्ड लाइसेन्स का होना अनिवार्य है। कार्यक्रम में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक द्वारा सड़क सुरक्षा, ट्रफिक लाईट, ब्लिंकर, रम्बल स्ट्रिप एवं ब्लैक स्पॉट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि कभी भी मौक़ा मिलने पर सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता कर उनकी जान बचाने का प्रयास किया जाना चाहिए।



# मां सरस्वती की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** छोटा मुरी स्थित महावीर मंडल, मुण्डा टोला के द्वारा मार्बल पत्थर से बना मां सरस्वती प्रतिमा को स्थापित को लेकर श्री शंकट मोचन हनुमान मंदिर से सोमवार को कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में काफी महिलाएं एवं पुरुष पिले वस्त्र धारण कर कलश लेकर मुरी स्थित स्वर्ण रेखा नदी पहुंची साथ ही कलश में जल भर जय माता दी के नारे लगाते हुए रेलवे क्लोनी होते हुए मंदिर तक पहुंची। जहां विधिवत गणेश पुजन,पून्याह वाचन, ब्राह्मण वर्ण, कलश स्थापना, नवग्रह पुजन,वास्तु पुजन, जोगिनी पुजन,सोडस मात्रिका पुजन,घृत मात्रिका पुजन किया गया एवं संध्या 7 बजे आरती की गई। मंगलवार को सुबह 9 बजे आवाहित देवी का पुजन, जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास,सेजियाधिवास एवं संध्या 5 बजे आरती की जाएगी।14/02/2024 बुधवार को सुबह 9-30 बजे से 11-30 बजे तक पंचमी तिथि आवाहित देवो की पुजा होगी,साथ ही मां सरस्वती की प्रतिमा को नगर परिभ्रमण कराया जाएगा।



## डीएवी खलारी में स्वामी दयानंद सरस्वती का 200वां जन्मोत्सव मनाया गया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी स्कूल खलारी में महान समाज सुधारक, सत्यार्थ प्रकाश के प्रणेता एवं आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती जी का 200वाँ जन्म उत्सव बड़े ही हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया.इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार ने सभी वरिष्ठ शिक्षकों के साथ संयुक्त रूप से स्वामी दयानंद सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की .इस दौरान सभी छात्रों और शिक्षकों ने पुष्पांजलि देकर स्वामी दयानंद सरस्वती जी के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की . इस मौके पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया तदोपरांत एसीसी कॉलोनी में विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों के द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली गयी .प्रभात फेरी के दौरान सभी बच्चे महर्षि दयानंद अमर रहे, दयानंद सरस्वती जी के जयकारों के साथ गगन भेदी नारे लगा रहे थे.

**12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का हुआ आयोजन :** दयानंद सरस्वती के जन्म उत्सव पर विद्यालय में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया . जिसकी शुरुआत वैदिक हवन यज्ञ से की गयी इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित बच्चों के अभिभावकों को भी हवन में शामिल किया गया .हवन के बाद सभी वरिष्ठ शिक्षकों के द्वारा बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु आशीर्वचन दिवा गया. विद्यार्थियों पर सभी उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और प्राचार्य ने पुष्प बरसाकर अपना आशीर्वाद दिया . साथ में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भेंट स्वरूप कलम दी गयी . उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षकों ने बच्चों को वार्षिक परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन के लिए सभी जरूरी टिप्स दिए . विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा बच्चों के भविष्य के बारे में सजगता और ईमानदारी से उनकी भलायी के बारे में प्रयासरत रहेगा . कहा कि विद्यार्थियों को ऐसे काम करने चाहिएँ जिन पर उनके माता-पिता, विद्यालय एवं समाज गौरवान्वित महसूस करें.

## मांडर प्रखंड सभागार में जन वितरण प्रणाली संघ की हुई बैठक



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड सभागार में डीलर संघ के अध्यक्ष अमिताभ कुमार पाठक कि अध्यक्षता में सोमवार को डीलरों की विशेष बैठक की गई। बैठक में वितरण को सुचारू रूप से शत प्रतिशत करने के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात बतलाई गई। संघ के अध्यक्ष श्री पाठक ने बतलाया कि पूर्व में जिस प्रकार से डीएसडी द्वारा खाद्यान्न की आपूर्ति प्रखंड गोदाम से ही किया जा रहा था परंतु लगभग 50 से 55 की संख्या में प्रखंड के लाइसेंस धारी की खाद्यान्न की आपूर्ति अब अन्य विभिन्न प्रखंड के डीएसडी लाइसेंस धारी द्वारा की जाएगी इन प्रखंडों में चान्हो बेड़ो इटकी रातु एवं बुडमु के प्रखंड सम्मिलित है। इनके डीएसडी संवेदक द्वारा खाद्यान्न की आपूर्ति माह से की जाएगी अपने खाद्यान्न के उठाओ के प्रति सचेत रहते हुए उचित वजन पर खाद्यान्न का आपूर्ति लेना है अगर वजन में किसी भी प्रकार की संदेह या अन्य कोई भी दिक्कत होती हो तो प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी महोदय को इसकी सूचना देकर उनके समक्ष ही खाद्यान्न का उठाव करना होगा जिससे कि वितरण में अनाज की कमी नहीं हो और अगर बदले हुए प्रखंडों से ससमय खाद्यान्न की आपूर्ति नहीं होने पर अपने संबंधित पदाधिकारी को इसके संबंध में समय रहते अवगत कराने पर भी प्रकाश डाला गया। मौके पर मजीबुल रहमान शफीक खान सुनील सिंह मुन्ना साहू प्रकाश खलखो राकेश कुमार एहसान अंसारी मिकाइल अंसारी सुमन देवी विमला देवी अनीता देवी अनीता देवी सफीक खान इमरान अंसारी मोहम्मद जमील भुनेश्वर साहू असलम अंसारी समेत महिला ग्रुप एवं डीलर शामिल हुए।

## प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़ागाई रांची का वार्षिक महोत्सव मनाया गया



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़ागाई, रांची का वार्षिक महोत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री अजय नाथ शाहदेव पूर्व उपमेयर, रांची नगर निगम, उद्घाटन कर्ता प्रोफेसर डॉक्टर फिरोज अहमद, पूर्व कुलपति नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, श्रीं एम के मुरलीधर मुख्य संपादक खबर मंत्र, सफदर इमाम जिला अध्यक्ष झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ श्रीमती हुस्न आरा वार्ड पार्षद वार्ड नंबर 4, अतिथि श्री अरविंद कुमार, संजय प्रसाद, आलोक विपिन टोप्पो, कैलाश कुमार, रणधीर कौशिक, मुकेश कुमार, रशीद अंसारी डॉक्टर सुषमा केरकेट्टा, अमीन अंसारी, अबरार अहमद, मोहम्मद उस्मान, अशफ़ाक आलम आदि मौजूद थे।विद्यालय के निर्देशक और प्राचार्या ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत गान के साथ किया गया। विद्यालय के बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से झारखंडी कला, संस्कृति, ड्रामा एवं अन्य तरह के नृत्य के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि श्री अजय नाथ शाहदेव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़ागाई के बच्चों के द्वारा परफॉर्मेंस देखकर दिल खुश हो गया। यह कार्यक्रम यह दिखाता है कि यहां के शिक्षक एवं शिक्षकाओ ने इन पर बहुत मेहनत की है। यहां के बच्चों का हिन्दी के साथ इंग्लिश का भी फ्लुएंसी बहुत अच्छी है। इस विद्यालय से इसी क्षेत्र के लोग भविष्य में जरूर लाभ लेंगे और राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। वार्ड पार्षद श्रीमती हुस्न आरा ने अपने संबोधन में कहा कि इस विद्यालय के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को देखकर बहुत अच्छा लगा। इस विद्यालय के निर्देशक मोजाहिदुल इस्लाम का हमेशा प्रयास रहता है कि बड़ागाई और उसके आस-पास के क्षेत्र में शिक्षा का प्रचार और प्रचार कैसे हो।

## भाजपाइयों ने गांव चलो अभियान के तहत लोगों को बताई केंद्र की योजनाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा लगातार तैयारी में जुटी हुई है जिले में चुनाव को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं वही भाजपा गांव चलो अभियान चला रही है। इसके तहत सोमवार को अनगड़ा प्रखण्ड क्षेत्र के बूथ नंबर 90 सालहन एवं बूथ नंबर 94 में लोगों को केंद्र सरकार की योजनाएं बताई गई। भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नरेश साहू और बनमाली महतो के नेतृत्व में अनगड़ा प्रखण्ड क्षेत्र के कई गांवों में पहुंचे। क्षेत्र वासियों से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर चर्चा की केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार किया गया 10 साल में केंद्र सरकार की योजनाओं से लोगों को हुए लाभ बताए गए। ओबीसी मोर्चा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नरेश साहू ने बताया कि भाजपा का गांव चलो अभियान जिला के अनगड़ा प्रखंड में सफल रहा। मौके पर मुख्य रूप से अनीता देवी, पूनम देवी, झालो देवी, पार्वती देवी, मंजू देवी, शीला देवी, संतोषी देवी, रेशमी देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, वैष्णो देवी, सुशीला देवी, काजू देवी, राहुल महली, प्रदीप साहू, विजय साहू, श्याम सुंदर महतो, जगमोहन साहू, संजय साहू इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## डीएवी बचरा में ज्ञान ज्योति पर्व के रूप में मनाया गया महर्षि दयानंद का जन्मोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में सोमवार को आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद जी का 200 वां जन्मोत्सव ज्ञान ज्योति पर्व के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर स्कूल प्रांगण मे शोभा यात्रा,हवन एवं दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें स्कूल के सभी बच्चे और शिक्षक शामिल हुए।जानकारी के अनुसार कक्षा छठी और सातवीं के छात्र-छात्राओं और सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई यह शोभा यात्रा क्षेत्र का भ्रमण किया।जिसके बाद स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने महर्षि दयानंद जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने महर्षि दयानंद को आर्य समाज का स्तंभ बताते हुए कहा कि महर्षि दयानंद आर्य समाज के संस्थापक ही नही बल्कि उन्होंने वेद को समस्त ज्ञान एवं धर्म के मूल स्त्रोत और प्रमाण ग्रंथ के रूप में स्थापित किया है।उन्होंने अनेक प्रचलित मिथ्या धारणाओ को तोड़ा और अनुचूति,पुरातन परंपराओं का खंडन किया है।उनके कार्यो को कभी भी बुलाया नहीं जा सकता है।वर्तमान में उनके अधूरे सपनों को साकार करने की जरूरत है। इस मौके पर स्कूल प्रांगण से सुबह 9 बजे शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा कई जगह का भ्रमण किया जिसमें स्कूल के सभी बच्चे और शिक्षक शामिल थे।स्कूल के छात्र हर्ष राज और आयुषी कुमारी के द्वारा स्वामी दयानंद जी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया।वही शाम को स्कूल प्रांगण में रंगोली और दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वही हवन कार्यक्रम के बाद सभी बच्चों और शिक्षकों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।



## राहे ओपी पुर्ण रूप रूप से थाना बना सुदेश महतो ने उद्घाटन किया

**राहे (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत राहे ओपी को अब पुर्ण रूप से थाना का दर्जा प्राप्त हो गया है।सोमवार को झारखंड के पुर्व उप मुख्यमंत्री और सिल्ली के वर्तमान विधायक सुदेश महतो और रांची जिला के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने पुरोहित के मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर और नारियल फोड़कर उद्घाटन किया।उद्घाटन के बाद विधायक सुदेश महतो और ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने थाना परिसर का निरीक्षण किया।इस दौरान सुदेश महतो ने कहा की राहे के पुर्ण रूप थाना बन जाने से आमजनों को काफी सहुलियत होगी पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरियां घटेंगी आज का दिन ऐतिहासिक है और हमलोग राहे थाना का उद्घाटन कर रहे हैं मैं चुंकि सरकार में इस विभाग का नेतृत्व कर चुका हूं मैंने उस समय ही राज्य के परिपेक्ष्य में देखा था की आबादी के अनुरूप थानों, ब्लॉक और जिलों का गठन होना जरूरी है।इस दौरान रांची जिला ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने अभिलेख पंजियों का अवलोकन किया और लंबित मामलों को जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।पुलिस कल्चर के लिए जो भी आवश्यकता है, वह थाना में उपलब्ध होगी ऐसा ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने कहा। ओपी से थाना बनने से आम लोगों को भी राहत मिलेगी. उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि आम जनता की मदद करें, चाहे शिकायत पत्र किसी भी विभाग का हो। मौके पर जवानों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर भी दी गई।राहे थाना प्रभारी,सोनाहातु इंस्पेक्टर, सोनाहातु थाना प्रभारी, सिल्ली थाना प्रभारी,दशमफल थाना प्रभारी, राहे जिला परिषद सदस्य, राहे प्रखंड के उपप्रमुख समेत कई पदाधिकारी और समाजसेवी मौजूद रहे।



## बुंडू में विधायक ने पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन निर्माण कार्य का स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा शिलान्यास किया। भवन निर्माण का कार्य जिला परिषद योजना के तहत लगभग 40 लाख लागत से बनेगी। भवन निर्माण कार्य को 9 महीने के अंदर पूरा करना होगा। लोग संबंधित करते हुए कहा और ऐसे कुछ योजनाओं को पूरा करना हम सभी का कर्तव्य है। इस मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल प्रभारी दिलीप पासवान, अरविंद कुमार मोनू जायसवाल, अंजू देवी, दिनेश भगत, सिद्धार्थ वेद, राहुल लहरी, चंदन मछुआ, कैलाश, बबलू कुंडू, दीपक कुमार, संतोष जायसवाल , बसु सेठ के अलावा अनुमंडलीय अस्पताल के पदाधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।इधर विधायक विकास मुंडा ने बुंडू नगर पंचायत कार्यालय में एक समीक्षा बैठक की जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र में चल रही तमाम विकास की योजनाएं की प्रगति पर बात की होल्डिंग टैक्स के लेकर भी विस्तार से चर्चा की फाइलेरिया बिमारी और इसके प्रतिरोधक दवाईयों को लेकर जागरूकता अभियान के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि सभी बीपीएल परिवारों के लिए पानी का कनेक्शन नि- शुल्क होगा जो भारत सरकार के निर्देशानुसार 2018 से निरंतर चल रहा है।वहीं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार ने बताया कि विधायक जी नगर पंचायत क्षेत्र के कार्यक्रमों की जांच की है हमने आमजनता के शिकायतों के निष्पादन के लिए एक विंग बनाया है जो मौखिक और संपर्क नम्बरों के माध्यमों से शिकायतों को सूचीबद्ध किया जा रहा है और उसका निष्पादन किया जा रहा है।समीक्षा बैठक में नगर पंचायत कार्यालय के तमाम अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।



# रामभक्तो को लेकर अयोध्या रवाना हुई आस्था ट्रेन, मुरी स्टेशन में हुआ जोरदार स्वागत आज करेंगे रामलला के दर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** रांची से अयोध्या के लिए रवाना हुई दर्शन नगर आस्था ट्रेन जिसका मुरी स्टेशन में जोरदार स्वागत किया गया। सोमवार को रांची रेलवे स्टेशन से 1300 राम भक्त एवं मुरी स्टेशन से 100 राम भक्त आस्था ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना हुई इसमें भाजपा के विधानसभा मंडल, वार्ड एवं बुथ स्तर के कार्यकर्ता शामिल है। यात्रा में माननीय सांसद संजय सेठ भी शामिल है।

ट्रेन जैसे ही मुरी स्टेशन पहुंची जय श्री राम के जयकारों से पूरा स्टेशन परिसर गूंज उठा मुरी स्टेशन में रेल के अधिकारी द्वारा सांसद संजय सेठ को पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया। श्री सेठ ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 500 साल के इंतजार एवं लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्री राम अस्थायी टेंट से दिव्य और भव्य मंदिर में प्रवेश कर गए हैं। आज 31 वर्ष बाद भव्य मंदिर में जाने एवं रामलाल का दर्शन करने का सौभाग्य मिल रहा है मन में बहुत खुशी हो रही है इस दौरान सांसद संजय सेठ ने कोच के सभी राम भक्तों से मिले, वही श्री राम जन्मभूमि अयोध्या दर्शन अभियान के रांची जिला ग्रामीण संयोजक विनय महतो धीरज ने कहा कि यह यात्रा रांची वासियों के लिए ऐतिहासिक होने वाला है! कार्यकर्ताओं के रुकने की व्यवस्था नव अयोध्या परिसर टेंट सिटी में की गई है वहां भोजन, अल्पाहार, मंदिर भ्रमण, अयोध्या रेलवे स्टेशन में विश्राम परिसर तक वापसी की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर सिल्ली भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद साहू, शिवलाल ,प्रमोद प्रसाद मुरी स्टेशन पर मौजूद राजकीय रेल थाना प्रभारी जमादार मुंडा, शिव परसन राम ,कलीमुल्लाह खान, हवलदार सुभाष प्रसाद यादव, पुलिसकर्मी प्रज्ञाग तिवारी, चुनाराम मुर्मू, अभिमन्यु, रविंद्र मुंडा, आरपीएफ के ओ सी रूपेश कुमार, डीके मिश्रा ,संतोष सिंह, मंटू जायसवाल एवं समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



# विल्स प्रीमियर लीग का फाइनल का हुआ समापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विल्स क्लब ऑफ कांके के तत्वाधान में आयोजित आईपीएल के तर्ज पर आयोजित क्रिकेट विल्स प्रीमियर लीग का फाइनल मैच राँची के प्रसिद्ध एतेहासिक मैदान कांके के वेटनरी कॉलेज मैदान में खेला गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में जेएमएम के जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम, ,हरीनाथ साहू, नेशनल जनरल सेक्रेटरी अरूप कैबर्ता एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में मोजिबूल रहमान, शिशिर उरांव, घनश्याम उरांव , रंजीत कैबरता, ,गुलजार अहमद, नेशर अहमद,फरहत हुसैन, नूर आलम,जिब्राइल अंसारी,हसन अंसारी ,एवं अन्य अतिथियों द्वारा फाइनल मैच का शुभारम किया गया । साथ ही साथ माइक संचालन मंजर आलम,आदिल असलम, नाफिश आलम ने किया, क्लब विगत पांच वर्षो से आईपीएल के तर्ज में मैच कराते आ रही है , जिसमे झारखंड के हर जिले से खिलाड़ी शामिल होती है जिनकी निलामी होती है और कुल 8 टीम बनता है।कांके के दो लिजेंड टीम विल्स ए एवं कांके लिजेंड बी का मैच खेलाया गया। जिसमे विल्स लिजेंड की टीम विजय रही, वही विल्स प्रीमियर लीग का फाइनल मैच में राँची के दो दिग्गज विल्स टाइगर्स एवं विल्स ब्लास्टेर्स के बीच खेला गया ।फाइनल मैच में टॉस जीतकर विल्स ब्लास्टेर्स ने पहले गेंदबाजी पहले करने का विचार बनाया।जहां पहले बल्लेबाजी करते हुवे टाइगर्स की टीम ने 10 ओवर में 20 रन ही बना सकी, टाइगर्स की टीम ने ब्लास्टेर्स को 10 ओवर में 21 रन लक्ष्य दिया जिसके पीछा करते हुवे ब्लास्टेर्स ने 2 ओवर में ही जीत हासिल कर ली इस तरहा फाइनल मैच में विल्स ब्लास्टेर्स मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मैच के समाप्ती पर फर्स्ट प्राइज 25000 एवं बड़ा ट्रॉफी, सेकंड प्राइज 15000 एवं बड़ा ट्रॉफी वितरित किए गया,मैन ऑफ दा मैच शोब्रोतों जन्तु दिया गया ।एवं सीरीज विल्स चुम्मी को बेस्ट फील्डर सैफ अली बेस्ट बैट्समेन तबारक को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार बबलू को दिया गया इसके अलावा अन्य पुरस्कार आयोजन समिति द्वारा दिया गया। अध्यक्ष वसीम अंसारी ने बतायें की बहुत सारे ऐसे खिलाड़ी होते जिसको कोई जनता नहीं है इस लीग मैच के जरिये नये खिलाड़िय उभर कर सामने आते है की और अपने अंदर छिपे प्रतिभा को सबके सामने लाया जाए। एवं टूर्नामेंट अध्यक्ष इमरान ने बताया की इस तरहा का टूर्नामेंट आगे भी होता रहेगा और इस टूर्नामेंट को उचाई तक ले सके।विल्स प्रिमियर लीग कराने का मुख्य उद्देश यही है। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने मे क्लब के सभी सदस्यो एवं पंचायत के बड़े बुजुर्ग का बहुत बड़ा योगदान रहा

## यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के कार्यालय में हुई असंगठित मजदूरों की बैठक

**पिपरवार :** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय बचरा में असंगठित मजदूरों की एक बैठक मुद्रिका प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस बैठक में 16 फरवरी से बचरा साईडिंग मे होने वाले बंदी को लेकर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 13 फरवरी को सीसीएल प्रबंधन के द्वारा वार्ता के लिए बुलाया गया है।यदि वार्ता सकारात्मक रही तो ठीक है अन्यथा बचरा साईडिंग को अनिश्चितकाल के लिए बंद किया जाएगा।बैठक में यूनियन के मुंद्रिका प्रसाद, बाबूलाल राम,आईडी मेहता, रामजीत राम,अनिल कुमार, लखेश्वर राम,रविंद्र महतो, चमन महतो,मुंशी महतो, बिजली महतो,निर्मल महतो, दिलीप चौधरी,भोला महतो, चंद्रदेव ठाकुर,कमली महतो, सुरेश महतो, लुटबरन महतो, रविंद्र महतो सहित काफी संख्या में असंगठित मजदूर मौजूद थे।


## समक्ष लेख्य प्रमाणक, धनबाद। शपथ पत्र

मैं, गंगाधर शुक्ला, पिता - स्व. रामेश्वर शुक्ला, उम्र - 57 वर्ष, लगभग, पेशा - प्राइवेट शिक्षक, साकिम - चपरासी, धौड़ा जेलगोरा, पो. - जेलगोरा, थाना - जोरापोखर, जिला - धनबाद (झारखण्ड)। एतद द्वारा शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि : -

1. कि संदीप कुमार शुक्ला, उम्र 27 वर्ष, मेरा वालिग पुत्र है।

2. कि, संदीप कुमार शुक्ला मेरे अभिभावकत्व के अधिन नहीं है और स्वयं मुख्तार है, और मेरे परिवार से अलग जीवन - यापन करता है।

3. कि, मैं और मेरा परिवार अपने उपरोक्त पुत्र के किसी भी कृत्य के लिए भविष्य में उत्तरदायी या जिम्मेवार नहीं रहूंगा।

4. कि, मैं अपने उक्त पुत्र को अपनी सभी स्वअर्जित सम्पति से एतद द्वारा बेदखल करता हूं, एवं अपने संयुक्त परिवार से सभी प्रकार से पृथक करता हूं।

शपथकर्ता
गंगाधर शुक्ला



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## द लीजेंड रीबॉर्न : काइनेटिक ग्रीन ने ई-लूना लॉन्च किया



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के अग्रणी निर्माता, काइनेटिक ग्रीन ने आज एक कार्यक्रम में बहुप्रतीक्षित ई-लूना पेश किया, जो उन्नत तकनीक और सुविधाओं के साथ एक स्टाइलिश, बहु-उपयोगी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन है। नए इलेक्ट्रिक संस्करण का अनावरण सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के हाथों, भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, डॉ. हनीफ कुरेशी ने किया। काइनेटिक ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. अरुण फिरोदिया और काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक और सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने इस महत्वपूर्ण अवसर को बहुत महत्व दिया। ई-लूना में उन्नत 2.0 किलोवाट लिथियम-आयन बैटरी पैक सहित कई प्रभावशाली विशेषताएं हैं, जो एक बार चार्ज करने पर 110 किमी की रेंज प्रदान करती है। ई-लूना वेरिएंट 1.7 किलोवाट, 2.0 किलोवाट और इसके बाद, 150 किमी प्रति चार्ज राइडिंग रेंज के साथ 3.0 किलोवाट बैटरी पैक के विकल्प पेश करेगा, जो ग्राहकों को उनकी रेंज और कीमत की आवश्यकता के अनुसार ई-लूना चुनने के लिए सशक्त करेगा। शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 69,990 रुपये लेकिन, ई-लूना न केवल 10 पैसे प्रति किमी की चलने वाली लागत के साथ सबसे किफायती हाई स्पीड इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन है।

## गायत्री परिवार का 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ सह जागरण आज से

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से बारीडीह एआईडबल्यूसी स्कूल के सामने 108 कुण्डीय गायत्री 13 फरवरी 2014 से 16 फरवरी महायज्ञ का आयोजन होगा। महायज्ञ एक हजार महिलाओं के कलश यात्रा से प्रारम्भ होगा। इस दौरान नशा मुक्ति, स्वच्छता अभियान एवं नारी सशक्तिकरण संबंधित झांकियां प्रस्तुत की जायेगी। इस दौरान सोलह संस्कार निशुष्क कराए जाएंगे। संध्या 5 बजे से 8 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा सुनायी जाएगी। 15 फरवरी संध्या 5 बजे से दीप महायान होगा। ये सभी कायक्रम हरिद्वार से आए हुए विद्वानों के द्वारा कराया जाएगा। कार्यक्रम को टाटानगर के मुख्य ट्रस्टी सफल बनाने में गायत्री शक्तिपीठ प्रभाकर शव, सुरेश लाल, अलिया भट्टाचार्य, मुनमुन, सुधीर दास, मृत्युंजय, बिंदु, बिंदी प्रसाद, रेणु इत्यादि की मुख्य भूमिका है।

## साथी यामिनी कांत महतो के श्राद्धकर्म को सहायक अध्यापक संघ ने दी 49 हजार की राशि



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के लच्छीपुर गांव निवासी सहायक अध्यापक यामिनी कांत महतो के श्राद्धकर्म हेतु सोमवार को पटमदा-बोड़ाम सहायक अध्यापक संघ की ओर से 49100 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस संबंध में संघ के जिलाध्यक्ष सुमित कुमार तिवारी ने बताया कि यामिनी बाबू संघ के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष रह चुके थे और उन्होंने 2014-19 के दौरान पारा शिक्षक संघ के बैनर तले मजबूती से आंदोलन किया था। इस दौरान यामिनी कांत की पत्नी उर्मिला महतो व पुत्र प्रशांत प्रकाश के हाथों सहायता राशि प्रदान की गई। मौके पर मुख्य रूप से सहायक अध्यापक सुमित तिवारी, अनिल वरण माझी, गौतम कुमार गोप, उज्ज्वल कांति दास, तापस हालदार, रविन्द्र सिंह, जगबंधु महतो, परितोष महतो, सुनील महतो, मनिंद्र बेसरा, ध्रुवपद महतो, मुरारी मोहन माहली, बाबूलाल मंडल, मनोज कुमार महतो व जगदीश सिंह आदि मौजूद थे।

## ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय साहू ने दिया कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला कांग्रेस कमेटी के ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय कुमार साहू ने सोमवार को अपने पद सहित पार्टी की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। श्री साहू ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष ओवीलास साहू ,पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को लिखित रूप से इस्तीफा सौंप दिया है। लोकसभा चुनाव के ऐन मौके पर कांग्रेस पार्टी से त्यागपत्र देने से पार्टी को क्षति का सामना करना पड़ सकता है। ईचागढ़ में कांग्रेस पार्टी को श्री साहू के इस्तीफा दिए जाने से पार्टी को झटका लगा है। श्री साहू द्वारा भेजे गये त्याग पत्र में उन्होंने कहा है कि वे निजी एवं पारिवारिक कारणों से पदत्याग कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो अजय कुमार साहू बहुत जल्द ही भाजपा में शामिल हो सकते हैं। संभावना व्यक्त किया जा रहा है कि ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह का मंगलवार को भाजपा में वापसी को देखते हुए श्री साहू विधानसभा में मजबूत बनता भाजपा से नाता जोड़ने का फिराक में है। मालूम हो कि 6 महिने पहले ही आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पद को ठुकराकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। फिरहाल वे किस पार्टी में जाएंगे इसके संबंध में जानकारी नहीं दिया है।

## ईचागढ़ शैक्षिक समुदाय ने दिवंगत पारा शिक्षक के आश्रितों को दी सहयोग राशि



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय सालगाडीह के दिवंगत पारा शिक्षक अनादि कुमार महतो के परिजनों को संकूल पिलीद शैक्षिक समुदाय ने सोमवार को सहयोग राशि प्रदान की। मौके पर दिवंगत पारा शिक्षक को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। बुधराम गोप की अध्यक्षता में अनादि कुमार महतो के सालगाडीह पैतृक आवास जाकर 11 हजार रुपए का यह सहयोग राशि प्रदान किया गया। मौके पर लक्ष्मी नारायण महतो,चैतन कुमार महतो, अक्षय कुमार महतो, गुरूपद महतो, वन विहारी, नेहरू प्रसाद महतो आदि उपस्थित थे।

## मरने के बाद भी दुनिया देखेंगी दीपक कांतिलाल गांधी की आंखें



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिस्टुपुर निवासी दीपक कांतिलाल गांधी (72 वर्ष) की आंखें मृत्यु के पश्चात भी रोशनी देती रहेगी। मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर की पहल पर रोशनी संस्था की अध्यक्ष तरु गांधी के देवर दीपक के निधन के पश्चात उनकी पत्नी उमा गांधी, पुत्र धर्मेश एवं प्रशांत गांधी तथा पुत्री कविता की सहमति से बिस्टुपुर निवास पर ही उनका नेत्रदान मंच की नेत्रदान प्रमुख सुशीला खीरवाल के द्वारा सफलता पूर्वक करवाया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विवेक केडिया के सहयोग से ही यह कार्य संपन्न हो पाया। इसमें रोशनी संस्था की अध्यक्ष तरु गांधी, सचिव परविंदर एवं टेक्नीशियन प्रसाद जी का भी योगदान रहा। दीपक कांतिलाल गांधी का रविवार रात 8 बजे आकस्मिक निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार भी आज संपन्न हो गया है। इस संबंध में मारवाड़ी महिला मंच की अध्यक्ष बीना अग्रवाल ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर इनकी आत्मा को चिर शांति प्रदान करें। इस प्रकार के नेत्रदान कार्य समाज के लिए मार्गदर्शन एवं मिसाल कायम करता है। किसी भी दो नेत्रहीन व्यक्ति को नेत्र मिल जाए, इससे बड़ा पुण्य का और कोई कार्य नहीं हो सकता है। मरणोपरांत भी इनके नेत्र किसी अन्य के माध्यम से जीवित एवं कार्यरत रहेंगे।

# क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने अंतर्राष्ट्रीय और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से लिया संन्यास

### झारखंड और राजस्थान का रणजी मैच उनके करियर का आखिरी मैच होगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारत की तरफ़ से तीन वनडे खेलने वाले झारखंड के क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने अंतर्राष्ट्रीय और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 34 वर्षीय सौरभ पिछले कुछ समय से घुटने की चोट से परेशान थे, हालांकि वह लगातार घरेलू क्रिकेट खेल रहे थे। सौरभ फ़िलहाल झारखंड की रणजी टीम के साथ हैं। 15 फ़रवरी से शुरू हो रहे झारखंड और राजस्थान का रणजी मैच उनके करियर का आख़िरी मैच होगा। हरियाणा के ख़िलाफ़ झारखंड की हार के बाद भावुक सौरभ ने अपनी संन्यास की घोषणा करते हुए कहा, मैं एक ऐसा लड़का रहा हूं, जिसने स्कूलिंग से पहले ही क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। आज इतने लंबे सफ़र को अलविदा कहना थोड़ा मुश्किल ज़रूर है लेकिन मुझे यह भी पता है कि इस फ़ैसले का यह बिल्कुल सही समय है। मुझे ऐसा लगता है कि अगर आप नेशनल टीम में शामिल नहीं हो सकते या फिर आईपीएल में नहीं है तो यही ठीक है कि राज्य की टीम में युवा लड़को के लिए जगह खाली की जाए। हमारी स्टेट की टीम में अभी युवाओं को भरपूर मौक़ा दिया जा रहा है और इस कारण से मेरा यह फ़ैसला काफ़ी लाज़मी भी है। उन्होंने आगे कहा, %आगे मैं क्या करूंगा, यह सवाल हमेशा पूछा जाता है लेकिन जवाब एक ही है कि मुझे सिर्फ़ क्रिकेट ही आता है तो मैं उसी से जुड़ा काम करूंगा। राजनीति में जाने के लिए मुझे ऑफ़र आया था लेकिन उसके बारे में मैंने सोचा नहीं है। मेरे लिए क्रिकेट का सबसे अच्छा पल अंडर-15 के दौरान आया था। तब मेरे पिता सुनील कुमार तिवारी ने मुझे गोद में उठाया था और मैंने तभी अपना पहला शतक लगाया था। झारखंड के जमशेदपुर से आने वाले सौरभ ने साल 2006 से प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलना शुरू किया था। वह 2007-08 में विराट कोहली के नेतृत्व वाली अंडर-19 विश्व कप टीम का भी हिस्सा थे। इसके बाद सौरभ ने घरेलू क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया और आईपीएल में मुंबई इंडियंस ने उन्हें अपनी टीम में शामिल कर लिया। साल 2010 में उन्होंने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इमर्जिंग प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट का ख़िताब भी जीता था। इस साल उन्होंने 135.59 की स्ट्राइक रेट और तीन बेहतरीन अर्धशतक की मदद से कुल 419 रन बनाए थे। टूर्नामेंट के सेमीफ़ाइनल में एक समय पर मुंबई की टीम मुश्किल में लग रही थी, लेकिन सौरभ ने अर्धशतक लगाते हुए कायरन पोलार्ड के साथ मैच जिताऊ साझेदारी की और अपनी टीम को फ़ाइनल में पहुंचाया। इस सीज़न उन्होंने कुल 18 छक्के लगाए थे, जिसके कारण उनके फ़ैंस उन्हें बाएं हाथ का धोनी भी पुकारने लगे थे। 2010-11 का साल सौरभ के लिए काफ़ी महत्वपूर्ण रहा। आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद उन्हें भारत की वनडे टीम में भी बुलावा आया। वहीं घरेलू क्रिकेट में उनकी कप्तानी में झारखंड की टीम ने विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी जीत कर सबको चौंका दिया था। हालांकि भारतीय टीम में उनका सफर सिर्फ़ तीन वनडे मैचों तक ही सीमित रहा। अक्तूबर 2010 में ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ डेब्यू करने के बाद उन्होंने उसी साल दिसंबर में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ दो वनडे खेले, जिसमें उन्होंने क्रमशः नाबाद 12* और नाबाद 37* रन बनाए, जबकि आख़िरी मैच में उनकी बल्लेबाज़ी नहीं आई।

## डॉ अजय समेत कइयों ने जमशेदपुर लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए जमा किए आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के निर्देशानुसार 09-जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के नेताओं का उम्मीदवारी के दूसरे दिन जिला कार्यालय तिलक पुस्तकालय में आवेदन पत्र जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं कार्यालय प्रभारी सह उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद ने प्राप्त किया। आवेदन पत्र जमा करने वालों में मुख्य रूप से डॉ अजय कुमार, अजय सिंह, बिजय खॉ, सामंता कुमार, राकेश तिवारी, अनिल कुमार तिवारी, अवधेश कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह, राम वृक्ष गुप्ता, सनत चक्रवर्ती काल्टू, महेश खिरवाल, कमलेश कुमार पाण्डेय, खगेनचन्द्र महतो, पुनीता चौधरी, अजय महतो, अजय मंडल, संजय कुमार यादव, योगेन्द्र सिंह राठौर, ललटू महतो नें दावेदारी संबंधित आवेदन पत्र जमा कराया।

## जिले में चार थाना प्रभारियों का हुआ पदस्थापन, राजू बने गम्हरिया थाना प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** झारखंड में तीन वर्षो से एक ही जिले में जमे हुए पुलिस पदाधिकारियों के स्थानांतरण-पदस्थापन के बाद सरायकेला- खरसावां जिले में आए नए पदाधिकारियों का पदस्थापन प्रारम्भ कर दिया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार द्वारा आदित्यपुर, गम्हरिया, कांड्रा और चांडिल थाना के नए प्रभारी की पदस्थापना की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा आदित्यपुर थाना का नया प्रभारी पुलिस निरीक्षक नितिन कुमार सिंह को बनाया गया है जबकि गम्हरिया प्रभारी का कमान पुलिस निरीक्षक राजू को सौंपी गई है। आदित्यपुर थाना प्रभारी के रूप 2012 बैच के सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर रैंक में प्रोन्नत हुए नितिन कुमार सिंह को पदस्थापित किया गया है। विदित है कि नितिन कुमार इससे पूर्व मुसाबनी स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में पदस्थापित थे।

## ईचागढ़ विधायक ने किया क्षेत्र भ्रमण, सड़क व स्वास्थ्य केंद्र का किया भूमिपूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** ईचागढ़ के विधायक साबिता महतो ने आज विधानसभा क्षेत्र का भरण किया इसी दौरान उन्होंने कुकडु में आयोजित श्रीराम चारित्र मानस पाठ कार्यक्रम में उपस्थित होकर माथा ठेका एवम क्षेत्र के लोगो का कुशल मंगल कामना किया।वही उन्होंने इसी दौरान मुस्लिम बहुल ग्राम चौड़ा में एक उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया एवम माहालीडीह में मुख्य मार्ग से माहालीडीह तक लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन किया। उन्होंने बताया कि काफी समय से लोगो का मांग इस सड़क के लिए था।सड़क नही होने के कारण ग्रामीणों को गांव से निकलना मुश्किल हो जाता था। कुकडु प्रखंड के प्रमुख प्रतिमा बाला एवम शिक्षक परेश चंद्र महतो की धर्म पत्नी ने पुष्प गुच्छ देकर विधायक को स्वागत किया।वही विधायक ने माहालीडीह में मुखिया मजीत सिंह एवं प्रमुख प्रतिमा बाला को हाथी भागाने वाला फटाखा दिया। मौके पर क़ाबलु महतो,बीस सूत्री उपाध्यक्ष नावकिशोर हंसदा, प्रमुख प्रतिमा बाला, उप प्रमुख एकराम अंसारी, मुखिया पति रामलाल सिंह , मुखिया मजीत सिंह, उप मुखिया लाल मोहम्मद, इंद्रजीत महतो, शिक्षक परेश चंद्र महतो, समाज सेवी नव किशोर महतो, रशीद अंसारी, मुखिया मजीत सिंह, कित्तिवास महतो, आदि उपस्थित थे।

## श्रीराम डिवाइन स्कूल का 18वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** श्रीराम डिवाइन स्कूल का 18वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी जीतेन्द्र सिन्हा तथा विद्यालय के निदेशक श्रीराम यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर डीईओ ने कहा कि किसी भी राष्ट का विकास वहां की शिक्षा पर निर्भर करता है। विद्यालय के निदेशक श्रीराम यादव ने अपने सम्बोधन में स्कूल की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के गीत, संगीत समेत कई अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। अंत मे विभिन्न कक्षाओं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के कई समाजसेवियों को भी शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

## चोरी के दो आरोपी को भीड़ ने पीटकर किया घायल, एक की मौत, दूसरा अस्पताल में भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिदगोड़ा में चोरी के आरोपी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. घटना सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के जाहेर टोला के पास सोमवार तड़के चार बजे की है. भीड़ ने चोरी के दो आरोपियों की बुरी तरह से पिटाई कर दी. घटना की सूचना पाकर सिदगोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया. वहां इलाज के दौरान अमन मुंडा की मौत हो गई, जबकि घायल संजीत धान का इलाज चल रहा है. संजीत का दायां हाथ टूट गया है. घायल संजीत ने बताया कि सुबह अमन ने उसे फोन किया और कहा कि सिलेंडर को बेचकर पैसे ले लेते हैं.

**घटना की सूचना पाकर सिदगोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया. वहां इलाज के दौरान अमन मुंडा की मौत हो गई।**

दोनों सुबह चार बजे चोरी का सिलेंडर बेचने निकले थे. इतने में जाहेर टोला के पास 20 से 25 की संख्या में बस्ती वालों ने उन्हें घेर लिया और पिटाई शुरू कर दी. सभी लाठी डंडे से पिटाई कर रहे थे. पुलिस ने दोनों को बचाया और इलाज के लिया अस्पताल पहुंचाया. इधर सूचना पाकर डीएसपी सिटी सुधीर कुमार मौके पर पहुंचे और पूछताछ शुरू कर दी है.

## 9 मार्च राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर पीडीजे ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** नालसा, नई दिल्ली और झालसा, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला द्वारा व्यवहार न्यायालय सरायकेला में आगामी 9 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार द्वारा सोमवार को एसडीपीओ सरायकेला एवं सभी बैंक अधिकारियों के साथ बैठक किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में वादों का निष्पादन करने की दिशा में प्रयास करने को कहा। ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। विगत नौ दिसंबर को हुए राष्टीय लोक अदालत में जो प्री लिटिगेशन केसेस निष्पादित हुए थे , उस आकड़े को पार करते हुए कम से कम बीस प्रतिशत अधिक वादों के निपटारे हेतु प्रयास करने की बात कही। बैठक का संचालन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अनामिका किस्कु द्वारा किया गया।

## टाटा स्टील ने ट्रांसजेंडरों के लिए निकाली बहाली, आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील द्वारा टाटा स्टील और उसकी सहायक कंपनियों में अनेक स्थानों पर विभिन्न पदों के लिए ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। निम्नलिखित में से किसी भी योग्यता वाले ट्रांसजेंडर उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं । अंग्रेजी में मैट्रिकुलेशन या आईटीआई (आईटीआई के साथ एआईटीटी प्रमाणपत्र को प्राथमिकता दी जाएगी) या एआईसीटीई या यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक या इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या एआईसीटीई या यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से बी.ई./ बीटेक में डिग्री होनी चाहिए। सभी शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिसमें आवश्यकता के अनुसार लिखित परीक्षा और साक्षात्कार शामिल हो सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी, 2024 है। आवेदन के लिए लिंक – **https://tslhr.tatasteel.co.in/recruit/Default.aspx**

## नियमितीकरण को एमपीडब्ल्यू का आंदोलन शुरू कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** नियमितीकरण को लेकर एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन सोमवार से प्रारम्भ हुआ। प्रथम दिन कर्मचारियों ने झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के बैनर तले जिले के एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर काम करते हुए विरोध जताया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया की एमपीडब्ल्यू कर्मियों ने भी काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि आंदोलनरत कर्मचारी आगामी बुधवार, 14 फरवरी तक काला बिल्ला लगाकर विरोध जताएंगे। उसके बाद आगामी 15 से 17 फरवरी तक शरीर पर पोस्टर लगाकर काम करेंगे। इसके बाद आगामी 19 फरवरी को एक दिवसीय उपवास रखकर काम किया जाएगा और 20 फरवरी को जिला सिविल सर्जन को मांग पत्र सौंपा जाएगा। उसके बाद भी यदि मांग पूरी नहीं हुई तो आगामी 21 फरवरी को रांची स्थित नेपाल हाउस का घेराव किया जाएगा। उनके इस आंदोलन में आनंद भूषण सिंह, दीपक कुमार, मुन्ना तमसोय, शैलेश कुमार, अजय कुमार, संजय कुमार आदि शामिल रहे। वहीं, एमपीडब्ल्यू कर्मियों के इस आंदोलन को जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संतोष कुमार साहू और मोहम्मद नसीमुद्दीन का भी नैतिक समर्थन रहा।

### उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला जल व स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

## गांव, पंचायत को फाइव स्टार रेटिंग के रुप में विकसित करने पर जोर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बारतियार के अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छ भारत मिशन तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की अध्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान हर घर नल जल कनेक्शन कि स्थिति, ओ डी एफ प्लस सहित विभिन्न कार्यो के प्रगति कि क्रमवार समीक्षा कर लंबित योजनाओ में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। अधिक से अधिक पंचायत को फाइव स्टार रेटिंग के रुप मे विकसित करने के निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिला अंतर्गत ऐसे विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र जँहा पेयजल एवं शौचालय कि उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्माण एवं मरमती कार्य संचालित है में सुधरात्मक प्रगति लाते हुए सभी केन्द्रो में पेयजल एवं शौचालय व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त के साथ मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल एवं अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## अजय मंडल ने की लोस चुनाव लड़ने की दावेदारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव अजय मंडल ने जमशेदपुर-09 लोकसभा का चुनाव लड़ने हेतु टिकट की दावेदारी की हैं। पोटका के मूलवासी कांग्रेस नेता अजय मंडल ने अपनी दावेदारी से झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकूर और जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दूबे को पत्र लिखकर अवगत करा दिया हैं। 40 साल के युवा नेता अजय मंडल सुड़ी जाति से आते हैं, जो वर्ष 2015 से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में काम करते हुए अपनी पहचान बनाये हुए हैं। इस संबंध में अजय मंडल का कहना हैं कि जमशेदपुर-09 लोकसभा क्षेत्र में 1,60000 (एक लाख साठ हजार) सुड़ी जाति के वोटर हैं। पार्टी अगर टिकट देती हैं तो उनकी जीत तय हैं।

संपादकीया

## समान नागरिक संहिता का हो स्वागत

**उत्तराखंड** सरकार ने विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करके इतिहास रचने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। उत्तराखंड समान नागरिक संहिता को लागू करनेवाला पहला राज्य होगा। असम और गुजरात भी उत्तराखंड की भाँति जल्द ही समान नागरिक संहिता लागू कर सकते हैं। उत्तराखंड के इस निर्णय का अन्य सभी राज्यों को भी अनुसरण करना चाहिए। समान नागरिक संहिता को लागू करना समय की माँग भी है और यह संविधान एवं संविधान निर्माताओं की भावनाओं का पालन भी है। संविधान निर्माताओं को उसी समय सत्ता का सहयोग मिला होता, तो प्रारंभ से ही देश में अलग-अलग संप्रदायों के लिए अलग-अलग कानून की व्यवस्था नहीं होगी। कानून की दृष्टि में सब समान होते। किंतु, कतिपय कारणों एवं नेतृत्व की तुष्टीकरण की नीति के चलते संविधान सभा उस समय इस दिशा में ठोस निर्णय नहीं कर सकी। हालांकि, उसने संविधान में नीति-निर्देशक तत्वों के रूप में समान नागरिक संहिता का उल्लेख किया है। इसका अर्थ है कि संविधान सभा चाहती थी कि भविष्य में समान नागरिक संहिता लागू हो। निस्संदेह, यह निर्णय वहीं सरकार ले सकती है जो सब पंथों को लेकर समान दृष्टि रखती हो, जिसकी सोच संकीर्ण तुष्टीकरण की राजनीति से ऊपर हो, जो सरकार साहसी हो। उम्मीद है कि अगले कार्यकाल में केंद्र सरकार संपूर्ण देश में समान नागरिक संहिता लागू करे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में कहा है कि उनका तीसरा कार्यकाल बड़े निर्णयों वाला रहेगा। समान नागरिक संहिता का निर्णय ऐसा ही बड़ा निर्णय है, जिसको लागू करने की माँग लंबे समय से की जा रही है। यह तो मानना ही होगा कि देश में यदि समान नागरिक संहिता को कोई लागू कर सकता है, तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा सरकार ही है। भाजपा नीति-निर्माण बनाने में सांप्रदायिक दृष्टिकोण को एक ओर रख देती है। सही अर्थों में समान नागरिक संहिता एक सेकुलर और संविधान सम्मत कार्य है। परंतु मजेदार बात यह है कि जो अपने माथे पर सेकुलरिज्म का ठप्पा लगाकर चलते हैं, जो गाहे-बगाहे संविधान की रक्षा की दुहाई देते हैं, उसे ही सबसे अधिक कष्ट समान नागरिक सहिता से है। क्या सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का निर्णय सांप्रदायिक है? सांप्रदायिक प्रावधान तो वास्तव में यह है कि हम संप्रदाय के आधार पर कानून की व्यवस्था दें। कानून की नजर में तो सब समान होने चाहिए। समान नागरिक संहिता महिलाओं के अधिकार एवं सम्मान को भी सुरक्षा प्रदान करती है। लेकिन हैरानी है कि अपने आपको महिला हितों के लिए आवाज उठानेवाले संगठन एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी समान नागरिक संहिता को विरोध करने के लिए आगे आ जाते हैं। इससे साफ होता है कि वास्तव में इस प्रकार के लोग सेकुलरिज्म, संविधान और महिला एवं बाल अधिकारों के नाम पर अपनी दुकाने चला रहे होते हैं। विदेशी संस्थाओं से फंड लेते हैं और उनके इशारे पर नाचते हैं। जब वास्तव में महिला अधिकारों की बात आती है, तो उसका स्वागत करने की बजाय या तो चुप्पी साध लेते हैं या फिर किसी के इशारे पर उसका विरोध करते हैं। भाजपा की प्रशंसा करनी होगी कि वह एक-एक करके अपने उन सब वायदों को पूरा करती नजर आ रही है, जिनके आधार पर जनता ने उसके प्रति विश्वास व्यक्त किया और उसे जनादेश दिया। यह भी स्मरण रखना चाहिए कि न्यायालय की ओर से भी कई अवसरों पर समान नागरिक संहिता की आवश्यकता बताई जा चुकी है। उत्तराखंड सरकार की सराहना करनी चाहिए कि उसने एक आवश्यक कदम उठाने का साहस दिखाया है। निःसंदेह, अन्य राज्य भी समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए आगे आएंगे।


असम और गुजरात भी उत्तराखंड की भाँति जल्द ही समान नागरिक संहिता लागू कर सकते हैं। उत्तराखंड के इस निर्णय का अन्य सभी राज्यों को भी अनुसरण करना चाहिए। समान नागरिक संहिता को लागू करना समय की माँग भी है और यह संविधान एवं संविधान निर्माताओं की भावनाओं का पालन भी है। संविधान निर्माताओं को उसी समय सत्ता का सहयोग मिला होता, तो प्रारंभ से ही देश में अलग-अलग संप्रदायों के लिए अलग-अलग कानून की व्यवस्था नहीं होगी। कानून की दृष्टि में सब समान होते। किंतु, कतिपय कारणों एवं नेतृत्व की तुष्टीकरण की नीति के चलते संविधान सभा उस समय इस दिशा में ठोस निर्णय नहीं कर सकी। हालांकि, उसने संविधान में नीति-निर्देशक तत्वों के रूप में समान नागरिक संहिता का उल्लेख किया है। इसका अर्थ है कि संविधान सभा चाहती थी कि भविष्य में समान नागरिक संहिता लागू हो। निस्संदेह, यह निर्णय वहीं सरकार ले सकती है जो सब पंथों को लेकर समान दृष्टि रखती हो, जिसकी सोच संकीर्ण तुष्टीकरण की राजनीति से ऊपर हो, जो सरकार साहसी हो। उम्मीद है कि अगले कार्यकाल में केंद्र सरकार संपूर्ण देश में समान नागरिक संहिता लागू करे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में कहा है कि उनका तीसरा कार्यकाल बड़े निर्णयों वाला रहेगा। समान नागरिक संहिता का निर्णय ऐसा ही बड़ा निर्णय है, जिसको लागू करने की माँग लंबे समय से की जा रही है।


### पीएम मोदी ने मुस्कुराते हुए कहा कि समझदार को इशारा ही काफी होता है

## प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास से विपक्षी खेमे में काफी बेचैनी दिखाई दे रही है

डॉ. आशीष वशिष्ठ


पीएम मोदी के चेहरे और भाषणों में झलकता आत्मविश्वास विपक्ष की बेचैनी का बड़ा कारण है। बीते साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर ऐलान किया कि अगले साल वे फिर लाल किले की ऐतिहासिक प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे और अपनी उपलब्धियों का ब्योरा पेश करेंगे। लेकिन यह अहंकार नहीं है। यह बिल्कुल वैसी ही बात है, जैसी बात विपक्षी पार्टियां कर रही हैं। वास्तव में यह अहंकार का नहीं, बल्कि दोनों तरफ आत्मविश्वास का मामला है।


**प्रधानमंत्री** मोदी ने गत 5 फरवरी को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण देते हुए कहा कि हमारा तीसरा कार्यकाल 1,000 सालों की नींव रखने का काम करेगा और उसमें बहुत बड़े फ़ैसले होंगे। बीती 2 फरवरी को 'इंडिया मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' के उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल की योजनाओं के बारे में बताया। जैसे ही पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल की बात की तो लोग लगातार तालियां बजाने लगे। इसके बाद पीएम मोदी ने मुस्कुराते हुए कहा कि समझदार को इशारा ही काफी होता है। 26 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में नए इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम के उदघाटन के अवसर पर अपने भाषण में कहा कि, मेरे तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा, ये मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी के चेहरे और भाषणों में झलकता आत्मविश्वास विपक्ष की बेचैनी का बड़ा कारण है। बीते साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर ऐलान किया कि अगले साल वे फिर लाल किले की ऐतिहासिक प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे और अपनी उपलब्धियों का ब्योरा पेश करेंगे। लेकिन यह अहंकार नहीं है। यह बिल्कुल वैसी ही बात है, जैसी बात विपक्षी पार्टियां कर रही हैं। वास्तव में यह अहंकार का नहीं, बल्कि दोनों तरफ आत्मविश्वास का मामला है। एक तरफ विपक्ष इस आत्मविश्वास से भरा है कि अगले लोकसभा चुनाव में उसकी जीत होगी तो दूसरी ओर नरेंद्र मोदी इस भरोसे में हैं कि वे तीसरी और ऐतिहासिक जीत हासिल कर पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ेंगे। केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों में ही नहीं, बल्कि उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी वर्ष में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश अंतरिम बजट से न केवल सरकार का आत्मविश्वास झलकता है कि वह अपने कार्यों के बल पर ही तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी, बल्कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के उसके संकल्प का परिचय भी मिलता है। यह एक ऐसा अंतरिम बजट है, जिसमें सरकार ने चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को रिझाने के लिए कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं की। ध्यान रहे 2019 के अंतरिम बजट में कई लोकलुभावन घोषणाएं की गई थीं। इस



बार ऐसा कुछ नहीं किया गया। इसका मतलब है कि सरकार मानकर चल रही है कि जनता को उस पर भरोसा है कि वह देशहित में सही दिशा में काम कर रही है। विकास की राजनीति का यह एक नया उदाहरण है। जब सामने लगातार तीसरी पारी की लड़ाई का मैदान सज रहा हो और यह अपेक्षा हो कि लोकलुभावन घोषणाओं का तड़का लगेगा, तब नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से सामाजिक न्याय व समानता के अवसर पैदा करते हुए भविष्य के विकसित भारत का संकल्प दोहराना यह स्पष्ट करता है कि केंद्र में वापसी का विश्वास लबालब है। पीएम मोदी लोकलुभावन घोषणाओं के जरिए नहीं बल्कि अपने दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड, जो कहा सो पूरा किया के नारे के साथ ही जनता से समर्थन चाहते हैं। मोदी-2 की सरकार ने आते ही जम्मू कश्मीर से धारा 370 की विदाई कर दी। राम मंदिर का रास्ता साफ किया और सीएए, एनआरसी जैसे कानून लेकर आई। मोदी-2 कार्यकाल की विदाई के चार महीने पहले अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। पिछले दिनों आई एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी की मार से बाहर निकले हैं। ग्रामीण स्तर पर वह सारी सुविधाएं पहुंच रही हैं जो पहले छोटे शहरों तक में उपलब्ध नहीं था। बीमारी हर साल पुनः गरीबी के चपेट में आने का बड़ा कारण रहा है लेकिन आयुष्मान योजना ने उस दशा में परिवर्तन ला दिया। सड़क, रेल और हवाई यातायात का परिदृश्य बदल रहा है, मैन्यूफैक्चरिंग के कारण रोजगार के नए नए रास्ते खुले हैं। लोगों की औसत आय में 50 फीसद की बढ़ोत्तरी हुई है और सामान्य रूप से यह विमर्श बना है कि देश बदल रहा है, आने वाले समय में दूसरों के लिए पथ प्रदर्शक बनेगा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश आत्मविश्वास से भर रहा है और गौरव से भर रहा है। आज पूरे विश्व में भारत को लेकर सकारत्मकता, आशा, भरोसा बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपार लोकप्रियता और अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर बने माहौल को देखते हुए केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना लगभग तय है। ब्रिटेन के प्रमुख अखबार द गार्जियन में यह संभावना जताने के साथ ही कहा गया है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में जीत ने पार्टी की ताकत को और बढ़ाया ही है। अखबार में हन्ना एलिस पीटरसन की तरफ से लिखे गए कॉलम में कहा गया है कि तीन राज्यों की जीत लोकसभा में भाजपा की संभावनाओं को और मजबूत करने वाली है। यही वजह है कि पीएम मोदी खुद इस विधानसभा चुनावों की जीत को 2024 में जीत की गारंटी बता चुके हैं। लेख में कहा गया है कि विपक्षी दलों की तरफ से कुछ ही माह पहले बनाया गया गठबंधन इंडिया ब्लॉक भले ही सामूहिक रूप से भाजपा के खिलाफ लड़ने की प्रतिबद्धता जताता रहा हो लेकिन वह अभी भी एकजुट नहीं हो पाया है। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास के पीछे का कारण केवल खोखली राजनीतिक बयानबाजी नहीं है। इसके ठोस कारण हैं। पिछले दस वर्षों में जिस तरह से अलग अलग क्षेत्रों में भारत आत्मनिर्भर हुआ है, उसने यह शक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी है। न सिर्फ घरेलू मोर्चे पर भारत की उत्पादकता बढ़ी है बल्कि उसने कई क्षेत्रों में निर्यात भी शुरू किया है। अब से कुछ दशक पहले भारत हर छोटी बड़ी चीज के लिए विश्व के उन देशों का भी मुंह ताकता रहा, जो किसी न किसी तरीके से अपना हित साधने के लिए तमाम अंतरराष्ट्रीय उठापटक के लिए जिम्मेदार होते थे। मोदी सरकार की नीतियों ने ऐसे देशों की शक्ति और वर्चस्व वास्तव में कम की है और भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के तौर पर विश्व पटल पर खड़ा किया है। आज विश्व के तमाम बड़े, शक्तिशाली और उन्नत देश भी भारत की बढ़ती शक्ति, वर्चस्व और प्रभाव को स्वीकार रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण' को देश का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। उन्होंने अपने कार्यों के दम पर समूचे विपक्ष को इन्हीं तीन चीजों के दायरे में समेटा है। विपक्ष को इसका उत्तर देशवासियों को देना होगा।

दृष्टि कोण

## आखिर ट्रूडो को परेशानी क्या है, महाशक्तियों से रिश्ते बिगाड़ चुका है उनका यह मिजाज

**रामायण** में भगवान राम के भरोसेमंद सखा हनुमान जी को अपनी महान शक्ति को भूलने का श्राप मिला है। भालुओं के राजा जामवंत उन्हें याद दिलाते हैं और बाकी की कहानी सब जानते हैं। इसमें संदेह नहीं कि शताब्दी के तीसरे दशक में भारत अच्छाई की शक्ति के रूप में उभर रहा है और इसकी प्रतिष्ठा आसमान छू रही है। न केवल इसकी अर्थव्यवस्था फल-फूल रही है, बल्कि इसकी वैज्ञानिक क्षमता और नए डिजिटल भविष्य की दिशा में इसका नेतृत्व भी स्पष्ट है। विकासशील दुनिया भारत के नेतृत्व को स्वीकार करती है और उसका अनुकरण भी करना चाहती है। शक्तिहीन होती पाश्चात्य शक्तियां इससे भयभीत हैं। भारत की नीति हमेशा स्वतंत्र एवं स्वायत्त रही है। जाहिर है, खुद को ब्रह्मांड का मालिक मानने वाले देश हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। चूंकि अब कोई जामवंत नहीं है, नशे के आदी विदूषकों के राजा (ट्रूडो) ने, जो वैश्विक मंच पर जगह बनाने के लिए कुछ भी करने को तैयार है, अपनी खुफिया सेवाओं को भारत के खिलाफ हास्यास्पद आरोप लगाने का फरमान जारी किया। सबसे पहले उसने यह बेतुका आरोप लगाया कि भारत ने उसके वफादार व्यक्ति की हत्या कर दी है। उसने दुनिया भर को इसके बारे में बताया। लेकिन जब उसका ज्यादा असर नहीं हुआ, तो उन्होंने अपनी खुफिया



सेवाओं को भारत पर कनाडा के चुनाव में हस्तक्षेप करने और उसकी लोकतांत्रिक संस्थानों को नष्ट करने की योजना बनाने के आरोप लगाने का आदेश दिया। कोई पूछ सकता है कि इसका सबूत क्या है? खैर, कनाडा में भारतीय प्रवासियों का एक बहुत बड़ा वर्ग है, जो भारत-हितैषी उम्मीदवारों को वोट दे सकता है। वे भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक हैं और कनाडा के कानून के तहत ही उन्हें कनाडाई नागरिकता मिली है। लेकिन ट्रूडो विलाप करते हुए कहते हैं, 'हम कानून के राज में विश्वास करते हैं, लेकिन गैर-श्वेत कनाडाई लोगों ने अब तक कनाडाई झंडे को नहीं अपनाया है।' लेकिन ट्रूडो ने क्या कभी इसकी वजह सोची है? कनाडा भारतीय मूल के प्रवासियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करता है। हालांकि विदूषक ट्रूडो शेखी बघारते हैं कि वे लोकतांत्रिक और सबको समान अवसर देने वाले लोग हैं, पर वास्तविकता में वे नस्लवादी हैं। कनाडा एक छोटी शक्ति वाला बड़ा देश है, और उसे सम्मान व प्रशंसा पाने की प्रबल इच्छा है। इसलिए वह अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपनी नाक घुसेड़ता है, और विवेकशील लोग उसकी आंखों में खटकने लगते हैं। तमिल विद्रोह के दौरान कनाडा ने श्रीलंका पर मानवाधिकारों के उल्लंघनों के बारे में खूब शोर मचाया, जवाब में, श्रीलंका ने भी लिट्टे आतंकवादियों को शरण देने का उन पर आरोप लगाया। श्रीलंका के विदेश मंत्री ने कहा कि आतंकवादियों को कनाडा में सुरक्षित पनाहगाह मिल गई है और वह भारत के खिलाफ ट्रूडो की टिप्पणियों से 'हैरान नहीं' हैं, क्योंकि 'अपमानजनक और बेबुनियाद आरोप' लगाना उनकी आदत है। विदूषक ट्रूडो पाकिस्तान (खासकर बलूचिस्तान और खैबर क्षेत्र) में गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों के बारे में चुप हैं, क्योंकि प्रमुख कनाडाई कंपनियां वहां खनन में शामिल हैं। 1980 के दशक में एक कनाडाई खनन कंपनी बंद हो गई, जब यह साबित हुआ कि इंडोनेशिया में सोने के विशाल भंडार की खोज के बारे में उसने बेशर्मी से झूठ बोला था। अपने सहयोगियों के समर्थन के बिना कनाडा की सेना भूटान जितनी ही मजबूत है। उसने यूक्रेन से जिन हथियारों का वादा किया, वह अब तक बन भी नहीं पाए हैं। आधुनिक इतिहास में पहली बार एक संपन्न, बड़े और कम आबादी वाले पश्चिमी देश के प्रधानमंत्री ने सबसे ताकतवर विकासशील देश से अपने रिश्ते को यह आरोप लगाकर खत्म कर दिया कि उसने, उसके सबसे प्रिय आतंकवादी, जो भारतीय मूल का कनाडाई नागरिक था, की कनाडा की धरती पर हत्या कर दी। उन्होंने इस घटना को वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बताया। लेकिन भारत ऐसा क्यों करना चाहेगा, उसे इससे क्या हासिल होगा? ट्रूडो इसका जवाब नहीं देंगे कि क्या वह व्यक्ति भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने और टेरर-फंडिंग में शामिल था, और क्या उसने कनाडा में असॉल्ट राइफल लहराते हुए अपने वीडियो पोस्ट किए थे? इसलिए भारत के विदेश मंत्री ने नवंबर, 2023 में लंदन में कहा कि कनाडा चाहता है कि हम उसकी धरती पर एक कनाडाई की हत्या की जांच में 'सहयोग' करें, लेकिन वह हमें यह भी बताने में असमर्थ है कि वह किस तरह के सहयोग की अपेक्षा करता है। कनाडा की अहंकारी विदेश मंत्री, जिसने भारत को धमकी दी थी कि वह आतंकी की हत्या में भारत की संलिप्तता के बारे में अपने सहयोगियों से बात करेंगी, अब भारत की प्रतिक्रिया से हिल गई हैं और भारत से निजी तौर पर इस मसले पर बात करना चाहती हैं। तो अब आगे क्या होगा? मैं पिछले पचास वर्षों से कूटनीति में हूं। राष्ट्रों के बीच भरोसा कायम करने में दशकों लग जाते हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## झारखंड से दो महिला व दिव्यांग शामिल होगें

### ग्रामीण उद्यमिता और डिजिटल सशक्तिकरण महोत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन पिछले 22 वर्षो से भारत के 26 राज्य 250 जिलों के लगभग 50 हज़ार पंचायत में 2000 सूचना प्रेन्योर केंद्र के माध्यम से ग्रामीण भारत मे डिजिटल सशक्तिकरण के साथ- साथ समुदाय के सभी वर्गो को उनका हक अधिकार डिजिटल तकनीक के माध्यम से दिलाने में प्रयासरत है।इस संदर्भ में संस्था द्वारा दो-दिवसीय महोत्सव ग्रामीण उद्यमिता और डिजिटल सशक्तिकरण महोत्सव (आरईईएफ) का आयोजन 2 और 3 मार्च, 2024 को विवेकानंद सेवा केंद्र एवं शिशु उद्यान (वीएसएसयू), पश्चिम बंगाल में होगा।इस महोत्सव में झारखण्ड राज्य



के विभिन जिला के गांव से दो महिला दिव्यांग शामिल होगें। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य है कि ग्रामीण भारत के डिजिटल नवाचार और उद्यमिता को प्रमोट करने के लिए जा रहा है।यह महोत्सव आयोजन देश भर के उन तमाम सूचना प्रेन्योर को साकारात्मक वातावरण में एकत्र ऐसा मंच प्रदान करेगा, जहां ग्रामीण भारत की विभिन्न आवाजें एक स्थान पर गूंज सके।संस्था का लक्ष्य सूचनाप्रेन्यूर पुरस्कार समारोह, डिजिटल कलाकार पुरस्कार समारोह, देशभर से ग्रामीण डिजिटल नवाचारों का प्रदर्शन, कला कारिगिरी हाट, और डिजिटल प्रतिभा, उद्यमिता की उत्कृष्टता और समाज की प्रगति पर केंद्रित होने वाले कार्यशालाओं और संवादों के माध्यम से एक समृद्धि से भरा वातावरण बनाने का हैं।इस उत्सव की सफलता के लिए डिजिटल एम्पोवेर्मेंट फाउंडेशन आपको भागीदार बनने के लिए उत्सुकता से निमंत्रित करता हैं। संस्था को पूर्ण रूप से विश्वास हैं कि आपका अनुभव,साक्षरता और दृष्टिकोण इस आयोजन में एक अहम भूमिका निभाएगा और इस आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान करेगा।

## सांसद ने की गांव चलो अभियान की शुरुआत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** सोमवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा का गांव चलो अभियान के तहत बरलांगा मंडल में प्रवास हुआ। जिसके तहत उनके आगमन पर रजरप्पा चौक और डीवीसी चौक गोला में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया । बरलांगा मंडल प्रवेश करने पर हरूबेडा डिमरा बरलांगा चोकरबेड़ा इत्यादि क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम हुए जिसमें शिक्षक बुद्धिजीवी विद्यार्थियों नव मतदाता जनसंघ कालीन पुराने भाजपा कार्यकर्ता बूथ समिति पन्ना प्रमुख महिला समूह युवा किसान एवं व्यवसायी विभिन्न एनजीओ आंगनवाड़ी स्कूल इत्यादि क्षेत्र में भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ जनसंपर्क कर जन संवाद किए और रात्रि विश्राम चोकरबेड़ा में जन चौपाल लगाकर किया जा रहा है सांसद के साथ में लोकसभा सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा नारायण चंद्र भौमिक विजय ओझा बबलू साव अशोक कुमार सुमन सिंह मनोज महतो त्रिलोचन प्रजापति मुखिया कांति देवी प्रभास प्रकाश महेंद्र प्रसाद खिरोधर तिवारी नंदकिशोर महतो एहसान उल हक यहां का नाम राजू गुप्ता प्रफुल्ल उपाध्याय बद्री साव मंसू बेड़िया करमचंद करमाली सुभाष रजवार अमरलाल बेदिया आदि उपस्थित थे।

## स्वामी दयानन्द सरस्वती की 200 वीं जयंती के उपलक्ष्य मे विशेष कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सर्व धर्म समन्वय परिषद रामगढ़ की ओर से सोमवार को डी ए वी पब्लिक स्कूल ( बाजार समिति) में स्वामी दयानन्द सरस्वती जी की 200 वीं जयंती के उपलक्ष्य मे विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। असद बारी ( सचिव परिषद) ने सर्व धर्म समन्वय परिषद का उद्देश्य बताया, राज रामगढ़ी ने कविता प्रस्तुत किया। आभा मुख्तलिफ , आचार्य विमलेश शास्त्री और बलराम सिंह ( संयोजक) ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।मंच संचालन दसेयां प्रसाद ने किया। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने जिन क्षेत्रों में सुधार किया उस पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम में पन्नालाल राम, पवन पासवान,इमरान , कैलाश कुमार( प्राचार्य), आचार्य राम प्रवेश शास्त्री , सुमन कुमार, अमन कुमार, संतोष कुमार, शोभा कुमारी, रितु कुमारी, नेहा कुमारी, प्रमिला देवी उपस्थित थे।

## कोलियरी सिरका में खदान से कोयला चोरी होने के बाद किया जाता है जमा, बच्चों से भी उठया जा रहा कोयला

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के कोलयरी सिरका में कोयला उत्पादन आरंभ होने के बाद लगभग एक माह के अंतराल में खुली खदान के गर्भ से कोयला चोरी होने का मामला नहीं रुक रहा हैं। प्रतिदिन तीनों पालियों के बदली होने के समय में कोयला चोरी करने के लिए बच्चे अपने परिजनों के साथ खदान के अंदर उतर जा रहे हैं। खुली खदान से कोयला उठाने के बाद बच्चे महिलाएं इसे इकट्ठा कर रहे हैं। जिसके बाद इसे टोकरियों, बोरों में उठाकर दामोदर नदी पार अन्य गंतव्य की ओर ले जाया जा रहा हैं। बेपरवाह कोयला चुनने वाले अपनी जान को भी जोखिम में डाल रहे हैं। फायर जोन और तेज ढलान वाली खदान जगह से लोग अपनी जान की परवाह किए बगैर खदान के अंदर उतर रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं की पढ़ाई लिखाई करने वाले बच्चे अपने माता-पिता के साथ कोयला ढोने में भी लगे हैं। वहीं सुरक्षा कर्मी भी इसे रोकने के लिए अपने संसाधनों के अनुसार लगा हुआ हैं। लेकिन खदान के अंदर से कोयला चोरी रुकने का नाम नहीं ले रहा हैं। कोलयरी सिरका के वरीय पदाधिकारी लोगों को पहचान कर एफआईआर करने का निर्देश दे रहे हैं। लेकिन कोयला चोर सुरक्षा विभाग के पहचान रडार से बाहर के बताए जा रहे हैं। जबकि दूसरी ओर सीसीएल प्रबंधन सुरक्षा गार्डो की कमी को दूर करने के बजाय, इसे छिपाने के लिए तर्कों के हथकंडे अपना रहा हैं। जो आगे सुरक्षा के लिहाज से कोलयरी सिरका प्रबंधन के लिए घातक होने की ओर इशारा करने वाला हैं।

## कांग्रेस ने सिरका मुंडा पट्टी में लोकल सेल से जुड़े पांच सूत्री मांगों को लेकर की बैठक

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के द्वारा सिरका मुंडा पट्टी में सोमवार को सिरका लोकल सेल से जुड़े पांच सूत्री मांगों को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता ललु राम व संचालन अमर मुंडा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला रामगढ़ महासचिव समसूद उपस्थित थे। अवसर पर लोगों से वक्ता समसूद खान ने कहां कि बीते 17 जनवरी के आंदोलन ने एक मिसाल कायम की हैं, जिसमें गरीब मजदूर की उम्मीद कांग्रेस पार्टी पर जगी हैं, हमारा आंदोलन इसी प्रकार जारी रहेगा, इसके लिए बैठकों का दौर चलेगा। कहां कि सिरका लोकल सेल संचालन समिति की गुंडागर्दी एवं भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आंदोलन ही एकमात्र विकल्प हैं, इसलिए आगामी 17- 18 फरवरी से सिरका लोकल सेल का चक्का जाम आंदोलन करने की तैयारी हैं, जब तक हमारी मांगों को माना नहीं जाएगा तब तक आवाज उठाई जाएगी। मौके पर विक्रम गोप, कुंदन मुंडा, प्रदीप हेंब्रम, महावीर उरांव, अजय हाइगुरु, उपेंद्र गोप, गौतम राम, कपिल कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।



## औद्यौगिक हड़ताल एवं ग्रामीण गरीब मजदूरों का भारत बंद 16 को सफल बनाने का आह्वान

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा माले कार्यालय में सोमवार 16 फरवरी के देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित हुई। इसमें ऐक्टू नेता अमल कुमार,लालमोहन मुंडा,सरयू बेदिया,अखिल भारतीय किसान महासभा के देवानंद गोप, झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के देवकीनंदन बेदिया,बिगेन्द्र ठाकुर व भाकपा-माले के जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया मौजूद रहे। सभी ने निर्णय लिया कि अगामी 16 फरवरी 2024 को मजदूरों का चार श्रम कोड रद्द करने, सार्वजनिक उद्योगों को निजीकरण एवं बेचने के खिलाफ देशव्यापी औद्योगिक हड़ताल एवं मनरेगा मजदूरों को नियमित रोजगार के लिए, ग्रामीण गरीब मजदूरों का 600 रुपये न्यूनतम मजदूरी लागू करने,राशन-आवास की गारंटी करने, महंगाई कम करो, मनरेगा में काम दो या भत्ता दो, किसानों के एमएसपी लागू करने, किये गए वादा को पुरा करने अन्य जनसंगठनों से संबंधित मांगो को लेकर भारत बंद एवं हड़ताल को सफल करने के लिए रामगढ़ शहर में रोड मार्च करेगी। जिसमें सैंकड़ों ग्रामीण गरीब मजदूर, किसान भाग लेंगे।

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में धांधली मामले की सीबीआई जांच करने की मांग

## आजसू पार्टी के छात्र संगठन के द्वारा चतरा में चला गया हस्ताक्षर अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** आजसू पार्टी के छात्र संगठन के द्वारा जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली मामले की जांच सीबीआई से करने की मांग की है। इस मामले को लेकर चतरा जिला मुख्यालय स्थित चतरा कॉलेज चतरा के पास आजसू पार्टी के छात्र संगठन के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया ।इस मौके पर आजसू के चतरा विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत भी उपस्थित रहे ।छात्र संगठन का मांग है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के अध्यक्ष सहित सभी अन्य अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए और सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली मामले को लेकर छात्र संगठनों के द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से किए गए कार्यक्रमों के मामले में दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग भी की गई है। गौरतलब है कि जेएसएससी द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली की गई जिससे पूरे प्रदेश के छात्रों में काफी आक्रोश है। इस मामले को लेकर छात्रों ने आंदोलन भी किया। बावजूद इसके राज्य सरकार के द्वारा जेएसएससी के अध्यक्ष एवं अन्य अधिकारियों को बर्खास्त नहीं किया गया है। इसके विरोध में छात्र संगठन के द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। चतरा कॉलेज चतरा के पास हजारों छात्रों के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें राज्य सरकार से यह मांग किया गया है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में धांधली मामले की जांच सीबीआई से किया जाए।

# सीसीएल में कोल ट्रांसपोर्टिंग चालकों के बीच चलाया गया जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** आम्रपाली-चंद्रगुप्त कोल परियोजना में सोमवार को सड़क सुरक्षा को लेकर कोयले के ट्रांसपोर्टिंग में जुड़े हुए चालकों के बीच एक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में चतरा जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार उपस्थित रहे। इस जागरूकता अभियान के माध्यम से सभी चालकों के बीच में यातायात के नियमों को अपनाने तथा सड़क को सुरक्षित बनाने के लिये प्रेरित किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा नेक नागरिक योजना के बारे में भी बताया गया। इसमें सड़क पर किसी भी दुर्घटना के पश्चात घायल हुए व्यक्ति का सहायता कर आप उसकी जान बचा सकते हैं। इस पुनीत कार्य के लिए 5000 के पुरस्कार का प्रावधान है। साथ ही अगर कोई व्यक्ति घायलों की मदद करता है तो उसे पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या नही होति है एवम् उक्त व्यक्ति मर्जी के बिना दुर्घटना में गवाह भी नहीं बनाया जा सकता है ढ्ढ इस मौके पर उपस्थित सभी चालकों को जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा शपथ दिलाया गया। जिसमें यातायात के नियमों का पालन करना, सड़क पर बाईं ओर सावधानीपूर्वक गाड़ी चलना, अधिकृत ड्राइविंग उम्र होने पर ही वाहन चलाना, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनना, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाना, गति पर नियंत्रण रखना, किसी भी प्रकार का नशा कर वाहन न चलाना, आपातकालीन सेवा वाहनों को पहले जाने का रास्ता देना आदि शामिल था, इसके साथ ही सबसे महत्वपूर्ण नेक नागरिक बनने की भूमिका निभाते हुए घायल व्यक्ति कि जान बचाना ढ्ढ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। महाप्रबंधक आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि हमारा जीवन अनमोल है, और हमारे ऊपर अपने पुरे परिवार कि जिम्मेवारी होती है, जिस कारण हमें हर हाल में सुरक्षित वाहनों का परिचालन करना चाहिये ढ्ढ अगर गाड़ी मे किसी भी प्रकार कि कोई खराबी आती है तो उसकी जानकारी उस गाड़ी से संबंधित आदमी को प्रदान कर दे ताकी वे समय से ही गाड़ी को ठीक करवा दे। इस जागरूकता अभियान के अलावे परियोजना क्षेत्र में शिविर के माध्यम से नेत्र जाँच शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें कलर ब्लाइंडनेस आदी का जाँच किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन सुरक्षा प्रबंधक अमित कुमार, परियोजना पदाधिकारी पी के सिन्हा, स्टाफ अधिकारी पी के पांडा, स्टाफ अधिकारी कार्मिक अनुप कुमार भगत इत्यादि कई मौजुद रहे।

# महिलाओं को डायन बिसाही को लेकर किया गया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के एदला पंचायत सचिवालय में महिलाओं की एक सभा आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता एदला पंचायत की मुखिया शकुंतला देवी ने की। जहां मुखिया ने महिलाओं को डायन विसाही, सरकार से मिलने वाले सभी प्रकार के योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। साथ हीं महिलाओं के हितों के लिए योजना बनाने संबंधी जागरूक किया गया है। शकुंतला देवी ने बताई की इन दिनों समाज में काफी डायन विसाही एवं भूत प्रेत का प्रचलन है। जिसके कारण गरीब लोग तंग व तबाह हो रहा है। वहीं उसका गाढ़ी कमाई का एक हिस्सा ओझा गुनी में पार हो जाता है। लोग डॉक्टर के पास जाने छोड़ ओझा गुनी के पास चले जाते हैं और मरीज के जान से खिलवाड़ करते हैं जो गलत है। आगे कही की ओझा गुनी के चक्कर ना पड़े।

# सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण मनाने को लेकर सम्पन्न हुआ बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना परिसर में सोमवार को सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख अनीता यादव ने किया। संचालन थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 34 क्लब में सरस्वती पूजा की जाएगी। जिसका जायजा एसडीपीओ अजय कुमार केसरी एवं इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा ने लिया। और कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी उत्पन्न होती है। तो सूचना जरूर करें। हुड़दंगों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने अश्लील गाना ना बजने की बात उपस्थित लोगों से कही है। ताकि क्षेत्र में शांति का माहौल बना रहे। प्रशासन ने आगे कहा कि सभी जगह मूर्ति विसर्जन संध्या 8:00 बजे से पहले कर लें। गहरी व ज्यादा पानी में मूर्ति विसर्जन करने के लिए नहीं जाने की भी अपील किया है। अफवाह पर ध्यान नहीं देने की बात भी प्रशासन ने कही है। उपस्थित लोगों के द्वारा सरस्वती पूजा में डीजे साउंड, शराब की सेवन व जुलूस से सम्बंधित कई बातों के साथ ही क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार पूर्वक बताया गया। जिसे सुनकर पुलिस प्रशासन के द्वारा भरपूर सहयोग करने की बात कही। यदि कही कोई घटना की संकेत मिले तो प्रशासन को सूचना करने की बात कही। ताकि उसे समाधान किया जा सके। एवं क्षेत्र की शांति व्यवस्था बना रहे। मौके पर उपस्थित मुखिया निर्मला देवी मुखिया प्रतिनिधि दिनेश सुनील कुमार पांडेय चमारी दांगी महादेव दांगी उपस्थित थे।

# मुखियाओं का बिगड़ा मिजाज, अबुआ आवास में बृहद पैमाने पर हो रही है धांधली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सभी पंचायत के मुखियाओं ने मुखिया अध्यक्ष बिनोद महतो के अध्यक्षता में किसान भवन में बैठक आयोजित की गई। जिसमें अबूआ आवास योजना में योग्य लाभुक को चयन ना कर अयोग्य जो सुखी सम्पन्न व्यक्ति हैं उनको इस योजना का नाम सूची में शामिल करने के विरोध में चर्चा की गई। वहीं केंद्र सरकार द्वारा संचालित जल नल योजना में पीएचडी विभाग द्वारा भारी गड़बड़ी को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। सर्व समिति से विचार करते हुए एक मत होकर सभी ने कहा कि पूर्व में अबूआ आवास योजना के तहत पंचायत स्तर पर ग्राम सभा कर योग्य लाभुकों की सूची प्रखण्ड कार्यालय को सौपी गयी थी। जहां प्रखण्ड कार्यालय द्वारा चार कमिटिय सदस्य बना योग्य लाभुकों को सत्यापन किया जाना था और जियो टैग किया जाना था। किंतु प्रखण्ड कार्यालय के चयनित कमिटी द्वारा घर बैठे अयोग्य लाभुकों को जो सुखी सम्पन्न हैं उन्हें इस योजना के लाभ के सूची में रखा गया है। जबकि मुखिया द्वारा चयनित लाभुकों की सूची को कूड़ेदान में फेंक दी गयी है। वहीं केंद्र सरकार द्वारा संचालित जलनल योजना में भारी गड़बड़ी की गई है। यह जलनल योजना पीएचडी विभाग द्वारा देख रेख में कार्य कराया जा रहा ।जहां आज तक लाभुकों को पानी नसीब नहीं हो रहा है साथ हीं जो गुणवत्ता पूर्व कार्य होना चाहिए वो नदारद है। मुख्य पाइप को जहां 3 फिट गहराई में और गुणवत्ता पूर्ण पाइप एवं नलका होना चाहिए वो मात्र डेढ़ फीट गहराई में पाइप बिछाया गया है। वहीं जहां 2 फिट गहराई में पाइप बिछाना था उसे महज आधा फिट गहराई में बिछाया गया है। साथ हीं गुणवत्ता पूर्ण मेटेरियल नहीं लगा निम्न स्तर का मेटेरियल लगाया गया है। साथ हीं यह कार्य मुखियाओं के देख रेख में होना चाहिए वह नहीं किया जा रहा है। जिससे आज पूरे प्रखण्ड में जलनल योजना के तहत केवल लूट का छूट किया गया है और पूरे क्षेत्र में जलनल योजना से पानी नदारद है ।विभाग केवल खाना पूर्ति कर रुपये की निकासी कर वारे न्यारे कर लिया है। जबकि यह जांच का विषय है। कहा कहा कि डीएमएफटी मद से क्षेत्र में संचालित पीसीसी सड़क के उद्घाटन पट में मुखियाओं का नाम तक नदारद है।

# विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मां भद्रकाली के महोत्सव में जलवा बिखरेगी अक्षरा सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** डबल इंजन की सरकार यानि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय में पर्यटन स्थल के रूप में मां भद्रकाली मंदिर को बढ़ावा देने के नाम पर बृहद स्तर की महोत्सव की शुरूआत किया गया था।जिसका नाम राजकीय इटखोरी महोत्सव रखा गया।पहले साल हुए रंगारंग कार्यक्रम में बॉलीवुड स्टारों की फौज खडी कर दी गई थी।दूसरे साल के रंगारंग कार्यक्रम में बॉलीवुड और भोजपुरी कलाकारों की टीम ने अपना जलवा बिखेर कर स्थानीय लोगों के साथ-साथ यहां पर दूर-दराज से आए हुए लोगों को अपनी तरफ आकर्षित किया था। लेकिन गुजरते वक्त के साथ राजकीय महोत्सव इटखोरी में होने वाले रंगारंग कार्यक्रम से लोगों का अब मोह भंग होना शुरू हो गया है। इसके पीछे का कारण अब बड़े और नाभिक कलाकारों को इस महोत्सव के रंगारंग कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया जाना बताया जा रहा है। जैसे जैसे इटखोरी महोत्सव की तारीख है नजदीक आ रही है वैसे-वैसे लोगों में कलाकारों को लेकर की असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हालांकि एक खबर वायरल हो रहा है जिसमें यह बताया जा रहा है कि भोजपुरी की जानी-मानी अभिनेत्री और गायिका अक्षरा सिंह पहले दिन अपना जलवा बिखेरेंगी। अक्षरा सिंह की रंगारंग कार्यक्रम में आने की खबर पर आसपास के लोग काफी उत्साहित है अगर ये वायरल खबर सच साबित होता है तो डबल इंजन की सरकार में जिस तरह से इस कार्यक्रम को लेकर उद्घाटन शुरुआती दौर में किया था उसी तरह का नजारा फिर से एक बार यहां पर देखने को मिल सकता है। ऐसा इसलिए भी कि जब कोई बड़ा कलाकार की आने की बात होती है तो निश्चित तौर पर उसे चाहनेवाले और जाननेवाले अपने पसंदीदा कलाकार को देखने के लिए टूट पड़ते हैं चाहे उन्हें जितनी भी मशक्कत करनी पड़े। यह तो इटखोरी महोत्सव से जुड़ा हुआ बात हो गया लेकिन इससे हटकर अगर विकास की बात करें तो डबल इंजन के सरकार चली गई लेकिन वे जाते-जाते मयूरहंड में विकास की रेखा को खींचने में असफल रहे। दूसरी तरफ आपको यहां पर जानकारी देना चाहूंगा कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के ही विधायक है तो चतरा लोकसभा क्षेत्र से सांसद के रूप में भाजपा से सुनील कुमार सिंह हैं। भाजपा के इन द्वव नेताओं ने अब तक मयूरहंड प्रखंड में विकास को लेकर जितने दावे और वादे किए थे उसके अनुरूप खड़े नहीं उतर पाए। अब देखना है इटखोरी महोत्सव कार्यक्रम से पूर्व क्या-क्या होता है।

# 14 फरवरी को होने वाले विधिक सशक्तिकरण शिविर के सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता रामा रविदास की अध्यक्षता में 14 फरवरी को टॉउन हॉल, लातेहार में आयोजित होने वाले विधिक सशक्तिकरण शिविर के सफल आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता द्वारा जानकारी दी गई कि 14 फरवरी को लातेहार जिला के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाना है। विधिक सशक्तिकरण शिविर के आयोजन का उद्देश्य लातेहार जिले में आम नागरिकों तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार नालसा नई दिल्ली और झालसा, रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 14 फरवरी को जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित होने वाले विधिक सशक्तिकरण शिविर को सफल बनाने में सहयोग करें। जिला स्तरीय आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल कुमार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, डीएलएसए लातेहार, हिमांशू मोहन उपायुक्त सह उपाध्यक्ष, डीएलएसए, लातेहार, अमित कुमार विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो, सिविल कोर्ट, लातेहार, अंजनी अंजन पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, डीएलएसए, लातेहार करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि विधिक सशक्तिकरण शिविर को सफल बनाने के लिए हर संभव कदम उठाते हुए कार्यक्रम को सफल करना है।उक्त शिविर के द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं से लोगों का निबंधन एवं उक्त योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों को मिलने वाले लाभ/वस्तु का उक्त शिविर में ही वितरण कर अधिकांश लोगों को लाभांवित कराने का लक्ष्य प्राप्त है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है की सभी विभाग के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यकम को सफल बनाना सुनिश्चित करें। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जागरूक किया जाए।लातेहार जिले के सभी प्रखंडों में संबंधित स्थानों पर शिविर हेतु निम्नलिखित न्यायिक पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए है जो निम्नवत हैङ्कज्लातेहार प्रखंड के टाउन हॉल में अखिल कुमार प्रधान जिला. एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, डीएलएसए, लातेहार, स्वाति विजय उपाध्याय, सचिव, डीएलएसए, लातेहार की उपस्थिति में शिविर आयोजित किया गया। राजीव आनंद प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय की उपस्थिति में चंदवा प्रखंड के प्रखंड कार्यालय में शिविर आयोजित किया जाएगा। संजीव कुमार दास अतिरिक्त. सत्र न्यायाधीश-1 लातेहार की उपस्थिति में मनिका प्रखंड के प्रखंड कार्यालय में।अमित कुमार,अतिरिक्त. सत्र न्यायाधीश-द्वितीय लातेहार की उपस्थिति में हेरहंज प्रखंड के प्रखंड कार्यालय में। संजीव झा,अतिरिक्त. सत्र न्यायाधीश-तृतीय, लातेहार की उपस्थिति में बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में। अनुमंडल मंडल पदाधिकारी मोहम्मद अब्दुल नसीर की उपस्थिति में गारू प्रखंड कार्यालय। शशि भूषण शर्मा, ए.सी.जे.एम. लातेहार की उपस्थिति में बरियातू प्रखंड कार्यालय में। मिथिलेश कुमार, एस.डी.जे.एम सह पीएम, जेजेबी, लातेहार, की उपस्थिति में बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में। राहुल कुमार,जे.एम. प्रथम श्रेणी, लातेहार की उपस्थिति में महुआडांड़ प्रखंड कार्यालय में। बैठक में निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत,लातेहार राजीव रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, विधि शाखा प्रभारी सुजीत सिंह समते अन्य पदाधिकारी व वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी , अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# बरवाडीह अंचल में नहीं दिखे कोई कर्मचारी लोग परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को अंचल मुख्यालय में एक भी कर्मचारी की उपस्थिति नहीं रहने से क्षेत्र के छात्र छात्राओं के साथ भूमि रैयतों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जहां दस हल्का के अंचल प्रभार में है वहीं महज दो कर्मचारियों के भरोसे बरवाडीह अंचल चल रहा है जिसमें चार - चार हल्का प्रभार में चल रहा है जिससे भूमि विवाद संबंधित मामले, भूमि सुधार, म्यूटेशन, रसीद, के साथ छात्र छात्राओं के प्रमाण पत्र से संबंधित मामले का निपटारा नहीं हो पा रहा है। बड़ी बात छात्र छात्राओं के भविष्य पर गहरा असर पड़ सकता है। इस तरह अंचल कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।बता दें कि तत्कालीन प्रभारी सीओ राकेश सहाय की ट्रांसफर होने के साथ मनिका अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला को बरवाडीह अंचल का प्रभार मिला है। बताया जा रहा है कि प्रभारी अंचलाधिकारी सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शुक्रवार और शनिवार को मौजूद रहेंगे।

# मनिका में पत्रकारों ने दो मिनट का रखा मौन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका प्रखंड क्षेत्र के कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन में दिन सोमवार को मनिका के वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार मंदीरवार की नेतृत्व में शोक सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें लातेहार के राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार के जिला ब्यूरो चीफ अजय सिन्हा की मौत के बाद मनिका प्रखंड क्षेत्र के पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा का शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया मौके पर मुकेश कुमार उर्फ छोटू अशोक यादव मंटू कुमार उर्फ धर्मेंद्र अभय कुमार पासवान सचिन कुमार समेत कई पत्रकार उपस्थित थे उपस्थित पत्रकारों ने सरकार से ?25 लाख का परिवार वालों को सहयोग एवं मृतक पत्रकार के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी का मांग किया।

# पत्रकार अजय सिन्हा की मौत से बारियातू मर्माहत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** हिंदी दैनिक अख़बार के जिला ब्यूरोचीफ अजय सिन्हा की आकस्मिक मौत से प्रखण्ड के पत्रकार काफ़ी मर्माहत हैं। पत्रकारों ने उनके दिव्यांगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के लिए मौन रखा। मौन रखने वालों मे अरशद अजमी, संजय राम, सत्येंद्र प्रसाद, मो कुतुबउद्दीन, रामप्रीत लोहरा व रुपेश कुमार उपस्थित थे। लातेहार के राष्ट्रीय नवीन मेल हिंदी दैनिक के जिला ब्यूरो अजय सिन्हा की रेलवे ट्रेक से रविवार को शव बरामद की गई। पत्रकारों ने परिवार के सहयोग के लिए सरकार से 25 लाख व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी का मांग किया है। जिला ब्यूरो अजय सिन्हा की मौत की प्रशासन से समुचित जाँच की मांग किया है।

# कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने डीएसपी से किया शिष्टाचार मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सह बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी के अगुवाई में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल डीएसपी आवास पहुंचकर नव पदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेंकटेश कुमार को बुके देकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्र में अमन व शांति कायम रहे इसको लेकर डीएसपी से अपेक्षा की है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, सईद अंसारी, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि रविन्द्र राम, संजय यादव, नेता सुरेश मिश्रा, सलीम अंसारी, हलीम अंसारी एनामूल अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वामी दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 12 फरवरी सोमवार को विद्यालय के प्रार्थना सभागार में स्वामी दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय के द्वारा महर्षि दयानन्द की चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन किया गया। इसके पश्चात् विद्यालय के अन्य शिक्षकों के द्वारा स्वामीजी को पुष्पांजलि अर्पित की गई।तदुपरान्त् सभागार में इस पावन अवसर पर वैदिक हवन का आयोजन किया गया। संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बच्चों ने यज्ञ की महिमा और दयानंद प्रशस्ति गाकर दयानंद को स्मरण किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सुशील कुमार दुबे ने किया। शिक्षिका शकुंतला पाल ने बच्चों के समक्ष दयानंद जी की जीवन वृत को प्रस्तुत कर उनकी जीवनशैली को अपने जीवन में आत्मसात करने की बातें कहीं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य घनश्याम सहाय ने कहा कि स्वामी दयानन्द जी जो आधुनिक भारत के चिन्तक एवम् आर्य समाज के संस्थापक भी थे उनके जीवन की अनेक उपलब्धियों से बच्चों को अवगत कराना हम सबका कर्तव्य है। दयानंद जी की 200 वीं जयंती के अवसर पर डीएवी, लातेहार परिवार आज से 18 फरवरी तक साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया है।प्राचार्य ने बताया कि वेदों के प्रचार के लिए मुम्बई में आर्यसमाज की स्थापना की गयी थी।÷वेदों की ओर लौटो ÷ यह स्वामी दयानंद जी का ही प्रमुख नारा था। उन्होंने कर्म सिद्धान्त, पुनर्जन्म तथा सन्यास को अपने दर्शन का स्तम्भ बनाया। उन्होंने ही सबसे पहले 1876 में स्वराज्य का नारा दिया जिसे बाद में लोकमान्य तिलक ने आगे बढ़ाया। महर्षि दयानन्द का समाज सुधार में व्यापक योगदान रहा। महर्षि दयानन्द ने तत्कालीन समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों तथा अन्धविश्वासों और रूढियों-बुराइयों व पाखण्डों का खण्डन व विरोध किया। उनके ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश ने समाज को आध्यात्म और आस्तिकता से परिचित कराया। वे योगी थे तथा प्राणायाम पर उनका विशेष बल था। वे सामाजिक पुनर्गठन में सभी वर्णों तथा स्त्रियों की भागीदारी के पक्षधर थे। उनमें न केवल देशभक्ति की भावना दिखाई देती थी बल्कि वह तो 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले अग्रिम लोगो में थे। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकायें और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# कोल इंडिया मैराथन में एनटीपीसी ने अपनी प्रतिभा को दर्शाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** एनटीपीसी उतरी करणपुरा के दो कर्मठ कर्मचारी संजीव राय डीजीएम (सिविल-ओ एंड एम)- एनकेएसटीपीपी एवम् अवय कुमार डीजीएम (सीसीडी) - एनकेएसटीपीपी ने रांची में आयोजित कोल इंडिया मैराथन में अपनी साकारात्मकता को प्रदर्शित किया। यह कार्यक्रम जो अब अपने दूसरे संस्करण में है,यह पहली बार 2023 में आयोजित हुआ था, जो अब वार्षिक परंपरा बन गया है। इस बार मैराथन का आयोजन मोरहाबादी रांची के सुंदर मार्गों पर हुआ। प्रतिभाशाली खिलाड़ी में से अवय कुमार ने 21.1 किलोमीटर के कोर्स को 2 घंटे, 19 मिनट और 40 सेकंड के परिस्थितिक समाप्त करके अपनी उत्कृष्ट शक्ति प्रदर्शित की। यह अद्वितीय प्रमाण पूर्ण उपाधि न केवल श्री कुमार के शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति समर्पण को दिखाता है, बल्कि एनटीपीसी के भीतर स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती में बनाए रखे गए सांस्कृतिक प्रक्रिया पर सकारात्मक प्रकाश डालता है। एनटीपीसी अपने कर्मचारियों के इस प्रकार के आयोजन में भाग लेने और स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए उनकी उत्साही भागीदारी की सराहना करता है। कोल इंडिया मैराथन एनटीपीसी के कर्मचारियों के स्वास्थ्य और समुदाय संबंधी उत्साह की प्रतिष्ठा है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलवामा के शहीदों की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन 14 फरवरी को

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में आतंकवादियों के कायरता पूर्ण हमले में शहीद हुए जवानों की स्मृति में कल 14 फरवरी को वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज सदर अस्पताल ब्लड बैंक में सुबह 10 बजे से दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।वर्तमान में 260 थैलेसीमिया पेशेंट को सदर अस्पताल से रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है।एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने लोगो से वैलेंटाइन डे यानी प्रेम दिवस के अवसर लाल गुलाब न देकर लाल रक्त का दान करने की अपील करते हुए कहा कि आपके इस नेक कार्य से किसी के घर के बुझते हुए दिए में जिंदगी की रोशनी आएगी, साथ ही देश के सच्चे सपूत पुलवामा में शहीद जवानों के प्रति हम सभी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### सैन्य सेवा की तैयारियों के निमित कोचिंग संस्थान का सांसद ने किया उद्घाटन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा ने गांधी मैदान के दक्षिण गीता गर्ल्स हॉस्टल के नजदीक प्री रिक्रूटमेंट सीएपीएफ अकादमी का उद्घाटन सोमवार को किया। इस अवसर पर अकादमी के अनुभवी संचालक बीएसएफ से रिटायर डिप्टी कमांडेंट एचके। पाठक एवं उनकी धर्मपत्नी ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर अकादमी के संचालक एच के पाठक ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए सांसद को इसकी जानकारी दी कि इस अकादमी में पीएसटी और पीईटी रिटन और मेडिकल फिटनेस की तैयारी करवाया जाएगा। इसमें फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट, लॉन्ग जंप,हाई जंपऔर मेडिकल फिटनेस केप की मेडिकल टीम के द्वारा करवाया जाएगा। इसके अलावा पर्सनैलिटी डेवलपमेंट स्पोकन इंग्लिश मुफ्त में सिखाया जाएगा। सांसद जयंत सिन्हा ने बड़े ही हर्ष से अकादमी के संचालक एचके पाठक एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हजारीबाग जिले के लिए यह प्रथम प्रयास है कि इस तरह की सुविधा एक ही छत के नीचे प्राप्त हो रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप लोग इसका भरपूर लाभ लेंगे। सांसद जयंत सिन्हा ने अकादमी में उपस्थित बच्चों को अपनी जीवनी के बारे में बताया उन्होंने कहा कि आप सरकारी नौकरी प्राप्त कर ही देश की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सकते हैं बल्कि देश को आगे बढ़ाने में प्राइवेट सेक्टर का भी महत्वपूर्ण योगदान देकर देश को तरक्की की ओर ले जा सकते हैं। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद संसद के निजी सचिव आशीष सिंह सांसद जयंत सिन्हा के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा सहित शहर के दर्जनों भाजपाई उपस्थित हुए।

### शानदार समारोह के बीच संपन्न हुआ श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में श्रीदस महोत्सव

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही के देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में 11वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर श्रीदस महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा, बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर हजारीबाग डॉक्टर एहसान उल हक, विद्यालय के संरक्षक रंजीत चंद्रवंशी, प्राचार्य रोहित सिंह और उप प्राचार्य राकेश कुमार और चेयरमैन कविता कुमारी ने संयुक्त रूप से स्कूल के आदर्श स्व. दशरथ सिंह के तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को बुके देकर एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि जयंत सिन्हा ने विद्यालय की भव्यता एवं उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय में आकर यहां के सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखकर अभिभूत हूं। यहां के बच्चों का प्रेम एवं अनुशासन को देखकर आत्मा प्रसन्न हुई। उन्होंने क्षेत्र की शिक्षा के विकास के साथ-साथ विद्यालय के बारे में कहा कि विद्यालय दिन प्रतिदिन नहीं ऊंचाइयों को छू रहा है। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि यह स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगा रहा है। उन्होंने मोबाइल और टेक्नोलॉजी का उपोगियता पर जोर देते हुए कहा कि अब का जमाना स्मार्ट टेक्नोलॉजी का है, इससे आप स्मार्ट वर्क कर सकते हैं किंतु बच्चें इसका सहीं उपयोग करें। उन्होंने कहा कि बरही में शिक्षा के क्षेत्र में श्रीदस ने नया मुक़ाम स्थापित किया है। इस दौरान स्कूल परिसर को दुल्हन थीम पर सजाया गया था, ढाई एकड में फैले परिसर को लाइट और फूल मालाओं से सजाया गया था। रात की अंधियारे में विद्यालय की खूबसूरती लोगों को आकर्षित किया। प्रवेश द्वार से लेकर स्टेज तक को फुल माला से सजाया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में अभिभावक पहुँच कर आनंद उठाया। वहीं स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनोरंजक प्रस्तुति दी। बच्चों की नृत्य, संगीत कला और भाषण सुनकर उपस्थित अभिभावक फुले नहीं समाएं। नन्हें बच्चें आर्मी से लेकर महात्मा गांधी, भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, परी, टीचर्स, वकील के कॉस्ट्यूम देखकर दर्शक तालिया बजाने पर मजबूर हो गए। इस दौरान बच्चें रैम्प वॉक भी किए। स्कूल के प्रधानाचार्य रोहित सिंह ने कहा कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल की नींव सन 2013 में रखी गई थी। विधालय की नींव इस बात पर रखी गई थी कि समाज में विद्या की वह ज्योत जलाना है जिसकी लौ से पूरा संसार रौशन हो सकें। श्रीदस इंटरनेशनल विद्यालय का सपना समाजसेवी पूजनीय स्वर्गीय दशरथ सिंह जी देखा करते थे। जिनके नाम से आज श्रीदस जाना जाता है। कार्यक्रम के दौरान कई जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद व सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## दारू थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजनोत्सव संपन्न कराने को लेकर सोमवार को दारू थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी महोदय दारू की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुआ । इसमें प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी एवं दोनों समुदाय के गणमान्य लोग शामिल हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि पूर्व की तरह ही इस बार भी सरस्वती पूजा शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में क्षेत्र में मनाए। जागरूक बुद्धिजीवी लोग इसमें सहयोग करें यदि विसर्जन के समय स्थान में परिवर्तन करना है तो एक आवेदन थाना में देना जरूरी है प्रशिक्षु उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी पूजा कुमारी ने बताया कि पूजा कमेटियों से हुड़दंगियो पर नजर रखेगी फूहड गीतों के बजाने पर रोक रहेगी असमाजिक तत्वों के गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी ।

## दारू पंचायत भवन में लगेगा विशेष शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** प्रखंड के दारु पंचायत के JSLPS के सभी कैडर दीदी,आंगनवाड़ी दीदी एवम ग्रामीण जनता को सूचित करना है कि JSLPS एवम साइटसेवर्स इंडिया के संयुक्त प्रयास से दिव्यांगजनों के लिए कल दिनांक 13 फरवरी 2024 को पंचायत भवन दारू में सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन किया जाना है शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से जोड़ना है एवम दिव्यांगजनों के अधिकार के बारे में जानकारी देना है ताकि कोई भी दिव्यांग सरकार के लाभ से वंचित नहीं हो। शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र, UDID,पेंशन, राशन कार्ड, आउश्मन कार्ड, E-sharam कार्ड, रेलवे प्रमाण पत्र, बीमा ,रोजगार के बारे में चर्चा किया जाएगा साथ ही साथ जिन दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, बैशाखी,कान की मशीन इत्यादि की आवश्यकता हो उनका भी रजिस्टेशन किया जायेगा अतः आप सभी से अनुरोध होगा की आपके गांव में जितने भी दिव्यांगजन होंगे उन्हें कैंप में आने को सूचित करें ताकि हम सभी के प्रयास से यह कार्यकर्म सफल हो सके।

## करगालो में जनहित से जुड़ी योजनाओ का मुखिया ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत करगालो पंचायत में मुखिया मोतीलाल महतो के द्वारा जनहित में 15 वें वित्त आयोग के तहत करगालो के ज्ञानगढ़ा जोरीवा नाला में स्नान घाट का निर्माण, करगालो में गांगो साव के घर से तालो साव के घर तक नाली निर्माण, करगालो में पंचायत भवन की चारदीवारी, करगालो के लोटवाबान्ध आँगनबाड़ी केंद्र की चारदीवारी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से पंसस जुगल कुमार महतो,पंचायत सचिव दीपक दास,उप-मुखिया प्रतिनिधि तुलसी महतो,समाजसेवी रामचंद्र यादव,दुर्गा साव,इंद्रनाथ सिंह, हीरालाल महतो,कैलाश महतो, बासुदेव महतो,खूबलाल महतो, पुष्पलाल ठाकुर,बुलाकी सिंह,सावन कुमार समेत काफी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

## हजारीबाग पुलिस ने पकड़ा 100 किलो गांजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक पिकप वाहन से 100 किलो गाँजा पकड़ा है। इस बात की जानकारी हजारीबाग पुलिस कप्तान अभिषेक सिंह ने प्रेस कॉनफरेंस कर दी। उन्होंने बताया कि गुप्त जानकारी के आधार पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। एक पिकप वाहन पुलिस चेकिंग देख कर भागने की कोशिश करने लगा जिसके बाद पुलिस ने उसका पीछा कर अपराधियों को धर दबोचा। पकड़ाये पिकअप को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में विधिवत तलाशी लिया, तलाशी के रूप में गाडी पर लोड चार प्लास्टिक के बोरा में गांजा पाया गया। सभी बोरा को खोलने पर प्रत्येक बारा में एषा-एक किग्रा0 का 25-25 पैकेट कुल मिलाकर 100 पैकेट में 100 किप्रा0 गांजा पाया गया, जिसे विधिवत जन किया गया तथा गाडी पर सवार चालक सहित दो व्यक्ति को कड़ाई से पुछताछ किया गया तो उनके द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया तत्पश्चात उसे गिरफ्तार किया गया। जप्त सामान एवं गिरफ्तार अभियुक्त को थाना लाया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0- 46/24 दिनांक-12/02/24 धारा 414/34 भा0व0बि0 एवं 20(b) N.D.P.S. Aa अंकित कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजी जा रही है तथा इस कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी की

## डीएमएफटी मद से स्वास्थ्य सेवाओं के महत्त्वपूर्ण पदों में नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग़ :** ज़िला के स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी तथा सुदृढ़ीकरण हेतु उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार ज़िला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट हज़ारीबाग़ के मद से 5 पदों यथा स्वास्थ्य प्रबंधक,लैब टेक्निशियन,ऑप्टोमेट्रिस्ट, ओटी टेक्निशियन,तथा इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन ज़िला स्कूल हज़ारीबाग़ में दिनांक 11.02.2024 आयोजित किया गया। उक्त लिखित परीक्षा में कुल 139 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उक्त वर्णित रिक्त पदों जिनमें हेल्थ मैनेजर के दो पद, लैब टेक्नीशियन के 15 पद, ओटी टेक्निशियन के 13 पद, ऑप्टोमेट्रिस्ट के 4 पद, आकस्मिक मेडीकल टेक्नीशियन के 1 पदों के लिए प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई थी।

## विष्णुगढ़ थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में शांति व्यवस्था के मद्देनजर सोमवार 11 फरवरी 2024 को विष्णुगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।।बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी विकाश कुमार टुडु ने तथा संचालन एसआई राजकुमार साहा ने किया।उक्त बैठक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार की भी मौजूदगी रही। इस मौके पर अंचलाधिकारी ने सरकारी गाइड लाइन को जारी करते हुए कहा बताया कि डीजे पर पूर्णतः पाबंदी पूर्व की भाँति जारी रहेगी।पूजा पंडालों में तार के ज्वाइंट को ठीक तरह से टेप लगाकर बाँधे, ज्वलनशील पदार्थो जैसे थर्मोकोल इत्यादि का कम उपयोग करें,अश्लील गाने एवं दूसरे की भावनाओं के आहत करने वाले गानों को ना बजाए। बीडीओ अखिलेश कुमार ने कहा कि माँ शारदे शिक्षा,सादगीऔर शान्ति की प्रतिमूर्ति है,इनके पूजन एवं अराधना में फूहड़ता नही होनी चाहिए।सामाजिक सद्भाव कायम कर त्योहार मनाए,सामाजिक समरसता में खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी।बैठक में मुख्य रूप से उप-प्रमुख सरयू साव,विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव मुखिया उत्तम कुमार महतो, रामचन्द्र यादव,धानेश्वर यादव,मोतीलाल महतो,नन्हकू महतो,अख्तर अंसारी,दिलेर आजाद,सुनील कुमार अकेला,हेमंती देवी,क्यूम अंसारी,सिकन्दर कुमार,जानकी शर्मा,कन्हाई यादव,भीखन रविदास,जुगल महतो समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार मुक्त भारत के आह्वान के साथ नेशनल एंटी करप्शन कमिटी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया की एक बैठक स्थानीय दामोदर घाटी निगम भूमि संरक्षण के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला ने अपने संबोधन में उन्होंने संगठन के मूलभूत उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण में बढ़-कर कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया इसी क्रम में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव जेएन मिश्रा ने भी उपस्थित सभी सदस्यों से संगठन की मजबूती और नए सदस्यों को संगठन से जोड़ने का अपील की।बैठक में केंद्रीय कल्याण सचिव अमित कुमार ने भी अपनी बातें रखी स्थानीय जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दास ने भी संगठन के विकास विस्तार एवं मूलभूत उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सदस्यों से अपील की कि सामाजिक उत्थान ही उन्नत राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता है अतः हम सभी को बढ़-कर कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। बिहार के कई जिलों और रांची से आए कई उच्च अधिकारियों ने भी अपनी बातें रखी।बैठक में झारखंड प्रदेश युवा अध्यक्ष उज्जवल दुबे, रांची जिला अध्यक्ष संजय साहू ने भी संबोधित किया।बैठक में अभिषेक कुमार को प्रदेश अध्यक्ष,राकेश ठाकुर को जिला अध्यक्ष, सुबोध कुमार को जिला सचिव, रविंद्र कुमार को जिला उपसचिव,अजय पांडे अधिवक्ता को उपाध्यक्ष, संजय उपाध्याय को जिला महामंत्री, नंदकिशोर सावंत को जिला संयुक्त सचिव और राजकुमार को जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। मंच संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज लोहार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन सोमनाथ मिश्रा ने किया।

## प्रमंडलीय कांग्रेस नेता आरसी मेहता ने खैरा देवकली पुनाय पंचायत में किया जनसंपर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत देवकली लुंदरु बसरिया खैरा बेडमक्का नारायणपुर इत्यादि गांवों में कांग्रेस प्रमंडलीय नेता डॉ आरसी मेहता के नेतृत्व में चला जनसंपर्क अभियान। जनसंपर्क के दौरान नारायणपुर के सभा में प्रमंडलीय कांग्रेस नेता डॉ मेहता ने कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर हूं अन्याय के खिलाफ आंदोलनरत हूं आज पेटीएम सहारा इंडिया के तरह दिवालिया होने के कगार पर है आम नागरिकों से आह्वान करता हूं कि पेटीएम एप वेबसाइट से जमा निकासी ट्रांजैक्शन सोच समझ कर करें।

बेडमक्का के सभा में कांग्रेस शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बीके मेहता ने कहा कि बरकठा विधानसभा में बदलाव की लहर है 20 वर्ष में बरकठा विधान सभा अन्य विधानसभा की तुलना में कालांतर पीछे चल रहा है विकास कार्यों नहीं होने पर परिवर्तन जनता का मौलिक अधिकार है। आज रोजगार के अभाव में नौजवान अन्य राज्यों में पलायन कर रहे है। पलायन रोकने के लिए उद्योग धंधा स्थापित करने की जरूरत है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ एडवोकेट कांग्रेस नेता संजय दास ,20 सुत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद,मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो ,सुधीर कुशवाहा, खगेंद्र कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष विनोद कुशवाहा इत्यादि सैकड़ो लोगों भाग लिए।

## मंत्री फागू बेसरा व झामुमो नेता संजीव बेदिया का कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड सरकार में मंत्री दर्जा प्राप्त स्वतंत्र प्रभार फागू बेसरा एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया का बड़का का मुख्य चौक पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल माला गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मौके पर श्री बेसरा ने कहा चंपई सोरेन सरकार बनते ही झारखंड में 125 यूनिट मुक्त बिजली झारखंड प्रदेश में लाभुकों को देने का घोषणा किए हैं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा कई प्रकार का योजना धरातल पर उतारा जा रहा है। योजना का लाभ सीधे तौर पर ग्रामीण जनता मिल रहा है। वही श्री बेदिया ने कहा आगामी 2024 में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन प्रत्येक जिला प्रत्येक प्रखंड में किया जा रहा है। पूरे झारखंड से बीजेपी को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। आने वाला लोकसभा, विधानसभा में हमारा अपना बहुमत का सरकार बन सके। मौके पर उपस्थित झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह, केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां, प्रखंड सचिव सरोज मेहता, झामुमो वरिष्ठ नेता सह प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, राकेश मिश्रा, सफीउल्लाह अंसारी, विशेश्वर राम, आनंद किशोर भुईया, दिनेश राम उर्फ गुड्डू, पवन पुरी, मो हेशाम, दिलीप मेहता, सूरज वर्मा, मनीष कुमार, विक्रम सोनी, हिमांशु कुमार, बीटू कुमार, मुनेश राम, सुनील राम ,नरसिंह तुरी, मो करामात, मो तनवी, मो नजीर , मो गुलाम, प्रयाग महतो, सुरेश गिरी, जुगेश्वर सिंह, कामेश्वर महतो, दिलीप महतो, अवध किशोर महतो, महावीर महतो, सुधीर महतो, निर्मल महतो, मो हुसैन, मो अहद आदि मौजूद थे।

## बरही में बस व ट्रेलर की हुई जोरदार टक्कर लगी आग, दोनो जलकर हुआ राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत गडलाही मोड पर ट्रेलर नंबर एनएल 01 एई 9157 व बस न. जेएच 02 बीके 0638 के बीच जोरदार टक्कर हो गई। घटना सोमवार को दिन में करीब 2:40 बजे घटी। टक्कर इतना जोरदार था कि ट्रेलर के सामने वाला भाग से धुआं निकलने लगा, और वह धीरे-धीरे आग का रूप ले लिया। इसे देख ट्रक चालक व बस चालक तुरंत गाड़ी से बाहर निकले। वहीं यात्रियों को बाहर निकालने का कार्य शुरू हुआ, हालांकि जब तक बस आग के चपेट में आता, तब तक सभी यात्री बाहर निकल गए थे। आग इतना तेजी गति से फैला की बस को भी अपने चपेट में ले लिया और दोनों गाड़ियां धू धू कर जलने लगा। इसकी सूचना स्थानीय लोगो ने तुरंत बरही थाना व दमकल कर्मियों को दिया। इसके बाद बरही पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची, वहीं आधे घंटे के अंदर दमकल गाड़ी भी पहुंच गई, लेकिन जब तक दमकल गाड़ी पहुंचा तब तक दोनों गाड़ियां पूरी तरह से जलकर राख हो गई थी। हालांकि आग पर काबू करीब 4 बजे तक पा लिया गया था। बस पर सवार छात्र अनिता कुमारी व छात्र शुभम कुमार ने बताया कि हम लोग सरस्वती पूजा को लेकर हजारीबाग से अपने घर आ रहे थे, जब दोनों गाड़ियों की टक्कर हुई तो उस समय हम लोगों को सपना जैसा लगा। सबसे पहले ट्रेलर में आग लगी, उसके बाद बस को भी अपने चपेट में ले लिया, जब टक्कर हुई उस समय यात्रियों से पूरा बस भरा हुआ था, हालांकि सभी को निकालने का समय मिला और सभी निकल गए। वही कहा कि करीब 10 से 20 छात्र इमरजेंसी गेट से बाहर निकले हैं। बस में करीब 70 से 75 यात्री सवार थे, जिसमें 40 से 45 यात्री स्कूली छात्र-छात्राएं ही थे। बताया जाता है कि जो बस दुर्घटना हुई वह गेडा ट्रैवल्स के नाम से था, जो हजारीबाग से डोमचांच चलता था। वही ट्रेलर बरही के दुलमाहा पंचायत के सिंहपुर ओरिया गांव निवासी नंदकिशोर यादव की बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, करियातपुर मुखिया मनोज रविदास, दुलमाहा मुखिया नारायण यादव, पंचमाधव मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, युवा समाजसेवी सिकंदर कुमार आदि घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बताया कि निर्माण कार्य कर रहे कंपनी के लापरवाही के कारण यहां पर आए दिन दुर्घटना होते रहती है। जबकि हमलोगों ने इसकी लिखित शिकायत भी की है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। उपस्थित लोग सिर्फ यही कह रहे थे कि किसी का जान का नुकसान नहीं हुआ, नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

## गीतांजलि सैलून ने मॉल ऑफ रांची में अपना नया स्टोर खोला

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के प्रतिष्ठित हाई-स्ट्रीट ब्रांड गीतांजलि सैलून ने मॉल ऑफ रांची में अपने नए दरवाजे खोल दिये हैं। उत्कृष्ट आंतरिक साज-सज्जा से सुसज्जित 1500 वर्ग फुट के भव्य स्टोर के साथ, यह प्रतिष्ठान विलासिता और परिष्कार के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में खड़ा है।




कंपनी के प्रबंध निदेशक और सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट सुमित इसरानी को ब्रांड के प्रति उनके अटूट समर्पण के लिए सराहना की जाती है, जो देश भर में सभी प्रमुख स्थानों पर रणनीतिक रूप से तैनात परिष्कृत प्रतिष्ठानों के निर्माण में स्पष्ट है। श्री सुमित इसरानी ने कहा कि इन प्रतिष्ठानों को विविध ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है और इन्हें मशहूर हस्तियों और समझदार ग्राहकों से समान रूप से प्रशंसा मिली है। मॉल ऑफ रांची में एक नए सैलून के विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित हूं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह रांची के उपभोक्ताओं के लिए अद्वितीय लक्जरी लेकिन समकालीन अनुभव का गंतव्य बनने जा रहा है। गीतांजलि सैलून पिछले 3 दशकों से पेशेवर हेयर केयर और सौंदर्य क्षेत्र में अग्रणी रहा है। हम असाधारण सेवाएं प्रदान करने वाले भारत के सर्वश्रेष्ठ हाई स्ट्रीट सैलून के रूप में अपनी पहचान बनाना जारी रखेंगे। हम अपने ग्राहकों के लिए अनुकूलन और वैयक्तिकरण में विश्वास करते हैं, और उन्हें सेवाओं और उत्पादों का सर्वोत्तम अनूठा अनुभव प्रदान करते हैं।

## बच्चों के बीच पाठन पाठ्य सामग्री वितरण किया गया

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत कटिया बस्ती के अंतर्गत सहार पब्लिक स्कूल के गरीब बच्चों को पतरातू ऑफ इकोनॉमिक्स स्कूल के द्वारा पेंसिल हिंदी अंग्रेजी गणित का किताब रबड़ कलर पेंसिल और स्केल कटर इत्यादि मुखिया किशोर कुमार महतो के नेतृत्व में बांटा गया तथा



मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि पतरातू स्कूल आफ इकोनॉमिक्स के द्वारा इस तरह का सराहनीय कार्य किया जाना हर्ष का बात है और उम्मीद भी करते हैं कि आने वाला दिनों में इस तरह के गरीब अहाय बच्चों का सहयोग इनके द्वारा मिलता रहेगा और गरीब बच्चे पढ़ लिख सकेंगे इनके द्वारा पिछले वर्ष भी बच्चों को इस तरह का एक एक किट दिया गया था कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर पब्लिक स्कूल के डॉक्टर बुद्धि नारायण,पतरातु स्कूल आफ इकोनॉमिक्स के अभिषेक हाजरा,अरुण कुमार,नरेंद्र कुमार, मथुरा महतो,काजल कुमारी,पूनम कुमारी,शीतल कुमारी,अंश कुमार, अनिकेत कुमार,रितिक कुमार,आरुष कुमार,प्रवीण कुमार,कुंदन कुमार, पीयूष कुमार इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बायो-केमिस्ट्री रीएजेंट्स के लिए फाइल किया पेटेंट

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के ग्लोबल हेल्थकेयर डिवीजन लॉर्ड्समेड ने ट्राइग्लिसराइड्स, यूरिक एसिड, अल्कलाइन फॉस्फेटेज, बिलीरुबिन, कैल्शियम (आर्सेनाजो3), क्रिएटिनिन, ग्लूकोज, सीरम ग्लूटेमिक ऑक्सालोएसीटिक ट्रांसएमिनेज (एसजीओटी)/ एस्पार्टेट एमिनोट्रांस्फेरस, सीरम ग्लूटेमिक पाइरुविक ट्रांसएमिनेज (एसजीपीटी), एलनाइन एमिनोट्रांस्फरेज (एएलटी) और टोटल प्रोटीन के लिए 10



वर्ल्डक्लास रीएजेंट और डायग्नोस्टिक टेस्ट किट का एक सेट लॉन्च किया है. ये रीएजेंट 99.7 प्रतिशत सटीक व उच्चतम स्तर पर संवेदनशील हैं तथा 24 महीने की शेल्फ-लाइफ, यूनिक पैकेजिंग और प्रतिस्पर्धी कीमत के साथ आते हैं. कंपनी ने इन किट के लिए भारत में पेटेंट फाइल किया है, जो गंभीर बीमारियों के लिए प्रिवेंटिव हेल्थकेयर मैकेनिज्म को मजबूत करेगा. लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ सच्चिदानंद उपाध्याय ने लॉन्च को लेकर कहा, क्रोनिक और संक्रामक बीमारियों में तेजी तथा जांच के महत्व व प्रिवेंटिव हेल्थ्केयर के फायदों के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण भारत में किफायती और गुणवत्तायुक्त रीएजेंट और डायग्नोस्टिक किट की मांग लगातार बढ़ रही है. अद्वितीय सटीकता, संवेदनशीलता और शेल्फ लाइफ वाले हमारे रीएजेंट और डायग्नोस्टिक टेस्ट किट गंभीर बीमारियों के लिए प्रीएम्प्टिव डायग्नोस्टिक इंटरवेंशंस फ्रेमवर्क को फिर से परिभाषित करेंगे।

## रामगढ़ फुटबॉल मैदान में स्वदेशी मेला का हुआ उद्घाटन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ शहर के फुटबॉल मैदान में सोमवार को स्वदेशी मेला 2024 का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में हजारीबाग लोकसभा के सांसद जयंत सिन्हा शामिल हुए। उद्घाटन समारोह में सांसद ने दत्तोपंत ठेंगरी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्जवलित कर मेले का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन विकास झा ने किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि स्वेदशी मेले से क्षेत्र के व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलेगा और इससे रोजगार का सृजन भी होगा। इसके स्वदेशी जागरण मंच को आयोजन के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सांसद ने आगे कहा कि मैं आधुनिक युग का व्यक्ति हूं और मैं चाहता हूं कि जो हमारे लघु उद्योग हैं, जो हमारे बेहतरीन कारीगर है, उनके काम को वैश्विक पटल पर पहचान जरूर मिले। रामगढ़ के लोग मेले में आएं और स्थानीय-स्वदेशी गुणवत्तापूर्ण चीजों का अवलोकन करें। सांसद ने कहा कि रामगढ़ में लघु उद्योग तो हैं ही, लेकिन बड़े-बड़े उद्योग भी आ रहे हैं। लगभग 20000 करोड़ की लागत से स्थापित पीवीयूएन से बिजली का उत्पादन 2.5 रूपये प्रति यूनिट की लागत से किया जाएगा। वहीं रामगढ़ के जेएसपीएल का स्टील पूरे विश्व में निर्यात होता है। रामगढ़ मे ही भारत की सबसे बड़ी रिफैट्री ब्रिक्स की फैक्ट्री इफिको भी है। ये बड़ी उद्योग भी स्वदेशी की अवधारणा को और मजबूती प्रदान कर रहे हैं। बताया जाता है कि मेला 12 फरवरी से 23 फरवरी तक संध्या 02 बजे से शाम 05ः00 बजे तक खुला रहेगा। वहीं शाम 06ः00 बजे से रात 09ः00 सजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समारोह में प्रकाश मिश्रा, रंजन सिंह, राजू चतुर्वेदी, रविंद्र शर्मा, आलोक सिंह, हिमांशु, सूर्यवंश श्रीवास्तव, विनोद राम, जोगिंदर सिंह जग्गी, उमेश प्रसाद, स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक पंचम चौधरी, मेला संरक्षक प्रो.आलोक सिंह, सह संयोजक मिथलेश मंडल, नेपाल महतो, संजय प्रभाकर, पिंकी कुमारी, प्रहलाद साव, राजेश ठाकुर, गौतम महतो, विक्रम राठौड़, नीतेश मोदी सहित कई मौजूद थे।

# सयाल के कई दुकानों के दीवारों पर अपराधी विकास तिवारी का नाम लिख दहशत फैलाने की कोशिश

### दीवारों पर लिखा केवल एक ही मालिक है विकास तिवारी, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सयाल बाजार में रविवार रात कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों ने सयाल के टैंकर स्टेंड,विराज मेडिकल,रमन स्टुडियो,कैप्टन होटल की दीवार पर पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी का नाम लिखकर दहशत फैलाने के लिए नाम लिखकर फरार हो गये। वहीं दुकानदारो के अनुसार यह घटना रात करीब दो से तीन बजे की है। अगली सुबह सोमवार को जब दुकानदारों ने दुकान खोलने पहुंचे तब दीवार पर उन्हें लाल रंग से नाम लिखा हुआ मिला। वहीं सभी जगह की दीवारों पर इंग्लिश में देयर इज ओनली वन बॉस विकास तिवारी जी लिखा हुआ है।वहीं विराज मेडिकल दवाखाना के दीवार पर देयर इज ओनली वन बॉस विकास तिवारी जी गैंगस्टर पाराडाइज बॉस लिखा हुआ था। जिसका मतलब केवल एक ही मालिक है




विकास तिवारी,और बॉस गैंगस्टर स्वर्ग है। वहीं सयाल के मीडील स्कूल के दीवार पर भी टीएच ये दो ही शब्द लिखा हुआ है। वहीं इस मामले की जानकारी दुकानदारों ने भुरकुंडा पुलिस को दी जिसपर भुरकुंडा पुलिस के प्रदिप दुबे व सदलबल पहुंच लिखे गए नाम का मुआयना किया और लिखे गए नाम को पेंट कर मिटा दिया गया। वहीं सभी ने अनुमान लगाया कि लिखा गया नाम किसी पेंटर के द्वारा लिखा गया है। क्योंकि सभी जगहों पर एक ही राइटिंग में वॉल पेंट किया गया है। जिससे प्रतिक होता है कि किसी एक पेंटर ने सभी जगहों पर लिखा है। वहीं इस मामले पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद ने कहा कि अपराधी व असामाजिक तत्वों का इस मामले में हाथ हो सकता है। किसी पेंटर को मारपीट कर इस तरह का हरकत करवाया गया है। इस मामले की जांच चल रही है। जल्द ही गुनाहगार सलाखों के पीछे होंगे। वहीं दूसरी ओर देर शाम पतरातु एसडीपीओ विरेन्द्र राम भी सयाल पहुंचे। एवं दीवारों पर लिखे गए नाम के सभी स्थल का मुआयना किया।पतरातू एसडीपीओ विरेन्द्र राम ने कहा कि इस मामले में असामाजिक तत्व व अपराधी एवं राजनीति संगठन का हाथ भी हो सकता है। इस मामले की जांच चल रही है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर दिया जाएगा।

## माता वैष्णों देवी मंदिर के 33वें वार्षिकोत्सव पर भव्य कलश यात्रा 14 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** माता वैष्णों देवी मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। कलश यात्रा में शामिल धर्म प्रेमी महिलाएं माता की लाल चुनरी में होंगी। सभी धार्मिक अनुष्ठानों के मुख्य यजमान मनीष मारवाह एवं उनकी धर्मपत्नी नमिता मारवाह होंगे। कलश यात्रा 14 फरवरी को प्रातः 9 बजे मंदिर परिसर से निकलेगी, जो शहर के झंडा चौक, गांधी चौक, मेन रोड, सुभाष चौक, शिवाजी रोड, लोहार टोला होते हुए चट्टी बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर पहुंचेगी, यहां कलश में जल भरकर वापस माता वैष्णों देवी मंदिर पहुंचेगी। माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव व सचिव महेश मारवाह ने संयुक्त रूप से बताया कि कलश यात्रा की सभी तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। श्री मारवाह ने बताया कि कलश उठाने वाली सभी श्रद्धालु महिलाएं कलश लेकर सुबह साढ़े आठ बजे तक मंदिर परिसर पहुंचेंगी। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर को फूलों व विद्युत बल्बों से आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव व सचिव महेश मारवाह ने यह भी बताया कि आगामी 15 फरवरी को प्रातः 10 बजे गणेश पूजन, मंडप प्रवेश, अग्नि प्रवेश कराया जाएगा। 16 से 20 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से पूजन, शतचंडी पाठ, हवन आदि का आयोजन होगा। वहीं 18 फरवरी को अपराह्ण 3 बजे से मंदिर परिसर में माता की चौकी और 19 फरवरी की रात्रि 9 बजे से माता की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए हैं।

# मोतियाबिंद मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए भेजा गया हजारीबाग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** राष्ट्रीय कनौजिया सोनार माहपरिवार के तत्वाधान में खोपड़िया बाबा धर्मशाला भुरकुंडा बाजार निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 6 फरवरी दिन मंगलवार चिन्हित लगभग 77 मरीजों को जो किया गया था आज उन्हीं मरीजों को संस्था द्वारा भेजा गया। संस्था द्वारा जाने तथा वापस लाने का एवं रहने खाने के लिए बिस्कुट और पानी का बोतल वितरण किया गया।चिन्हित मरीजों को हजारीबाग ऑपरेशन के लिए सृजन सारंग साइट सेवर्स सुपर स्पेशलिटी आंख के अस्पताल हजारीबाग के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आज 21 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया। वही बाकी को दुसरे दिन भेजा जाएगा। इस संस्था के प्रदेश महासचिव संजीव



कुमार बर्मा ने बताया कि निस्वार्थ भाव से जन सेवा का कार्य करते हुए इस प्रकार का सामाजिक कार्य संस्था प्रतिवर्ष करेगी ।पतरातु प्रखंड अध्यक्ष सुधीर कुमार वर्मा जी ने बताया नर सेवा नारायण सेवा की सेवा भाव से सामाजिक कार्य हमारी संस्था करती रही है और करती रहेगी। इस कार्यक्रम में प्रखंड संरक्षक श्याम सुंदर स्वर्णकार, जिला उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद सोनी, अजय सोनी, नरेश सोनी ,प्रेम वर्मा ,बसंत सोनी, रोहित सोनी ,आशीष कुमार वर्मा ,संजीव कुमार वर्मा ,इत्यादि उपस्थित थेमरीज का नाम प्रभु बेड़िया धनवंती देवी बिल्लू देवी मुन्नी देवी कांति देवी बसंती देवी मानती देवी अनूप नायक कलवा देवी भुवनेश्वरी दूरी गंगिया देवी पियासो देवी कमरुद्दीन निशा मंगल साहू गंगा देवी शिवचरण करमाली बसंत सोनी रामप्रसाद गंजू गिरजा राजवंशी रामसेवक साहब देवलाल मेहता करतार सिंह आदि उपस्थित थे।

## रामगढ़ में किसान मेला सह कृषि उत्पाद प्रदर्शनी हुआ आयोजन, विभिन्न प्रखंडों से हजारों कृषक हुए शामिल

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के कैथा अंतर्गत कृषि फार्म स्थल पर जिला स्तरीय किसान मेला सह उत्पादन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रखंडों से किसान हजारों की संख्या में शामिल हुए, कृषि मेला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामगढ़ डीडीसी रोबिन टोप्पो शामिल हुए डीडीसी के द्वारा कृषि मेला का विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया इस मौके पर रामगढ़ उप विकास आयुक्त द्वारा दर्जनों इंस्टॉल का निरीक्षण किया तत्पश्चात उन्होंने कहा कि कृषि मेला के माध्यम से संगठित होकर काम करें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं पशुपालन डेयरी सहकारिता



विभाग तथा विभिन्न तरह के बैंकों से ऋण लेकर अपना भविष्य उज्जवल कर सकते हैं चाहे किसी से संबंधित कार्य हो या अन्य कृषि पर आधारित फसलों की बेहतर उपज के लिए सरकार हर संभव सरकार आपको मदद करेगी तथा जिला में विभिन्न तरह के बैंक से लोन लेकर अपना परिवार का भरण पोषण बेहतर ढंग से कर सकते हैं। कृषि प्रदर्शनी मेला मेंआलू,बैंगन टमाटर,सलजम, कोहड़ा,मूली,अरहर पपीता, मछली, बकरा, बकरी,गाय सहित दर्जनों तरह के प्रदर्शन में किसानों के द्वारा किया गया बेहतर प्रदर्शन करने वाले कृषकों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर डीसी ने सम्मानित किया । इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी डॉ अलका कुमारी जिला उद्यान पदाधिकारी राजकुमार साहू सहायक निदेशक सांख्यिकी एवं मूल्यांकन पदाधिकारी लोकेश कुमार भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय पांडे के अलावे पुर जिला भर के विभिन्न पंचायत से पहुंचे किसान मित्र विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी सहायक तकनीकी पदाधिकारी तथा कृषि विभाग से जुड़े विभाग्य कर्मचारी एवं जिला भर के हजारों महिला पुरुष किसान मौजूद थे इस कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार महतो विनीता सिंह चंद्रमौली सिंह मौजूद थे।

## 12 मजदूरों को काम से बैठाने पर मजदूरों ने एलएंडटी कंपनी का दो घंटे तक काम रखा बंद

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के पोटंगा पंचायत अंतर्गत जोजो टोला में एलएंडटी कंपनी द्वारा सीएलओ का निर्माण कार्य किया जा रहा है। वहीं सीएलओ में कार्यरत 12 मजदूरों को कंपनी ने बिना सूचना दिए काम से बैठा दिया।वहीं मजदूरों ने भी सुबह आठ बजे से कंपनी का काम दो घंटे तक बंद रखा। मजदूरों ने इसकी सूचना राकोमयू इंटक के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव से कहीं। जिसपर राकोमयू व विसमो के सभी पदाधिकारी कंपनी के पास पहुंचे। वहीं एलएंडटी कंपनी के अधिकारीयो से राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव



सह विस्थापित संघर्ष मोर्चा के संरक्षक राजू यादव ने वार्ता की। वार्ता के पश्चात निकाले गए सभी मजदूरों को पुनः काम पर रख लिया गया। वहीं इस वार्ता में सीसीएल की ओर से खान प्रबंधक राजेश प्रियदर्शी, बिरसा सुरक्षा पदाधिकारी श्याम सुंदर प्रसाद,एल एंड टी की ओर से सुनील कुमार, मनोज कुमार,एस दत्ता एवं मजदूरों की ओर से महादेव बेसरा,डा जीआर भगत,दासा राम के साथ वार्ता किया गया कि एक महिने तक कंपनी एक भी मजदूर का छंटनी नहीं करेंगा। वहीं इस मौके पर अजय कुमार मिश्रा, बाल्मिकी यादव, बिनोद प्रजापति, नरेश हांसदा, रोशन हांसदा, धनेश्वर मांझी, सुरेश मांझी, सुखदेव मांझी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

**Government of Jharkhand**
**District Health Society, Palamu**
**Department of Health, Medical Education & Family Welfare**
**Mail ID: civilsurgeonpalamu@gmail.com**

Tender Notice No. 01/2024 **Short Tender notification** Date: 12-02-2024

Civil Surgeon cum CEO, Palamu invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through tender from the registered and eligible firms for **Rate Contract for different kinds of printed materials required in District Health Society, palamu**

**TENDER NOTICE No. 01/2024** **Dated: 12-02-2024**

**TENDER FOR THE SUPPLY OF:** -Rate contract for different kind of printed material required in DHS palamu

**DETAILED TENDER NOTICE**

1.**Tender reference** :
2.**Cost of tender fee** : 5,000/- (Five Thousand only) in form of demand draft in favour District health society , palamu
3EMD : DD Amt 50,000.00
4. **Place of opening of tenders** : Office of District Health Society, palamu
5. Date of tender published : 12-02-2024
6.last Date of tender submission : 28-02-2024 By 5pm

**Note:1.** The purchase committee reserves the rights to reject or make the necessary Changes. The same shall be informed to the tendered as and when required.
2.Detail of the tender document may download from palamu district official website of www.palamu.nic.in
3.Detail information may get in the office of District Health society palamu at every working day in official times

PR 318653 (District)23-24*D **Civil Surgeon cum CEO,Palamu**

**उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा।**
**(एन0आर0ई0पी0 शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

NIT NO – 09 वर्ष 2023–24

1.विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथिः– :– कार्यालय अवधि में दिनांक 26.02.2024 अपराहन 1.00 बजे तक।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 27.02.2024 को 1:00 बजे अपराहन तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 27.02.2024 को 1:30 बजे अपराहन में।
5.निविदा प्राप्ति एवं परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सेन्हा | बदला | राजकीय मध्य विधालय, बदला में VDP कार्यक्रम के तहत दो कमरे का जीर्णोद्वार कार्य | 566500.00 | 12000.00 | 1250.00 | 02 (दो) माह |

2 ग्रामीण कार्य विभाग/भवन निर्माण विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3 संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0इ0पी0,लोहरदगा।

PR 318729 (Lohardaga) 23-24 (D)

**JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi – 834004
**PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJANA (PMGSY)**
**Expression of Interest (Very Short Notice) (5th Call)**

Letter no. JSRRDA –739/2023-596 Dated: 12.02.2024

**NIT No. eTender No-318**
**(PR No. 315556 dt. 09.01.2023)**

The Chief Engineer, JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY on behalf of Rural Works Department invites the bids in electronic tendering system regarding "consultancy services for "Forest Diversion/ Clearance proposal including clearance of all stages as required (General Forest/ Wild Life by DFO, CF, CCF, PCCF level & up to wild life board in JSRRDA for Rural Road Construction under PMGSY/RCPLWEA)" from the reputed firms/consultants/companies having experience in similar nature of work.

The Date of release of invitation for Bids through e-procurement 12/02/2024

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in www.pmgsytendersjhr.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Last Date & Time for receipt of bids through e-procurement: 21/02/2024 upto 17:00 Hours (time). For further details please log on to www.pmgsytendersjhr.gov.in.

**The Chief Engineer,**
**JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY, (JSRRDA)**
**3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi – 834004**

PR 318746 Rural Work Department(23-24)#D

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**Very Short Term e-Procurement Notice Date –10-02-2024**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/19/ 2023-24 | Day to Day Maintenance work in Yojana Bhawan, Doranda Ranchi (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 5780900.00 | 12 Month |
| 2 | Date of Publication of Tender of Website | | 17-02-2024 at 3.00 PM | |
| 3 | Start Date of Submission of Bids | | 17-02-2024 at 3.30 PM | |
| 4 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 25-02-2024 at 02.00 PM | |
| 5 | Date/Time of Opening of Bid | | 26-02-2024 at 03.00 PM | |
| 6 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 7 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 8 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

**Executive Engineer Building Construction Department**
**Building Division No. 1, Ranchi**

PR 318731 (Building)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–31/2023–.24**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 21.02.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 22.02.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.02.2024 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Government Middle School Meru, Block- Sadar, District- Hazaribagh | 4960700/- | 100000/ | 5000/- | 04 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 318760 (Building) 23-24 (D)

## सोमवार से शुरू होगा 108 श्रीमद् भागवत महापुराण 9 दिवसीय यज्ञ



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत केन्दुआगड़हा मे धर्म प्रेमी महावीर महतो द्वारा सोमवार से 108 श्रीमद् भागवत महापुराण 9 दिवसीय यज्ञ का शुरूवात हो रहा है। इस यज्ञ को लेकर सभी धर्मप्रेमी से सादर निवेदन किया है कि 108 श्रीमद् भागवत महापुराण सह एकादशी उदयापन नव दिवसीय महायज्ञ मे शामिल होकर भक्तिमय माहौल का हिस्सा बने। सोमवार को कलश यात्रा निकाल यज्ञ की शुरूवात होगा । इस यात्रा में भी भक्तों को शामिल होने का आग्रह किया है। वही यज्ञ को लेकर तैयारी पूरी हो गई है।

## अरारी मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा ने चलाया जागरूकता अभियान



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को अरारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा ने पंचायत विभिन्न गांवों में जाकर योजना से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया एवं सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दिया। इसी के तहत ग्राम नावाडीह में सरकार के महत्वाकांक्षी योजना सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत लोगों को बताया गया की सरकार द्वारा अब अनुसूचित जाति एवं जनजाति के महिला पुरुष वर्ग के लोगों की उम्र सीमा घटाकर 60 वर्ष से 50 वर्ष कर दिया गया है एवं सभी वर्ग के महिलाओं के लिए के लिए उम्र सीमा घटाकर 50 वर्ष कर दिया गया है इसके तहत जो भी योग्य ग्रामीण वह अपना-अपना फार्म भरकर जमा कर दें एवं आपको ज्ञात हो कि पिछले वर्ष भी सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत सभी लाभुको का चयन हर गांव में कैंप लगाकर किया गया था किया गया था एवं योग्य लाभुको का चयन किया गया था जिसे अब पेंशन मिल रहा है मुखिया के सारे टीम द्वारा मुखिया मुखिया प्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य उप मुखिया सभी वार्ड सदस्यों द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों की जानकारी जनता को दिया जा रहा है कल के कार्यक्रम में पंचायत के पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अर्जुन यादव, पूर्व मुखिया घनश्याम यादव, विजय विश्वकर्मा, कुलदीप राणा, सुरेश यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पार्षद प्रत्याशी अब्दुल जब्बार के द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद नगर निगम के अंतर्गत वॉर्ड संख्या 18 के पार्षद पद के भावी उम्मीदवार अब्दुल जब्बार के द्वारा धनबाद नर्सिंग होम के सहयोग से रहमतगंज के ए वन मैरेज हॉल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 108 जरूरतमंद लोगों ने अपने स्वास्थ्य की बिल्कुल मुफ्त मे जांच कराई। शिविर मे आंख, दांत, हड्डी रोग विशेषज्ञ समेत सामान्य चिकित्सक उपस्थित थे जिन्होने सैकड़ों मरीजों का बखूबी इलाज किया। इस समाजिक कार्य के लिये स्थानिय लोगों ने अब्दुल जब्बार को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मो. हसनैन अख्तर, मो. कलीम खान, गुलाम कादिर, अली हसन, मो. शमीम आदि लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

### वासेपुर में हुआ मिशन एजुकेशन कार्यक्रम का आयोजन


## शिक्षा को बढ़ावा देना ही मिशन एजुकेशन का है लक्ष्य : एजाज अली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वासेपुर के शमशेर नगर स्थित हवेली गार्डन मैरेज हॉल मे मिशन एजुकेशन के तहत एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनबाद के सिटी एसपी अजित कुमार, बैंक मोड़ थाना एवं भूली ओपी प्रभारी समेत जिले के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश, वासेपुर इलाके के बच्चे शिक्षा जगत से जुड़ें और आईएस व आईपीएस बन कर वासेपुर सहित धनबाद का नाम रौशन करें तथा बुराईयों से स्वयं भी बचें और समाज को भी बचाएं। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद एजाज अली ने मीडिया को बताया की सिटी एसपी अजित कुमार के प्रयास से यह कार्यक्रम किया गया है। समाज के बुद्धिजीवियों और शिक्षा के प्रति रुचि रखने वालो के साथ एक बैठक होनी चाहिए। जिसे लेकर यह कार्यक्रम रखा गया। एजुकेशन मे रुचि रखने वाले छात्रों को उनके रहने और खाने की व्यवस्था के साथ उन्हें लक्ष्य तक पहुंचाना ही मिशन एजुकेशन का लक्ष्य है।

## तिसरी थाना में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**तिसरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तीसरी थाना परिसर में रविवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई । बैठक में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार मौजुद थे। वही थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने कहा की सोशल मीडिया के अफवाहों पर ध्यान नही दे। साथ ही डीज पर वर्जित रहेगा । शांति ओर सोहार्द पूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने को लेकर अपील किया गया । किसी प्रकार के वाद विवाद हो तो प्रशासन को सूचित करे । इस मौके पर एस आई संजय टुडू तिसरी थाना सांसद प्रतिनिधी सुनील साव, तिसरी मुखिया किशोरी साव, भाजपा नेता गोपी रविदास पल्मारुआ मुखिया प्रतिनिधी मो. मुस्तकिम, गुमगी मुखिया प्रतिनिधी महेश राउत, पुर्णचंद गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# गिरिडीह पुलिस ने आपत्तिजनक सामग्रियों के साथ 9 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने आपत्तिजनक सामग्रियों के साथ 9 साइबर अपराधियों को दबोचा है। सोमवार को पपरवाटांड कार्यालय में एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी।बताया गया कि प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को सुचना प्राप्त हुई की विभिन्न थाना क्षेत्र में कुछ अपराधी लोगों से ठगी कर रहें है। इसी के आधार पर टीम गठित कर डुमरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुमित प्रसाद के नेतृत्व में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक कैलाश महतों, साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुलिस निरिक्षक ज्ञान रंजन कुमार पुलिस अवर निरीक्षक गौरव कुमार,सावन कुमार साहा,एएसआई संजय मुखियार,गजेन्द्र कुमार आरक्षी सौरभ सुमन, साकेत कुमार, जितेन्द्र नाथ महतो आदि के सहयोग से छापामारी करते हुए कुल 9 अपराधीयों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से विभिन्न थाना क्षेत्र में छापामारी करते हुए कुल 09 साइबरअपराधी को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों चन्दन, मोती कुमार साहा, शैलेन्द्र कुमार सिंह ,अभिषेक कुमार मिश्रा, राजू मण्डल, विकास कुमार मण्डल ,मो0 सिराज, सिकन्दर कुमार राय एवं दीपक कुमार शामिल हैं। इन लोगों के पास से 25 मोबाइल, 28 सीम, 23 ए0टी0एम0 ,17 पासबुक, 4 पेन कार्ड, 13 आधार बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि ये यह सभी लोग वर्क फ्रॉम होम नौकरी का झांसा देकर ठगी करते थे।इसके आलावा ये लोग गुगल पर पंच किये हुए नम्बर पर कॉल करते हुवे सेक्सटॉर्सन करने एवं स्कॉट स्पलायर बन कर पैसे की ठगी करते थे।

## हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में आदिवासी समाज के लोगों ने रखा उपवास



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पुर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में आदिवासी समाज के लोगों ने उपवास रखा।विधि विधान के साथ मांझी थान में पुजा अर्चना की गई। आदिवासी समाज के नेताओं ने कहा कि भाजपा ने षड्यंत्र के तहत आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल भेजवाने का काम किया है। हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की कार्रवाई की कड़ी निंदा की।जब तक हेमंत की रिहाई नहीं हो जाती। आदिवासी समाज में कोई सामूहिक उत्सव नहीं होगा। इस मौके पर बेंगाबाद के नैयाडाबर, विजयपुर, तिलैबोना, गेनरो, तिलैया, भगाबाँध, पेसराटॉड, नावाहार, फुच्चो प्रतापुर, जुडपनियाँ, सिदवासिंघा, दिघिरिया खुर्द, मधवाडीह, मोहनडीह, हरलाडीह, खेलवाडीह सहित कई गॉव में मॉझी थान में जल अर्पण कर माननीय पूर्व मुख्यमंत्री की रिहाई का मन्नत माँगा गया। मौके पर नुनुराम किस्कु उर्फ टाइगर चुड़का किस्कू, रीसा मराण्डी, कालेश्वर किस्कू, टीका मुर्मू, रोहडा मराण्डी,अर्जुन मुर्मू, चुड़का, रुपेश, हरिलाल, जोन सोरेन , विन्दुलाल मराण्डी खुदू सोरेन, सुन्दर वास्के के अलावे दर्जनों नायके बाबा ने मॉझी थान में जल अर्पण किए ।

# रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे भक्तों का हुआ स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले से पैदल चलकर अयोध्या रामलला के दर्शन करने जा रहे भक्तों कि टोली को सोमवार को भाजपा नेता योगेन्द्र यादव के नेतृत्व में भाजपा एवं विश्व हिन्दू परिषद के समर्थकों ने जामाडोबा शिवमंदिर में माला पहना कर स्वागत किया। मालूम हो कि बांकुड़ा जिला के राजमहल से श्रीराम के भक्तों कि सात सदस्यीय टोली 8 फरवरी को पैदल अयोध्या के लिए निकले हैं। टोली में शामिल शुभमय धीवर, शुभदीप कालिंदी, गणेश धीवर, अकाश धीवर, विष्णु धीवर, चिन्मय पात्रों आदि ने कहा कि दो वर्ष पूर्व उन्होंने भगवान के समक्ष मन्नत मांगी थी कि जब भी अयोध्या में रामलला स्थापित होंगे तो हम सभी लोग पैदल पहुँच कर उनका दर्शन कर पूजा अर्चना करेंगे। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी तक वह पदयात्रा कर अयोध्या पहुँच कर रामलला का दर्शन करेंगे। स्वागत करने वालों में भाजपा नेता योगेंद्र यादव, जगरनाथ चक्रवर्ती विहिप से उमाशंकर, अमलेश आदि प्रमुख थे।

# आजसू छात्र संघ ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह महाविद्यालय गिरिडीह में तथा विभिन्न हॉस्टलों में जाकर आजसू छात्रसंघ के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें बताया गया पिछला 28 जनवरी को जेएसएससी सीजीएल का परीक्षा लिया गया था लेकिन जो एग्जाम करवाने में 8 साल लगाया था उसे रद्द करने में 8 घंटे भी नहीं लगा था इससे सैकड़ो छात्रों का भविष्य खराब हुई थी किसी भी तरह छात्र एग्जाम की तैयारी करते हैं लेकिन उसे जब पता चलता है कि कुछ अधिकारियों और सरकार के नुमाइंदों के द्वारा ऊंची रकम में सीट ही खरीद लिया जाता है और एग्जाम से पहले ही पेपर को लीक कर दिया जाता है। तो छात्र को बहुत ही ज्यादा दर्द होती है। इसी को लेकर आज आजसू छात्र संघ पूरे राज्यभार में आंदोलन कर रही है आज सभी जिलों में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है इसके बाद कल हम लोगों के द्वारा मसाल जुलूस निकाला जाएगा मौके पर अमित यादव ने बताया कि प्रदेश के दिशा निर्देशों साथ अनुसार आज हम लोगों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया है इसमें छात्रों का भरपूर सहयोग मिला है छात्रों के बीच एक भयंकर गुस्सा नजर सरकार के खिलाफ आ रहा है आजसू छात्र संघ के द्वारा तीन सूत्री मांग किया जा रहा है। जिसमें पहली मांग जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक की सीबीआई जांच हो।

# चिचाकी स्टेशन पर तीन जोड़ी ट्रेनों का ठहराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** रेलवे द्वारा उर्स के अवसर पर पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल के नेताजी सुभाषचंद्र बोस गोमो-कोडरमा के मध्य स्थित चिचाकी स्टेषन पर दिनांक 20.02.2024 से 29.02.2024 तक अस्थायी रूप से तीन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का दो-दो मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है ।

1. गाड़ी संख्या 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस 15.09 बजे चिचाकी स्टेषन पहुंचकर 15.11 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

2.गाड़ी संख्या 18626 हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस 10.21 बजे चिचाकी स्टेषन पहुंचकर 10.23 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

3. गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस 18.04 बजे चिचाकी स्टेषन पहुंचकर 18.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

4. गाड़ी संख्या 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस 08.43 बजे चिचाकी स्टेषन पहुंचकर 08.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

5. गाड़ी संख्या 13307 धनबाद-फिरोजपुर गंगा सतलुज एक्सप्रेस 22.52 बजे चिचाकी स्टेषन पहुंचकर 22.54 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

6. गाड़ी संख्या 13308 फिरोजपुर-धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस 03.04 बजे चिचाकी स्टेषन पहुंचकर 03.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।


**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**Very Short Term e-Procurement Notice**
**Date –10-02-2024**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/17/ 2023-24 | Day to Day Maintenance and mechanized cleaning of main building floor corridor stair W.C. outside of the building Secretary residence Gate No. 1 to 5 Guru Govind Singh Pond and BirsaMandap at Rajbhawan Ranchi (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 8504500.00 | 12 Month |
| 2 | Date of Publication of Tender of Website | | 17-02-2024 at 3.00 PM | |
| 3 | Start Date of Submission of Bids | | 17-02-2024 at 3.30 PM | |
| 4 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 25-02-2024 at 02.00 PM | |
| 5 | Date/Time of Opening of Bid | | 26-02-2024 at 03.00 PM | |
| 6 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 7 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 8 | Note : - Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

**Executive Engineer**
**Building Construction Department**
**Building Division No. 1, Ranchi**

PR.NO.318693 Building(23-24):D



**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची**
**E-mail id – csofficeranchi@yahoo.com**

**Tender No. : 541 Date 10-2-24**
**अति अल्पकालीन निविदा**

सदर अस्पताल, रॉची के लिए विभिन्न विभाग के लिए ए–स्केन, उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियॅा के क्रय हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/फर्म से दिनांक **22.2.2024 के अपराह्न 5.00 बजे** तक निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा से तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि www.sadarhospital.com पर दिनांक 13.2.2024 से देखा जा सकता है। निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्वि पत्र www.sadarhospital.com पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

**असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉची**

PR 318666 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गुमला**
**E-Mail – nrepgumla@gmail.com**

**अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या – 21/2023-24**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला। |
| 2. | निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 19.02.2024 को 03.00 बजे अपराहन तक। |
| 3. | निविदा खोलने की तिथि | :– | दिनांक 19.02.2024 को 03.30 बजे अपराहन में। |
| 4. | परिमाण प्राप्त करने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में। |
| 5. | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला में। |
| 6. | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में। |
| 7. | कार्य मद | :– | पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग। |
| 8. | कार्यो का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गुमला | Repair of Drain with slab (outer Side) at Albert Ekka Stadium, Campus, Gumla. | 2316900.00 | 46500.00 | 5000.00 | 30.06.2024 तक |
| 2 | गुमला | Construction of Drain with slab (Inside of track) at Albert Ekka Stadium, Campus, Gumla. | 2483300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 30.06.2024 तक |
| 3 | गुमला | Earth filling and land leveling at Albert Ekka Stadium play ground, Gumla. | 2290100.00 | 46000.00 | 5000.00 | 30.06.2024 तक |

**निविदा की शर्तेः–**

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक का बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. निविदादाता को संबंधित कार्य के क्षेत्रों में अनुभव होना आवश्यक होगा।
3. निविदादाता विभिन्न स्थलों जहाँ पर समान कार्य हुआ हो अथवा निविदादाता द्वारा कार्य किया गया हो उसे स्थल का भौतिक निरीक्षण करते हुए PPT के माध्यम से दिखाना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट् एवं जिले के बेवसाईट www.gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गुमला**

PR 318740 NREP(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**
**Email-eedwsd.gumla@gmail.com**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**
**द्वितीय आमंत्रण**

**निविदा सूचना संख्या : 15** **दिनांक –: 12.02.2024**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work:- Construction of 125 x 115 mm dia and 70m/90m/120m mtrs. deep drilled Tube-Well with installation of India Mark II (IS 15500 part - 2/2004) hand pump, 32 mm dia G.I. medium class Riser Pipe by Truck Mounted D.T.H Rig machine/ D.T.H. Rig Machine with 125 mm dia blue casing UPVC Pipe with drain, Platform etc. on “Turn Key Basis” in different rural habitations of Gumla District under D. W. & S. Division, Gumla for the Year 2023-24. | | | | |
| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड न0 की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| GML/EDDT/120M – Gr.05 | 65 | 84,46,756.00 | 1,69,000.00 | 10,000.00 | 120 Days |
| 2 | Name of Work:- Construction of 300 x 115 mm dia and 60m deep (Av.) Gravel Packed drilled Tube-Well with installation of India Mark II (IS 15500 part - 2/2004) hand pump, 32 mm dia G.I. medium class Riser Pipe by Truck Mounted Mechanical/ Hydraulic Reverse Rotary with mud pump Rig machine with 125 mm dia blue casing UPVC Pipe with drain, Platform etc. on “Turn Key Basis” in different rural habitations of Gumla District under D. W. & S. Division, Gumla for the Year 2023-24. | | | | |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 13.02.2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 19.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 19.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 20.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् | | | |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला। | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम ;- ई0 मंतोष कुमार मणि, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला। | | | | |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 7488491963 | | | |
| 10 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 7488491963 | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला**

PR 318769 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

# केंद्रीय सचिव अरविंद यादव के नेतृत्व में आजसू पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

**चुनाव जीतने के लिये सभी 26 ग्राम में पीलर मेंबर होना आवश्यक : डॉ. देवशरण भगत**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड के पचागाई स्थित सीबीएन पब्लिक स्कूल परिसर मे 12 जनवरी सोमवार को आजसू पार्टी की कार्यकर्ता सम्मेलन कैरो प्रखंड के प्रभारी एवं केंद्रीय सचिव अरविंद यादव के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी हसन अंसारी लोहरदगा विधानसभा संगठन के प्रभारी एवं हटिया विधानसभा प्रभारी भरत काशी झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी केंद्रीय महासचिव एवं विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत मुख्य रूप से उपस्थित रही आज की इस कार्यकर्ता सम्मेलन एवं पिलर मेंबर पर विशेष चर्चा किया गया कैरो प्रखंड के 6 पंचायत एवं 26 राजस्व ग्राम में एक महिला एवं एक पुरुष पिलर मेंबर के रूप में बनाने का निर्णय लिया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधन करते हुए आदरणीय झारखंड आंदोलनकारी के चिन्हीतिकरण के पूर्व सदस्य डॉ देवशरण भगत ने पिलर मेंबर चुला प्रमुख एवं कैसे चुनाव जीत सके इस पर कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ अपनी एकता अखंडता को दिखाते हुए आने विधानसभा चुनाव 2024 को फतह करने की जोश भरे। जिला प्रभारी हसन अंसारी कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय स्थापित करके भविष्य के कार्यक्रम करने की नसीहत दी । खिजरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पारस उराँव ने भी सभा को संबोधित किया। लोहरदगा विधानसभा के प्रत्याशी नीरू शांति भगत सभा को संबोधित करते हुए कई कि हमारे लोकप्रिय विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जिस तरह से आज गांव गांव घर-घर में बसे हुए हैं आज उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए हम सभी लोग संगठित एकत्रित होकर उनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए तन मन से काम करेंगे। अंजू देवी ने भी सभा को संबोधित किया कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ओम भारती, लोहरदगा नगर के अध्यक्ष अशोक साहू, जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, कुड़ू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, जिला विजय उरांव, साजिद कलाल,जिंगी मुखिया दिलीप उरांव, बिहारी साहू, मुखिया अवध साहू, संजय साहू, सुजीत सिंह, परमानंद साहू, रमेश रविदास, बलराम साहू, संग्राम यादव, मुरारी साहू, पन्ना भगत, संजय महतो, कृष्णा साहू, मनौवर खान, परमानंद साहू, गुजरू यादव, बहादुर उरांव इत्यादि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह वेदी विसर्जन पुस्पांजलि व शांति जलग्रहण के साथ हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहर के पुराना शुकबाजार अजय पार्क के समीप नवनिर्मित सिद्धि विनायक हनुमान मंदिर में हनुमानजी व विश्वकर्मा भगवान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चौथे दिन सोमवार को वेदी विसर्जन, पुस्पांजलि व शांति जलग्रहण के साथ समाप्ति की गयी। पुरोहित जयशंकर मिश्र ने यजमान सरोज प्रजापति पत्नी सरिता देवी, दीपक अग्रवाल पत्नी पिंकी अग्रवाल, महेन्द्र प्रजापति पत्नी यशोदा देवी, विनय शर्मा पत्नी जयंती देवी व रविशंकर शर्मा पत्नी नीलम शर्मा के साथ विधिवत पूजन आरती कराया तत्पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर पुरोहित जयशंकर मिश्र ने कहा कि परमात्मा की भक्ति से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। अतः हर मनुष्य को अपने जीवन काल में यज्ञ तप और अच्छे कर्म करना चाहिए। इधर भक्तों में खासा उत्साह देखा गया साथ ही जमकर आतिशबाजी व झुमते नजर आये। वहीं दुसरी और सोमवार को भी महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन होता रहा। मंदिर समिति के अध्यक्ष सरोज प्रजापति, सचिव कुलदीप गुप्ता,कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने बताया कि 13 फरवरी संध्या को धनबाद रांची की टीम द्वारा भजन जागरण कार्यक्रम नगर भवन में होगा।

## कड़ी सुरक्षा के बीच 778 परीक्षार्थियों ने दिया मैट्रिक परीक्षा 09 रहे अनुपस्थित



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न हुई। छठे दिन सोमवार को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 789 परीक्षार्थियों में 778 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया। तथा 11 अनुपस्थित रहे। दंडाधिकारी द्वारा सघन जाँच कर छात्र छात्राओं को परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराया गया। झारखण्ड अविविद परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वही नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में 474 उपस्थित व 04 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 306 उपस्थित व 05 अनुपस्थित रहे। वही परीक्षा केंद्र का निरीक्षण उड़नदस्ता टीम के जिला भू अर्जन पदाधिकारी जया ज्योति सामंता द्वारा किया गया। मौके पर दंडाधिकारी के रूप में प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह, बीपीओ निलेन्द्र कुमार तथा एस आई शशिकांत कुमार, ए एस आई राजेश राम लोहरा दल बल के साथ के मौजूद रहे।

## अपना बूथ सबसे मजबूत की तर्ज पर कार्यकर्ता करें कार्य : अमरेश भारती



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल का बूथ चलो अभियान की शुरुआत करते हुए बूथ सं 279 में प्रवासी श्री राजेश महतो की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया। बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष श्री अमरेश भारती उपस्थित हुए। बैठक में बूथ चलो अभियान का उद्देश्य पर चर्चा करते हुए श्री राजेश ने कहा कि बूथ को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। जिनका उम्र 18 वर्ष हो रहा है उसका नाम वोटर लिस्ट में अवश्य चढ़ाना होगा जिससे नए वोटरों का उत्साह बढ़ेगा। नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को भरी मतों से जिताने के लिए अथक प्रयास करना होगा। जिससे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी तीसरे कार्यकाल के लिय सशक्त प्रधानमंत्री बन कर देश को विश्व गुरु बनाकर दुनिया के सामने स्थापित कर सकें। जिस प्रकार श्री नरेन्द्र मोदी जी देश का निःस्वार्थ सेवा कर गरीबी मिटा रहे हैं, विश्व उसका साक्षी बन रहा है। इसलिए अपना बहुमूल्य वोट देकर इनके हाथों को मजबूत करना होगा। इसके लिए अपना बूथ सबसे मजबूत के तर्ज पर कार्य करना होगा। प्रदीप खत्री ने धन्यवाद ज्ञापित कर सभा समाप्त करने की घोषणा किया। बैठक में प्रदीप खत्री, दीपक साहु, ज्ञानेश गुप्ता, राजू महतो, कमलेश कुमार अरविंद खत्री, सुरेश साहू, मिथलेश प्रसाद, लोकेश वर्मा, विक्रम दास, अनुप महतो आदि उपस्थित हुए।

# आदिवासी मूलवासी को दबाने और कुचलने का काम करती है राष्ट्रीय पार्टियां : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कांग्रेस और झामुमो की सरकार ने भाजपा से पैसा लेकर आदिवासियों के जल जंगल और जमीन को बेचने का काम किया है। राष्ट्रीय पार्टियों ने हमेशा आदिवासियों को दबाने और कुचलने का काम किया है। धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाकर अपनी स्वार्थ सिद्ध का काम करते हैं राष्ट्रीय पार्टी। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का को सोमवार को लंबोई बाजार टांड़ में आयोजित नगाड़ा पीटावन रैली को संबोधित कर रहे थे। एनोस एक्का ने पूरे संबोधन में कांग्रेस और भाजपा को निशाने में रखा। एनोस ने कहा कि झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है और हमेशा आदिवासी मूल वासी के जल, जंगल और जमीन के लड़ाई लड़ी है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों की पहचान को बेचने को काम किया है, झारखंड पार्टी के नेताओं को कुचलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा से लेकर एनोस एक्का तक सभी को कांग्रेस और भाजपा ने दबाने का काम किया है। उन्हें स्थानीय कांग्रेस के विधायक पर भाजपा के हाथ बिक जाने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के विधायक ने आदिवासियों की भावनाओं का सौदा किया है, जमीन को बेचने का काम किया है। एनोस ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में क्षेत्र की जनता हर तरह की समस्या से परेशान है। लोगों को ना तो पीने के लिए शुद्ध जल मिल रहा है, ना ही रहने के लिए घर, ना ही आने जाने के लिए अच्छी सड़क और न ही इलाज के लिए अस्पताल ना ही अच्छा स्कूल और कॉलेज मिल रहा है। युवा रोजगार के लिए पलायन करने को विवश है।उन्होंने उपस्थित लोगों से एनोस के कार्यकाल और स्थानीय विधायक के कार्यकाल की तुलना करने की बात कही।

# लैंगिक संवेदनशीलता पर उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट)चीरी द्वारा आज कस्तूरबा गॉधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा, लोहरदगा में छात्राओं एवं शिक्षिकाओं के लिए लैंगिक सेवेदनशीलता पर उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन डायट के संकाय सदस्यों एवं पिरामल फांउडेशन के रिसोर्स पर्सन द्वारा आयोजित किया गया। इस विद्यालय का चयन विशेष रूप से अध्ययनरत् बालिकाओं की लैंगिक संवेदन शीलता पर समझ बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से वैज्ञानिक दृष्टिकोण में लैंगिक जागरुकता, सामाजिक रूप से लैंगिक पहलू, छात्राओं के मनोभावों को बेझिकक साझा कराना था। कक्षा शिक्षण के दौरान किस प्रकार शिक्षक बच्चों के भावनात्मक मनोदशा के अनुरूप परिवर्तन लाते हुए इस विषय पर बदलाव ला सकते हैं, इस पर केन्द्रित किया गया। बच्चों में इस विषयों पर गतिविधि आधारित क्रियाकलाप भी कराए गए। बच्चे इस कार्यक्रम से काफी उत्साहित एव ऊर्जावन महसूस कर रहे थे। शिक्षकों में भी इस कार्यक्रम से सकारात्मक बदलाव की उम्मीद है। डायट चीरी के प्राचार्य अभिषेक बड़ाईक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उक्त कार्यशाला में प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा, संकाय सदस्य रविशंकर कुमार,श्याम बिहारी महतो, विजय बैठा, महबूब आलम और ललिता कुमारी के अतिरिक्त पिरामल फाउंडेशन के प्रियंका कुमारी, सौम्या, वार्डेन पूनम कुमारी एवं शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## झारखंड एथेलेटिक्स एसोसिएन के प्रदेश उपाध्यक्ष बने सुखेर भगत, खेल प्रेमियों ने दी बधाई



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड निवासी सुखेर भगत को झारखंड एथेलेटिक्स एसोसिएन के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जानें पर खेल प्रेमियों ने बधाई दिया है। मौके पर सुखेर भगत ने कहा की प्रदेश में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का जो मौका मिला है उसको खिलाड़ी के भविष्य निखारने का प्रयास करूंगा और खास कर लोहरदगा जिला के खिलाड़ी आगे खेल में आगे बढ़ कर जिला का नाम रौशन करेगें। हाजी शकील अहमद ने कहा की राज्य स्तर पर आदिवासी को मौका मिलना अच्छी बात है निर्वाचन प्रक्रिया से बनाया गया है इस से पहले स्व रसीद खान थे पहला आदिवासी को मौका मिला है हम जिला वासी और खेल प्रेमी में हर्ष है। बधाई देने वाले में राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, मंत्री डा रामेश्वर उरांव, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, डा अजय सहदेव, हाजी शकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि नितीश जयसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, क्यूंम खान, जाहिद अहमद, अफसर कुरैशी, अनिल उरांव, अरविंद कुमार पाठक, हलेंद यादव, सोमनाथ मुंडा, रूस्तम अंसारी, अनिरुद्ध प्रजापति, आफताब आलम, नंदकिशोर शुक्ला, बाबर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, सगीर अंसारी, जोगेंद्र उरांव आदि शामिल है।

## अब बंधुआगिरी नहीं बल्कि जागरुकता का परिचय देगा तेली समाज : सुनील साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन लोहरदगा उत्तम कुमार साहू की अध्यक्षता में एक सामाजिक बैठक कुजरा में सम्पन्न हुई। मौके पर उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि जिस जाति समाज के लोग पहले जाति फिर पार्टी के तर्ज पर काम करते हैं,वह समाज शासन करने वालों की श्रेणी में होते हैं और शासकों का कभी शोषण नहीं होता। पूरे झारखण्ड प्रदेश में तेली समाज की संख्या अत्याधिक है अब तेली समाज भी पहले जाति फिर पार्टी के तर्ज पर चलकर बंधुआगिरी नहीं बल्कि जागरुकता का परिचय देगा और शासन करने वालों की श्रेणी में शामिल होगा। मौके पर युवा जिला अध्यक्ष आदित्य कुमार साहू ने कहा समाज को राजनीतिक में अवसर दे नहीं तो दलों को नुकसान हो सकता है। सर्वसम्मति से एक संयोजक मंडली का भी गठन किया गया जो निम्नगत हैं। अध्यक्ष बबलू कुमार साहू, महामंत्री शुभम कुमार, कोषाध्यक्ष प्रवीण साहू, सचिव अरुण साहू, महासचिव संदीप साहू, संगठन मंत्री बृजेश साहू, संरक्षक प्रकाश साहू, अजय कुमार साहू, उपाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद साहू, सदस्य अभिता देवी, रेखा देवी, कौशल्या देवी, सीमा देवी, अभिषेक कुमार, पारस साहू, आकाश, सोनू साहू, अमित साहू, शिवनारायण साहू, अंकित कुमार आदि मौजूद थे।

## अंजुमन इस्लामिया के सदर बने अब्दुल रऊफ अंसारी व सेक्रेटरी सैयद शाहिद अहमद बेलु

**➲लोहरदगा की गंगा जमुनी तहजीब को आगे बढ़ाने में अपनी महती भूमिका निभाऊंगा : रऊफ अंसारी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रऊफ अंसारी तो सेक्रेट्री सैयद शाहिद अहमद बेलु निर्वाचित हुए। सदर पद में के तीन प्रत्याशी रऊफ अंसारी, हाजी सज्जाद खान तथा सैयद खालिद शाह क्रमशः रऊफ अंसारी को 2149,सज्जाद खान को 1549, खालिद शाह 412 मत पड़ा जबकि सेक्रेट्री पद के लिए सैयद शाहिद अहमद बेलू निर्वाचित हुए। उन्हें कुल 1779,नेहाल कुरैशी को 1053, इरफान आलम को 742, एहसान खान को 454 तो तबरेज खान को मात्र 98 वोट से संतोष करना पड़ा। अंजुमन चुनाव में समाज के लगभग 6,500 मतदाताओं में से 4,292 मतदाताओं ने अपने मत दिए,वोट के नौ मतदान केंद्रों में लोकतांत्रिक तरीके से मतदान हुआ। जबकि वोटों की गिनती न्यू मदरसा बाबा दुखन शाह बड़ा तालाब स्तिथ देर रात घोषित किया गया। अंजुमन इस्लामिया के सदर पद पर निर्वाचित होने पर अब्दुल रऊफ अंसारी ने समाज के सभी लोगों को अपनी ओर से बहुत बहुत मुबारकबाद दिया। आप समाज के लोगों ने मुझ पर जो एतमाद कर सदर मुंतखीब किया मैं समाज के लोगों के हमेशा दुःख सुख में साथ निभाऊंगा। साथ लोहरदगा की गंगा जमुनी तहजीब को आगे बढ़ाने में अपनी महती भूमिका,आपसी सौहार्द का माहौल बनाने में सभी समुदाय से समन्वय बना कर चलूंगा। साथ जिला प्रशासन के साथ मिलकर सरकार की स्वास्थ, शिक्षा को आगे बढ़ाने में अंजुमन का पूरा सहयोग रहेगा।

## गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ केंद्रीय कमिटी के द्वारा मुख्यमंत्री झारखंड को दी गई बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ केंद्रीय कमिटी के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री झारखंड श्री चंपाई सोरेन जी को बधाई और शुभकामनाए दिया है। मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा झारखंड राज्य के होमगार्ड जवानों के पक्ष में सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय का न्यायादेश समान काम समान वेतन जल्द कैबिनेट से मंजूरी दे दी जाएगी, और ड्युटी सम्बन्धित समस्या का भी समाधान किया जायगा, जवानों की कल्याण भावना के लिए गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ और राज्य के 20000 जवान माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी का धन्यवाद आभार व्यक्त करते हैं, मौके में प्रदेष संगठन सचिव बिरसा भेंगरा प्रदेश कोषाध्यक्ष हरीराम सिंह प्रदेष सचिव शिवा बड़ाइक,,, जूनास खेस, मोती नाग इत्यादि संघ के पदाधिकारी और जवान उपस्थित रहें,, इसकी जानकारी गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ ईकाई सिमडेगा के जिलासंयोजक बिपिन पंकज मिंज,अध्यक्ष सुनील टेटे जी के द्वारा दी गई।

## अयोध्या जाने वाले श्रद्धालु 15 फरवरी तक कंचन ज्वेलर पर करें संपर्क : संजय बर्मन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम में रामलाल के दर्शन हेतु आस्था स्पेशल ट्रेन लोहरदगा जिले के लगभग 1300 राम भक्तों को लेकर मार्च के प्रथम सप्ताह में फूल मालाओं से सजधज कर रवाना होगी। यात्रा की जानकारी देते हुए भाजपा कार्यकर्ता संजय बर्म्मन ने बताया कि दशरथ, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, जटायु, नील, अंगद, शबरी, महर्षि भारद्वाज, जनक, वाल्मीकि, सुग्रीव आदि 20 कोच इनके नाम से रखे गए हैं तथा अयोध्या पहुंचने पर स्टेशन से बसो के द्वारा 80 एकड़ में बने मिथिला, आंजनरी, प्रयाग, चित्रकूट, वाल्मीकि विशिष्ट, पंचवटी नाम के टेंट सिटी में दर्शनार्थी रहेंगे, जहां भारत के चार हिस्सों के कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने की व्यवस्था व जिस जोन के श्रद्धालु होंगे उनके अनुरूप भोजन की भी व्यवस्था रहेगी। साथ ही साथ सुगमता पूर्वक दर्शन करने की पुरी व्यवस्था बनाई गई है। ट्रेन तथा वहां रहने के दौरान भोजन,स्टेशन से बस द्वारा टेंट सिटी आने-जाने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने की निशुल्क व्यवस्था की गई है। श्री बर्मन ने यह भी जानकारी दी कि जाने को इच्छुक श्रद्धालु प्रति व्यक्ति ट्रेन का किराया 1,300 के साथ अपना आधार कार्ड की छाया प्रति व दो मोबाइल नंबर 15 फरवरी तक गुदरी बाजार स्थित कंचन ज्वेलर्स में जमा कर सकते हैं। साथ ही श्री बर्मन ने कहा कि आप अपने साथ चादर, तकिया वह निजी उपयोग में आने वाली चीजों को ले जाना अनिवार्य होगा।

**क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता : सुखदेव भगत**

# सुखदेव भगत भंडरा प्रखंड के कई गांवों का दौरा कर वहां के ग्रामीणों से हुए रुबरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सह लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत भंडरा प्रखंड के ग्राम डुमरी, पलमी, सेमरा इत्यादि गांव का दौरा कर वहां के कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों से रूबरू हुए। श्री भगत के इन गांव में पहुंचने पर वहां के ग्रामीणों द्वारा उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। मौके पर ग्रामीणों ने अबुवा आवास, पेयजल, सड़क, बैंक की समस्या, वृद्धावस्था पेंशन जैसी अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निदान करने की मांग किये। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है। झारखंड की सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है। केंद्र सरकार ने दो वर्षो से झारखंड के लोगों को प्रधानमंत्री आवास नहीं दे रही थी इसलिए जनहित में राज्य की सरकार ने अबुवा आवास देने का निर्णय लेते हुए इसे देने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया है। लोहरदगा में भी जल्द यहां के लोगों को अबुवा आवास दिया जाएगा। श्री भगत ने कहा कि जनहित में राज्य सरकार ने एक और बेहतर निर्णय लिया है जिसके तहत अब राज्य के सभी महिलाएं एवं एसटी, एससी पुरुष जिनका उम्र 50 वर्ष हो गया है उन्हें भी पेंशन दिया जाएगा। राज्य के लोगों को राज्य सरकार अब 125 यूनिट बिजली मुफ्त में देगी। श्री भगत ने कहा कि भंडरा प्रखंड के ग्रामीणों का शिकायत है कि बैंकों में उनका काम समय से नहीं होता है जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी होता है। ग्रामीणों की समस्याओं के निधन हेतु वे शीघ्र बैंक जाएंगे और लाभुकों को हो रही परेशानियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान श्री भगत ने समस्याओं के निदान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**राजनीतिक अवसरवाद का पयार्य बना गया है झारखण्ड : मिशन बदलाव**


## मिशन बदलाव गुमला के कार्यकारी नगराध्यक्ष सूरज कुमार और सिमडेगा जिला अध्यक्ष प्रोफेसर सुभाष सामंत, आदिवासी मोर्चा जिला अध्यक्ष बने संतोष जोजो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** मिशन बदलाव का वनभोज सह सवांद कार्यक्रम कोलेबिरा डैम स्थिति आयोजन किया गया। जिमसें मिशन बदलाव के गुमला सिमड़ेगा, खुंटी, राँची के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने कहा कि हमारे झारखंड की व्यस्था भगवान भरोसे चल रहा है और हमारे मुलभूत समस्याएं और मुद्दे से किसी भी राजनीतिक दलों को कोई लेना देना नही है और उनके नेतृत्व को समझना बहुत मुश्किल है की कौन नेता अपने निजी स्वार्थों के लिये कब किस दल में शामिल हो जाए,मिशन बदलाव राँची सदस्य और अधिवक्ता उच्च न्यायालय राँची के भास्कर महतो और राज कुमार ने कहा आज हम लोग देखते है कि पूर्व मुख्यमंत्री से लेकर पूर्व मंत्री और नौकरशाह सेटिंग वेटिंग और अन्य भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जा रहे है लेकिन युवाओं और हमारे राज्यों के मूलभूत समस्याओं का समाधान के लिये भी ईमानदारी पुर्वक प्रयास नहीं किया जा रहा है। संवाद कार्यक्रम के उद्देश्यों को खूंटी जिला प्रमुख जयमंगल गुड़िया ने मिशन बदलाव के उद्देश्यों को विस्तृत पुर्वक बताया और कहा कि आज पूरे राज्य के युवा ठगे महसूस कर रहे है और हमारे संगठन के युवाओं के द्वारा सकारात्मक कोशिश कर गावं एवं जिला को सशक्त बनाया जा रहा है,प्रदीप गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय मे हमारी युवाओं की टीम इतिहास रचने का कार्य करेंगी।मिशन बदलाव गुमला महिला जिला अध्यक्ष सैयदा खातुन और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने बताया कि हमारी टीम में समाज के सभी लोंगो की सहभागिता है और सभी कोई मिलकर समाज की कुरीतियों को दूर करने का कार्य कर रहे है। मिशन बादलाव सिमड़ेगा महिला जिला अध्यक्ष जयंती देवी ने सिमड़ेगा में होने वाले कार्यो को लेकर रणनीति बनाकर धरातल में उतरने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिशन बदलाव केंद्रीय कमिटि सदस्य सुभाष सामंत ने किया।

## जेवियर उत्सव का दूसरा दिन नुक्कड़ के माध्यम से किया गया जागरूक



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत ज़ेवियर कॉलेज सिमडेगा में ज़ेवियर उत्सव का दूसरा दिन जिसमें की नुक्कड़ नाटक एवम् अन्य प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें की नाटक के माध्यम से डायन प्रथा के बारे में जागरूक किया गया तथा आज कल मोबाइल का उपयोग बच्चो के द्वारा बहुत ही ज़्यादा किया जा रहा है इसी को देखते हुए नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। इस उत्सव में जीतने भी प्रतिभागी भाग लिये थे उनमें से जो भी विद्यार्थी सफल हुए है उन्हें कॉलेज के द्वारा सम्मानित किया जाएगा पहला दिन जितने भी प्रतिभागी भाग लिए थे।

